जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित
www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-244 ▶ मुंबई, बुधवार, 2 अप्रैल 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4




मुंबई इंडियंस ने तोड़ा आईपीएल का महारिकॉर्ड
पेज 11


ETAR
Vision of india
BEST QUALITY MOBILE ACCESSORIES
ET-R36
EARPHONE
AIR-LUXE
Royal Series Battery
FOR INQUIRY CALL +91 99677 73129
follow us etar_india / www.etarindia.com

MULTIFAB LED Lighting Solutions
DHANLAXMI MALI PRODUCT
Survey No.177,Isand Road, Chhatral, Ta- Kalol, Dist.Gandhinagar, Gujarat- 382 729
+91 97874 10141
+91 84518 31691
Customer Care No.: +91 99094 10141
www.multtifabled.co.in


‘वक्फ बिल’

# आज संसद में संग्राम



नई दिल्ली। लोकसभा की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक मंगलवार को हुई। जिसके बाद सरकार की तरफ से कहा गया कि हम बुधवार को वक्फ अमेंडमेंट बिल ला रहे हैं। इस बिल पर चर्चा के लिए दो अप्रेल को लोकसभा में आठ घंटे का समय तय किया गया है। इस चर्चा के साथ ही विपक्ष के सदस्य वॉक आउट कर गए, जबकि स्पीकर की तरफ से कहा गया कि अगर हाउस का सेंस रहा तो इस बिल पर चर्चा का टाइम बढ़ाया भी जा सकता है। कांग्रेस इस मुद्दे पर 12 घंटे की चर्चा चाहती थी। सरकार बुधवार को ही वक्फ बिल पर चर्चा कर जवाब देगी और लोकसभा में बिल पास करवाएगी। सरकार की तरफ से कहा गया है कि कैथोलिक चर्च ने इस बिल का सपोर्ट किया है, जो खुशी की बात है। इस बिल को लोकसभा से पास कराके राज्य सभा में भेजा जाएगा। ये सत्र चार तारीख तक का ही है। अगर जरूरत पड़ी तो सत्र बढ़ाया भी जा सकता है।

### कांग्रेस ने बुलाई विपक्ष की बैठक

एक अप्रेल को राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने वक्फ बिल पर चर्चा कर की। केरल में मुस्लिमों ने कई ईसाई संपत्तियों को अपनी वक्फ संपत्ति बताया है। कैथोलिक संगठनों ने वक्फ विधेयक का समर्थन करते हुए विज्ञप्ति जारी की है।

### मुसलमानों को किया जा रहा गुमराह : बीजेपी

भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बिल को लेकर मुसलमान समाज को गुमराह किया जा रहा है। जैसे सीएए के समय मुसलमानों को भड़का कर शाहीन बाग कराया गया था। इस बिल से मुसलमान का हित होगा, जिन लोगों ने जमीन कब्जा किया, उनका कब्जा खत्म होगा।

### केंद्र ने माने नीतीश के सुझाव

बिहार के सीएम नीतीश कुमार की पार्टी ने भी कुछ संशोधन दिए थे, उन्हें बदला गया है। इतना ही नहीं, मौजूदा पुरानी मस्जिदों, दरगाह या अन्य मुस्लिम धार्मिक स्थानों से छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। एक और बड़ा बदलाव ये किया गया है कि कानून पुरानी तारीख से लागू नहीं होगा। यह जेडीयू का एक बड़ा सुझाव था, जिसे माना गया है। दूसरा सुझाव है कि नया कानून पूर्व प्रभावी लागू नहीं होगा, बशर्ते कि वक्फ संपत्ति पंजीकृत हो। मतलब जो वक्फ संपत्तियां रजिस्टर्ड हैं, उन पर असर नहीं पड़ेगा लेकिन कोई विवादित या सरकारी संपत्ति है, जो रजिस्टर्ड नहीं है, उसके भविष्य का फैसला वक्फ बिल में तय मानकों के हिसाब से होगा। तीसरा सुझाव है कि अगर कोई वक्फ संपत्ति सरकारी जमीन पर है तो उसका फैसला भी बिल के मुताबिक होगा। अब जेडीयू भी संसद में खुलकर सरकार के समर्थन में वोट करती नजर आएगी।

### संख्या बल से दबाया, तो कोर्ट जाएंगे : कांग्रेस

कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू, चिराग पासवान, जयंत चौधरी समझ लें कि बिल पास हुआ तो मुसलमान उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। छह सौ की किट से मोहब्बत नहीं होती संख्या बल से हमें दबाया गया तो हम कोर्ट जाएंगे।

### आठ घंटे की चर्चा के बाद मतदान

कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में विपक्ष ने विधेयक पर चर्चा के लिए 12 घंटे का समय मांगा, जबकि सरकार ने कहा कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की निंदा करने वाले वैधानिक प्रस्ताव पर चर्चा कराई जाएगी। इसलिए वक्फ विधेयक के लिए आठ घंटे से अधिक समय नहीं दिया जा सकता।

### टीडीपी का बिल को समर्थन

एनडीए की अहम सहयोगी दल तेलुगूदेशम पार्टी ने भी सरकार का साथ देते हुए बिल का समर्थन करने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू पहले ही कह चुके हैं कि हम मुस्लिम समुदाय के हितों के लिए काम करेंगे। साथ ही कहा कि विधेयक पेश किए जाने के बाद ही इस पर कोई टिप्पणी की जा सकेगी।

# गुजरात : 17 लोगों की जलकर मौत



- बनासकांठा की पटाखा फैक्ट्री में आगजनी
- फैक्ट्री मालिक दीपक खूबचंद्र सिंधी फरार

**बनासकांठा।** गुजरात के बनासकांठा के डीसा जीआईडीसी में पटाखा गोदाम में आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि इसमें 17 लोगों की जलकर मौत हो गई है। जिला कलेक्टर माहिर पटेल मौके पर पहुंचे। खबर आ रही है कि फैक्ट्री मालिक दीपक खूबचंद्र सिंधी अभी फरार हैं। हालांकि आग लगने का कारण अभी तक सामने नहीं आया है। फैक्ट्री का नाम दीपक ट्रेडर्स हैं, कंपनी में पटाखे बनाने का काम होता था। फिलहाल मौके से मलबा हटाने का काम जारी है। वहीं, एसडीआरएफ की टीम पहुंची और गोदाम से शवों को निकालना शुरू किया। अंदाजा लगाया जा रहा कि आग संभवतः जल तापन बॉयलर विस्फोट के कारण लगी है। आग लगने की सूचना पाकर फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। कई मजदूर अभी घायल बताए जा रहे हैं, जिनका इलाज नजदीकी अस्पताल में हो रहा है। आग लगने के कारण फैक्ट्री का स्लैब भी टूटकर गिर गया, जिसके कारण बचाव काम में बाधा पैदा हो गई और थोड़ी देर के लिए घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। डीसा तालुका पुलिस सहित प्रशासनिक कर्मियों की एक टीम घटनास्थल पर है।

### मृतकों में सर्वाधिक मध्यप्रदेश के

एमपी के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से मध्यप्रदेश निवासी श्रमिकों के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार का गुजरात सरकार से घटना के संबंध में लगातार संपर्क बना हुआ है। श्रमिकों की सहायता और परिवारों की मदद के लिए सभी आवश्यक प्रयास होंगे।

भारत यात्रा पर चिली के राष्ट्रपति

# हैदराबाद हाउस में मिले मोदी-गेब्रियल बोरिक



- 16 साल बाद गैब्रियल बोरिक का भारत दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट से मंगलवार को मुलाकात की। चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर आए हुए हैं। राष्ट्रपति गेब्रियल के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है, जिसमें मंत्री, संसद सदस्य, व्यापार संघ और भारत-चिली सांस्कृतिक संबंधों से जुड़े प्रमुख लोग शामिल हैं। 16 साल बाद किसी भी राष्ट्रपति के रूप में बोरिक की यह पहली भारत यात्रा है। राष्ट्रपति बोरिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भारत-चिली संबंधों के पहलुओं पर चर्चा की है।

चिली को लैटिन अमेरिका में भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार बताते हुए मोदी ने कहा कि भारत इस देश को अंटार्कटिका के प्रवेश द्वार के रूप में देखता है। भारत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, नवीकरणीय ऊर्जा, रेलवे, अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में चिली के साथ अपने सकारात्मक अनुभव साझा करने के लिए तैयार है। पीएम मोदी से पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दिल्ली में चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक से मुलाकात की थी।

### चिली में लिथियम का भंडार

चिली में दुनिया का सबसे बड़ा लिथियम भंडार है। चिली लिथियम उत्पादन का 80 फीसद सिर्फ चीन को निर्यात करता है। भारत के साथ चिली के बढ़ते संबंधों के बाद हालात बदल भी सकते हैं।

# जिनपिंग ने भारत की ओर बढ़ाया दोस्ती का हाथ

## कहा : ड्रैगन-हाथी टैंगो के रूप में मजबूत हों रिश्ते



**बीजींग।** चीन ने एक बार फिर भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार को कहा कि चीन और भारत को और अधिक निकटता से मिलकर काम करना चाहिए। दोनों देशों रिश्ते को ड्रैगन-हाथी टैंगो का रूप लेना चाहिए। यह हमारे प्रतीकात्मक जानवरों के बीच नृत्य है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चीन-भारत के राजनयिक संबंधों की शुरुआत की 75वीं वर्षगांठ पर बधाई संदेश में चीनी राष्ट्रपति ने यह बात कही। इस मौके पर राष्ट्रपति मुर्मू ने भी चीनी राष्ट्रपति को बधाई दी।

शी जिनपिंग ने कहा कि पड़ोसियों को शांतिपूर्ण ढंग से सह-अस्तित्व के तरीके ढूंढने चाहिए। वह प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मामलों में संचार और समन्वय को बढ़ाने, सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त रूप से शांति की रक्षा करने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बधाई संदेशों का आदान-प्रदान किया।

### पिछले साल सुधरे दोनों देशों के रिश्ते

भारत और चीन ने पिछले साल बातचीत के बाद एक समझौते के तहत पूर्वी लद्दाख के अंतिम दो टकराव बिंदुओं, देपसांग और डेमचोक से सैनिकों की वापसी सुनिश्चित की। जिससे पिछले चार साल से अधिक समय से दोनों देशों के बीच चल रहा तनाव बहुत हद तक कम हो गया। समझौते को अंतिम रूप देने के बाद मोदी और शी ने 23 अक्तूबर को कजान में वार्ता की। बैठक में दोनों पक्षों ने विभिन्न स्तरों पर बातचीत फिर से शुरू करने का निर्णय लिया।

### दोनों देशों के बीच सकारात्मक वार्ता

बता दें कि विगत 25 मार्च को भारत और चीन के कूटनीतिक अधिकारियों ने आपसी संबंधों को बेहतर बनाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने पर विचार-विमर्श किया। यह बैठक दोनों देशों के लिए एक महत्वपूर्ण मौका थी, जिसमें एलएसी पर तनाव को कम करने और भविष्य में ऐसे वार्तालापों को और मजबूत करने पर चर्चा की गई।


NICE™ INSURANCE LANDMARK
विशेष सूचना !
एलआईसी के इतिहास का नंबर 1 प्लान 'जीवन श्री'में निवेश करने वाले सभी पॉलिसी होल्डर्स की मैच्योरिटी यानी पॉलिसी खत्म होने का समय आ गया है। लेकिन, इसकी जानकारी बहुत सारे ग्राहकों को नहीं है, जिन्होंने पॉलिसी बैंक द्वारा ली या ऐसे एजेंट द्वारा जिन्होंने काम बंद कर दिया। अब चिंता छोड़िए, आप अपनी सभी पॉलिसी हमारी कंपनी नाइस इंश्योरेंस लैंडमार्क द्वारा फ्री में चेक करा सकते हैं, हम आपको पोर्टफोलियो एवं नई जानकारी देंगे।
★ मेडीक्लेम केशलेस
★ ज्वेलर्स इंश्योरंस
★ लाईफ इंश्योरंस
★ म्युचल फंड
41 साल का भरोसा
300 से अधिक एवार्ड विजेता
गणपत डागलिया Gold Medalist T.O.T - U.S.A
चिराग डागलिया M.B.A & Harvard Cert. T.O.T - U.S.A
9869050031 / 9869230444
www.niceinsure.com


## न्यूज BRIEF

### जीएसटी कलेक्शन 1.96 लाख करोड़ पार

**नई दिल्ली।** एक अप्रेल से नए वित्त वर्ष की शुरुआत हो गई है। मार्च में जीएसटी कलेक्शन 9.9 प्रतिशत बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा, जबकि पिछले महीने यह 1.84 लाख करोड़ रुपए था। मार्च लगातार 13वां महीना रहा, जिसमें जीएसटी कलेक्शन 1.7 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा। इस तिमाही में जीएसटी संग्रह 5.8 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10.4 प्रतिशत अधिक है।

### जेईई मेन सेशन-2 की परीक्षाएं आज से

**नई दिल्ली।** जेईई मेन सेशन 2 की परीक्षाएं दो अप्रेल से शुरू हो रही हैं। शेड्यूल के अनुसार जेईई मेन सेशन 2 की पेपर-1 परीक्षाएं (बीई/बीटेक) दो, तीन, चार, सात,आठ अप्रेल को आयोजित की जाएगी। पेपर 2ए (बी. आर्क) और 2बी (बी प्लानिंग) की परीक्षा नौ अप्रेल को आयोजित की जाएगी।

### नोएडा में भीषण आग, 100 का रेस्क्यू

**नोएडा।** यूपी के नोएडा के सेक्टर-18 स्थित कृष्णा अपरा प्लाजा में मंगलवार को भीषण आग लग गई। हादसे की सूचना मिलते ही तत्काल दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बचाव टीम ने सौ से ज्यादा लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। आग की वजह ग्राउंड फ्लोर पर लगे एसी में ब्लास्ट था।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का ऐलान

# ‘सीएम राइज स्कूल’ का नाम अब ‘संदीपनी विद्यालय’

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंगलवार को घोषणा की कि राज्य में ‘सीएम राइज स्कूलों’ का नाम अब ‘संदीपनी विद्यालय’ होगा। यह नाम हिंदू पौराणिक कथाओं के संदीपनी आश्रम से प्रेरित है। सीएम मोहन यादव भोपाल में एक शैक्षणिक संस्थान में ‘स्कूल चलें हम’ अभियान के तहत राज्य भर के सरकारी स्कूलों में प्रवेश शुरू करने के लिए राज्य स्तरीय ‘प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2025’ को संबोधित कर रहे थे। सीएम मोहन यादव ने कहा, ‘भगवान कृष्ण ने संदीपनी आश्रम में शिक्षा प्राप्त की थी। इसलिए, ‘सीएम राइज स्कूलों’ का नाम संदीपनी के नाम पर होना चाहिए। अब राज्यभर में इन स्कूलों का नाम आचार्य संदीपनी के नाम पर रखा जाएगा और इन्हें संदीपनी विद्यालय कहा जाएगा।’ भगवान कृष्ण ने कंस के कुशासन का अंत किया और शिक्षा के महत्व का प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे खुद सरकारी स्कूलों में पढ़े हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे कलाम जिन्हें ‘भारत के मिसाइल मैन’ के रूप में जाना जाता था, पूर्व राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री सहित कई महान हस्तियों ने भी सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की है। सीएम यादव ने कहा कि सरकार छात्रों को कोचिंग, स्कूली वर्दी, लैपटॉप, साइकिल और स्कूटर मुहैया करा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य शिक्षा के क्षेत्र में विकास कर रहा है। इससे पहले यादव ने स्कूल में लड़कियों का स्वागत किया और केजी-2 कक्षा में उनके प्रवेश की औपचारिकताएं पूरी कीं और उन्हें उपहार दिए। मुख्यमंत्री ने स्कूलों में प्रवेश के लिए राज्य शिक्षा विभाग के एक पोर्टल का भी शुभारंभ किया।



▶▶ संदीपनी आश्रम में भगवान कृष्ण ने पाई थी शिक्षा

जस्टिस वर्मा कैश कांड

# सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस से पूछे तीन सवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर में कैश कांड का रहस्य बरकरार है। जस्टिस यशवंत वर्मा के घर लगी रहस्यमयी आग और कथित नोटों के जलने को लेकर जांच जारी है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने जज यशवंत वर्मा से सीधे तौर पर तीन सवालों के जवाब तलब किए हैं। पहला सवाल था कि जस्टिस वर्मा के घर में स्थित कमरे में मौजूद धन/कैश की उपस्थिति का हिसाब वह कैसे देते हैं? दूसरा सवाल था कि उक्त कमरे में पाए गए कैश का सोर्स बताएं? तीसरा अहम सवाल था कि वह व्यक्ति कौन है, जिसने 15 मार्च 2025 की सुबह कमरे से जले हुए नोट निकाले थे? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप अपने मोबाइल को नष्ट न करें।



- मुझे नहीं थी नगदी की जानकारी : जस्टिस वर्मा
- सुप्रीम कोर्ट की समिति कर रही जांच

### जस्टिस वर्मा का जवाब

जस्टिस यशवंत वर्मा ने पहले सवाल के जवाब में लिखित रूप से कहा कि मुझे कभी भी घर के स्टोर रूम में पड़े किसी पैसे या नगदी के बारे में पता नहीं था। न तो मुझे और न ही मेरे परिवार के किसी भी सदस्य को कैश के बारे में कोई जानकारी थी। न ही इसका मुझसे कोई संबंध है। मेरे परिवार के सदस्यों या कर्मचारियों को जिस रात को आग लगी, ऐसी कोई मुद्रा या नकदी दिखाई नहीं गई।

# बिहार में बिजली सस्ती

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार सरकार ने लाखों उपभोक्ताओं को राहत देते हुए बिजली दरों में कटौती की घोषणा की है। राज्य में एक अप्रेल से नई बिजली दरें लागू हो गईं है। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों उपभोक्ताओं को लाभ होगा। एक अप्रेल 2025 से लागू होने वाली इन दरों के तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को 25 पैसे प्रति यूनिट की छूट मिलेगी, जबकि ग्रामीण इलाकों में बिजली 54 पैसे प्रति यूनिट सस्ती होगी। महीने में 50 यूनिट से अधिक बिजली की खपत करने वाले ग्रामीण उपभोक्ताओं को यह लाभ मिलेगा।



- 31 मार्च 2026 तक रहेगी लागू
- स्मार्ट मीटर वालों की बल्ले-बल्ले

### स्मार्ट मीटर वालों के लिए खास छूट

राज्य सरकार ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वालों को अतिरिक्त लाभ देने का फैसला किया है। स्मार्ट मीटर लगवाने के छह महीने तक उपभोक्ता निर्धारित लोड से अधिक बिजली खपत करने पर भी कोई जुर्माना नहीं देंगे। खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में इन उपभोक्ताओं को कुल 79 पैसे प्रति यूनिट तक की बचत होगी।

शेयर बाजार में छाया सन्नाटा

# निवेशकों के डूबे 3.49 लाख करोड़



▶▶ सेंसेक्स 1390 अंक लुढ़का
▶▶ निफ्टी 353 .65 अंक टूटा

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार संभलने का नाम नहीं ले रहा है। थोड़े समय की तेजी के बाद मंगलवार को शेयर बाजार एक बार फिर धड़ाम हो गया। बीएसई सेंसेक्स 1390.41 अंक टूटकर 76024.51 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई निफ्टी भी 353.65 अंक लुढ़ककर 23165.70 अंक पर बंद हुआ। बाजार में मंगलवार को चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। बाजार में बड़ी गिरावट से मंगलवार को निवेशकों के 3.49 लाख करोड़ डूब गए। मंगलवार की बिकवाली में मार्केट कैप घटकर 4,09,64,821.65 लाख करोड़ रह गया।

### बाजार में गिरावट के कारण

### ट्रंप के टैरिफ से डर

शेयर बाजार निवेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए जाने वाले टैरिफ से डरे हुए हैं। ट्रंप ऐलान कर चुके हैं कि वो भारत समेत कई देशों पर दो अप्रेल से टैरिफ बढ़ाएंगे। इससे बाजार में डर का माहौल है। इसका असर बाजार पर देखने को मिला। बाजार में बिकवाली हावी हो गई।

### आईटी स्टॉक्स पर दबाव

अमेरिकी बाजार पर निर्भर आईटी कंपनियों के शेयरों में आज 1.8% की गिरावट आई। टैरिफ बढ़ने से आर्थिक सुस्ती और कमजोर मांग को लेकर चिंताएं बढ़ रहीं हैं। इस सेक्टर ने मार्च तिमाही में पहले ही 15% की गिरावट दर्ज की है। इसका असर भी बाजार पर हुआ।

### तेल की कीमतें उछली

कच्चे तेल की कीमतें पांच हफ्ते के उच्च स्तर के करीब बनी हुई हैं, जिससे महंगाई बढ़ने की चिंताएं बढ़ गई हैं। ब्रेंट क्रूड लगभग 74.67 डॉलर प्रति बैरल पर था, जबकि यू. एस. वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्युटीआई) 71.37 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। ऊंची तेल की कीमतें भारत के वित्तीय घाटे और कॉरपोरेट मार्जिन पर दबाव डाल सकती हैं।

# बेंगलुरु में रहना अब हो गया महंगा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु, जिसे सिलिकॉन सिटी और गार्डन सिटी के नाम से जाना जाता है, यहां रहना एक अप्रेल से महंगा होने जा रहा है। मंगलवार से बेंगलुरु के निवासियों को ‘यूजर फी’ यानी कचरा कर देना होगा। अब पहले से लगने वाले प्रॉपर्टी टैक्स बिल पर एक अप्रेल से डोमेस्टिक वेस्ट कलेक्शन और डिस्पोजल चार्ज भी लगेगा। कचरे के निपटान के लिए यूजर फीस को कर्नाटक सरकार की तरफ से मंजूरी दी गई है। बेंगलुरु सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड (बीएसडब्ल्युएमएल) ने पिछले साल नवंबर में इस शुल्क का प्रस्ताव रखा था, जिसे डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार की अध्यक्षता वाले शहरी विकास विभाग ने मंजूरी दे दी है।

प्रॉपर्टी की साइज के आधार पर कचरा प्रबंधन लागत 10 रुपए से 400 रुपए तक बीबीएमपी को चुकानी होगी। यह बेंगलुरु के हर घर, दुकान और कार्यालय पर लागू होगी। बीएसडब्ल्यूएमएल के लगाए गए अनुमान के मुताबिक इस यूजर फीस से सालाना 600 करोड़ रुपए तक की कमाई होगी।

### ‘कचरा कर’ प्रतिमाह

600 स्क्वॉयर फीट की बिल्डिंग-10 रुपए
600-1,000 स्क्वॉयर फीट-50 रुपए
1,000-2,000 स्क्वॉयर फीट-100 रुपए
2,000-3,000 स्क्वॉयर फीट-150 रुपए
30x40 स्क्वॉयर फीट की जगह पर बनी तीन मंजिला इमारत पर 150 रुपए
3000-4000 स्क्वॉयर फीट-200 रुपए

### इन्हें देनी होगी एक्स्ट्रा फीस

- कई बड़े-बड़े अपार्टमेंट या कमर्शियल बिल्डिंग ऐसे होते हैं, जहां हर रोज इकट्ठा खूब सारा कूड़ा निकाला जाता है। इस स्थिति में इनसे प्रति किलो कूड़े पर 12 रुपए एक्स्ट्रा लिए जाएंगे।

### बीबीएमपी का प्रदर्शन शुरू

- बृहद बेंगलुरु महानगर पालिका के इस फैसले को लेकर प्रदेश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। कर्नाटक के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा विधायक ने सरकार के इस कचरा टैक्स की आलोचना की है।

'म्हाडा' वर्ष 2025-26

# 19,497 आवास इकाईयों के निर्माण का लक्ष्य



▶▶ 15,956.92 करोड़ के बजट को प्राधिकरण की मंजूरी

▶▶ मुंबई में 5,199 आवास इकाइयों के निर्माण का लक्ष्य

**मुंबई।** महाराष्ट्र गृहनिर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण ('म्हाडा') के वर्ष 2025-26 के बजट में मुंबई, पुणे, कोंकण, नासिक, अमरावती, छत्रपति संभाजीनगर, नागपुर इन क्षेत्रीय मंडलों के माध्यम से कुल 19,497 आवास इकाइयों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए रु.9,202.76 करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है। म्हाडा का वर्ष 2024-25 का परिवर्तित एवं वर्ष 2025-26 का बजट हाल ही में प्राधिकरण को प्रस्तुत किया गया। वर्ष 2025-26 के रु.15,956.92 करोड़ के बजट और वर्ष 2024-25 के रु.10,901.07 करोड़ के परिवर्तित बजट को महाराष्ट्र गृहनिर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की हाल ही में मंजूरी प्राप्त हुई है।

## कोंकण मंडल में दो मंजिला हेल्थ केयर सेंटर व घरकुल योजना

कोंकण मंडल अंतर्गत पाचपाखाडी-ठाणे सावरकर नगर में दो मंजिला हेल्थ केयर सेंटर व निवासी घरकुल योजना हेतु रु.15 करोड़, माजिवाड़े-ठाणे विवेकानंद नगर में 100 बेड वृद्धाश्रम एवं कामकाजी महिलाओं हेतु छात्रावास निर्माण हेतु रु.30 करोड़, विरार बोलींज में क्लब हाउस, स्विमिंग पूल एवं भूखंड विकास हेतु रु.33.85 करोड़, वर्तकनगर-ठाणे पुलिस कॉलोनी पुनर्विकास हेतु रु.90 करोड़ एवं गोठेघर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) हेतु रु.115 करोड़ का बजटीय प्रावधान किया गया है। नागपुर मंडल अंतर्गत चंद्रपुर विशेष नियोजन प्राधिकरण योजना हेतु रु.371.20 करोड़ एवं टेक्सटाइल पार्क एम्प्रेस मिल योजना हेतु रु.350 करोड़ का प्रावधान वर्ष 2025-26 के बजट मां किया गया है।

### मुंबई मंडल में 5,199 आवासों का प्रस्ताव

म्हाडा के मुंबई मंडल अंतर्गत आगामी वर्ष में 5,199 आवास इकाइयों के निर्माण का प्रस्ताव है, जिसके लिए वर्ष 2025-26 के बजट में रु.5,749.49 करोड़ का प्रावधान किया गया है। कोंकण मंडल अंतर्गत 9,902 आवास इकाइयों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए रु.1,408.85 करोड़ का बजटीय प्रावधान किया गया है। पुणे मंडल अंतर्गत 1,836 आवास इकाइयों के निर्माण का लक्ष्य है, जिसके लिए रु.585.97 करोड़ का प्रावधान है।

### नागपुर मंडल 692 इकाईयों का निर्माण

नागपुर मंडल अंतर्गत 692 आवास इकाइयों के निर्माण का प्रस्ताव है, जिसके लिए रु. 1,009.33 करोड़ की व्यवस्था की गई है। छत्रपति संभाजीनगर मंडल में 1,608 इकाइयों के निर्माण का प्रस्ताव है, जिसके लिए रु.231.10 करोड़ का प्रावधान किया गया है। नाशिक मंडल अंतर्गत 91 इकाइयों के निर्माण का प्रस्ताव है, जिसके लिए रु.86 करोड़ का प्रावधान है। अमरावती मंडल अंतर्गत 169 इकाइयों के निर्माण का प्रस्ताव है, जिसके लिए रु.65.96 करोड़ की व्यवस्था की गई है। म्हाडा की इन नई योजनाओं से राज्यभर के नागरिकों को सस्ती दरों पर आवास उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त होगा।

### मुंबई मंडल द्वारा प्रस्तुत बजट में कई परियोजनाएं

मुंबई मंडल द्वारा प्रस्तुत बजट में वरली, नायगांव, परेल बीडीडी चॉल पुनर्विकास योजना हेतु रु.2,800 करोड़, जोगेश्वरी (पूर्व) स्थित पीएमजीपी कॉलोनी पुनर्विकास हेतु रु.350 करोड़, बांद्रा (पश्चिम) परिध खाड़ी पुनर्विकास हेतु रु.205 करोड़, गोरेगांव सिद्धार्थ नगर में आवास निर्माण हेतु रु.573 करोड़, परेल स्थित जिजामाता नगर में छात्रावास निर्माण हेतु रु.20 करोड़, मिल मजदूर आवास हेतु रु.57.50 करोड़, बोरिवली सर्वे क्र. 160 परियोजना हेतु रु.200 करोड़, संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान पुनर्वसन हेतु रु.200 करोड़, पहाड़ी गोरेगांव परियोजना हेतु रु.177.79 करोड़, मालवणी झोपड़पट्टी सुधार परियोजना हेतु रु.50 करोड़, मागाठाणे बोरिवली योजना हेतु रु.85 करोड़, एकसर बोरिवली तटरक्षक दल योजना हेतु रु.30 करोड़ तथा गोरेगांव सिद्धार्थ नगर (पत्राचाल) पुनर्विकास योजना हेतु रु.20 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

## नासिक में छत्रपति संभाजी महाराज को दी श्रद्धांजलि

**नासिक।** नासिक मनपा और नववर्ष स्वागत यात्रा समिति द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित छत्रपति संभाजी महाराज के बलिदान दिवस के अवसर पर शिवकालीन पुरुषोचित खेलों का प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन सव्यसाची गुरुकुल के लाखन जाधव गुरुजी एवं उनके शिष्यों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर, भारत माता और हिंदू धर्म की रक्षा के लिए हिंदू युवाओं को सशक्त और राष्ट्रीय कार्यों में सक्रिय होने की विरासत भावी पीढ़ी को सौंपी गई। मार्शल आर्ट मास्टर विनय चोपदार और रायगढ़ रक्षा प्राधिकरण के रक्षा वास्तुकार वरुण भामरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दीपाली माटे, कार्यक्रम का परिचय श्रुति कवि और धन्यवाद ज्ञापन दीपक भगत ने दिया। पुलिस आईजी दत्तात्रेय कराले और एसीबी एसपी शर्मिष्ठा गाडगे-वालावलकर आदिवासी उपायुक्त महाराष्ट्र राज्य वनिता ताई सोनवणे, अधीक्षण अभियंता अरुंधति शर्मा उपस्थित थीं। अजिंक्य वाघ निदेशक केके वाघ शिक्षा संस्थान, हेमंत देशपांडे कार्यवाही हिंदू सैन्य शिक्षा सोसायटी नासिक राजेंद्र निकम सचिव नासिक शिक्षा सोसायटी किरण चव्हाण निदेशक अंगूर गिनती कुंदन लांडगे निदेशक विजय अकादमी पुणे विशाल गोवर्धने उपस्थित थे।

# पश्चिम रेलवे चलाएगी चार समर स्पेशल ट्रेनें

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा था विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराए पर चार स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है।



**1. ट्रेन संख्या 02200/02199 (26 फेरे)**

ट्रेन संख्या 02200 बांद्रा टर्मिनस-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्पेशल प्रत्येक शनिवार को बांद्रा टर्मिनस से 05.10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 05.00 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पहुंचेगी। यह ट्रेन पांच अप्रेल से 28 जून तक चलेगी। ट्रेन संख्या 02199 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से 16:50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.10 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन तीन अप्रेल से 26 जून तक चलेगी।

**2. ट्रेन संख्या 04126/04125 [26 फेरे]**

ट्रेन संख्या 04126 बांद्रा टर्मिनस-सूबेदारगंज सुपरफास्ट स्पेशल हर मंगलवार को बांद्रा टर्मिनस से 11:15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 17:00 बजे सूबेदारगंज पहुँचेगी। यह ट्रेन आठ अप्रेल से एक जुलाई तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04125 सूबेदारगंज-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल हर सोमवार को सूबेदारगंज से 05:20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09:30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 07 अप्रैल से 30 जून तक चलेगी।

**3. ट्रेन संख्या 01906/01905 (26 फेरे)**

ट्रेन संख्या 01906 असारवा-कानपुर सेंट्रल स्पेशल प्रत्येक मंगलवार असारवा से 09.15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 07.00 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन आठ अप्रेल से एक जुलाई तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 01905 कानपुर सेंट्रल- असारवा स्पेशल प्रत्येक सोमवार को कानपुर सेंट्रल से 08.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 05.45 बजे असारवा पहुंचेगी। यह ट्रेन सात अप्रेल से 30 जून तक चलेगी।

**4. ट्रेन संख्या 01920/01919 (प्रतिदिन) [182 फेरे]**

ट्रेन संख्या 01920 असारवा-आगरा कैंट स्पेशल प्रतिदिन असारवा से 18.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10.20 बजे आगरा कैंट पहुंचेगी। यह ट्रेन दो अप्रेल से एक जुलाई तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 01919 आगरा कैंट-असारवा स्पेशल प्रतिदिन आगरा कैंट से 23.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.35 बजे असारवा पहुंचेगी। यह ट्रेन एक अप्रेल से 30 जून, तक चलेगी।

# पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने हासिल कीं महत्वपूर्ण उपलब्धियां

## बीते वित्तीय वर्ष में सेवा संवर्द्धन और बुनियादी संरचना का विकास

**मालीगांव।** बिजलीकरण, माल लोडिंग, समय की पाबंदी और बुनियादी संरचना के विकास में नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू. सी. रेलवे) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उल्लेखनीय प्रगति का प्रदर्शन करते हुए, पू. सी. रेलवे ने वर्ष 2024-25 में 1,141.388 रूट किलोमीटर (आरकेएम) और 1,502.743 ट्रैक किलोमीटर (टीकेएम) का बिजलीकरण सफलतापूर्वक पूरा कर चालू किया, जिससे यह किसी भी एक वित्तीय वर्ष में हासिल किया गया अब तक का सर्वाधिक होने वाला बिजलीकरण है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि रेल परिचालन को आधुनिक बनाने और दक्षता में सुधार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। माल परिवहन में, पू. सी. रेलवे ने माल लोडिंग में 4.21% की वृद्धि दर्ज की। वर्ष 2023-24 में 10.24 मिलियन टन (एमटी) माल लोडिंग की गई, जो 2024-25 में बढ़कर 10.67 एमटी हो गया। माल ढुलाई आय पिछले वर्ष 1,201.224 करोड़ रुपये की तुलना में 2024-25 में 1,299.643 करोड़ रुपये हासिल हुआ, जो साल-दर-साल 8.19% की निरंतर वृद्धि है। इस रेलवे ने वर्ष 2024-25 में 1,380 रेकों की आपूर्ति कर अपना सर्वश्रेष्ठ पेट्रोलियम, ऑयल और लुब्रिकेंट्स



(पीओएल) लोडिंग भी हासिल किया। इसके अतिरिक्त, पू. सी. रेलवे ने ट्रेन के समय-पाबंद में उल्लेखनीय प्रगति की और वर्ष 2024-25 के दौरान 80.68% के समय-पाबंद के प्रदर्शन के साथ सभी जोनल रेलवे में 7वां सर्वोच्च स्थान हासिल किया। यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए, पू. सी. रेलवे ने आठ नई ट्रेन सेवाएं शुरू कीं, चार जोड़ी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का विस्तार किया और चार ट्रेनों की आवृत्ति बढ़ाई। इसके अलावा, सात ट्रेनों को सात स्टेशनों पर नए ठहराव प्रदान किए गए और 46 ट्रेनों की गति में सुधार करके 930 मिनट बचाए। यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, 16 ट्रेनों में स्थायी तौर पर 40 अतिरिक्त कोच जोड़े गए। स्पेशल ट्रेन सेवाओं में भी वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 2024-25 में 1,430 फेरों का परिचालन किया गया, जो वर्ष 2023-24 में 1,361 फेरे हुए थे, जिससे यात्रियों के लिए बेहतर पहुंच सुनिश्चित हुई। पू. सी. रेलवे ने बुनियादी संरचना के अपग्रेड पर भी जोर दिया, जिससे 329 किलोमीटर का थ्रू स्लीपर रिनुअल हासिल हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 50.91% की वृद्धि है। इसके अतिरिक्त, 9.06 लाख क्यूबिक मीटर बैलास्टिंग पूरी की गई, जो साल-दर-साल 23.25% की वृद्धि को दर्शाता है। इससे ट्रैक स्थिरता सुदृढ़ हुई और सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित हुआ। क्षेत्रीय लॉजिस्टिक्स को उल्लेखनीय बढ़ावा देते हुए, बीसीएन वैगनों की पहली मालगाड़ी त्रिपुरा के अगरतला के निश्चिंतपुर टर्मिनल पर पहुँची, जिससे माल की सुगम आवाजाही सुनिश्चित हुई। इसके अतिरिक्त, 4 फरवरी, 2025 को मेघालय के मेंदीपाथर स्टेशन पर पहली मालगाड़ी पहुंची, जिससे क्षेत्र में आर्थिक विकास और कनेक्टिविटी को और अधिक बढ़ावा मिला। पू. सी. रेलवे ने वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक का सर्वाधिक स्क्रैप बिक्री 235 करोड़ रुपये हासिल किया, जो साल-दर-साल 17% की वृद्धि को दर्शाती है। वहीं, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के माध्यम से खरीददारी बढ़कर 867.37 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 79.78% की वृद्धि है। इससे खरीद प्रक्रियाओं में पारदर्शिता मजबूत होती है। बिजलीकरण, माल और यात्री सेवाओं, समय की पाबंदी और बुनियादी संरचना के विकास में इन उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ, भारतीय रेलवे में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे नए मानक स्थापित कर रहा है, जो क्षेत्र की आर्थिक और परिवहन वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

# सुरजीत सिंह, लोको पायलट सेवानिवृत







श्री सुरजीत सिंह, लोको पायलट,मेल, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस ,32 साल की गौरवशाली सेवा के बाद सेवा के बाद दिनांक 31 मार्च को निवृत्त हो गए । राजस्थान के अजमेर शहर में जन्मे सुरजीत सिंह सन 1993 से मुंबई में रह रहे हैं। उनके बड़े भाई एच.एस. गुलवान भी मध्य रेल के मुंबई मंडल से गतवर्ष सेवा निवृत्त हुए हैं। उनकी दो बहनें हैं जो मुंबई मे रहती हैं। सुरजीत सिंह की दो बेटियां हैं, जो विदेश में शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। उनका भरा-पूरा परिवार है और धर्मपत्नी के साथ कल्याण में खुशहाल जीवनयापन कर रहे हैं। दो अप्रेल मंगलवार की शाम छह बजे रिटायरमेंट के उपलक्ष्य में कल्याण रेलवे इंस्टीट्यूट रेलवे आमें एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी अगली पारी परिवार के साथ खुशहाली से व्यतीत हो ऐसी हम सभी की शुभकामनाएं सदैव उनके साथ हैं।

# मछली पकड़ने वाली नौकाओं के लिए डीजल कोटा स्वीकृत

**मुंबई।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मछली पालन विभाग ने मार्च माह के लिए 1,68,109 केएल डीजल कोटा स्वीकृत किया है। यह कोटा महाराष्ट्र के समुद्री जिलों में स्थित 138 मछुआरा सहकारी संस्थाओं के तहत 7,796 यांत्रिक मछली पकड़ने वाली नौकाओं को वितरित किया जाएगा। डीजल कोटा स्वीकृत करने के लिए गठित समिति ने इस आवंटन को मंजूरी दी है। रियर क्राफ्ट ऑनलाइन प्रणाली के अंतर्गत केवल उन्हीं नौकाओं को डीजल कोटा दिया गया है, जिनके पास वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र और कानूनी मछली पकड़ने का लाइसेंस है। इसके अतिरिक्त, महाराष्ट्र समुद्री विनियमन अधिनियम, 1981 (संशोधित 2021) के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाली नौकाओं को निलंबित कर दिया गया है। गश्ती नौका और ड्रोन सर्वेक्षण में दोषी पाए गए मछली पकड़ने वाली नौकाओं के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं। ऐसी नौकाओं को डीजल कोटा प्रस्ताव में शामिल नहीं किया गया है। यह जानकारी मछली पालन विभाग द्वारा आधिकारिक रूप से जारी की गई है।

# नवी मुंबई मनपा के सेवानिवृत्त कर्मी सम्मानित

## जोन 2 के उपायुक्त डा . कैलाश गायकवाड़ ने दी शुभकामनाएं



**नवी मुंबई।** सेवानिवृत्ति जीवन का एक पड़ाव मात्र है और आने वाले समय में अपने परिवार को भरपूर समय दें, काम के कारण जो काम छूट गए हैं, उन्हें करें, अपने समय और वित्त का उचित नियोजन करें और खुशहाल जीवन जिएं, जोन 2 के उपायुक्त डा. कैलाश गायकवाड़ ने मार्च माह में सेवानिवृत्त होने वाले पांच अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा। नवी मुंबई महानगरपालिका मुख्यालय स्थित नॉलेज सेंटर में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह में उपायुक्त डॉ. कैलाश गायकवाड़, मनपा सचिव सुश्री चित्रा बाविस्कर, भंडार विभाग के उपायुक्त श्री शंकर खाडे, विधि अधिकारी अभय जाधव तथा बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिवारजन उपस्थित थे। इस अवसर पर नगरपालिका सचिव श्रीमती चित्रा बाविस्कर ने जीवन का सार व्यक्त करने वाली कविता प्रस्तुत की। इसके अलावा, शंकर खाड़े और अभय जाधव ने भी अपनी इच्छाएं व्यक्त कीं और सेवानिवृत्त लोगों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नवी मुंबई महानगरपालिका की सेवा से मार्च माह में सेवानिवृत्त होने वाले 5 अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षक, जिनमें विद्युत विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव पाटिल,उपमुख्य स्वच्छता अधिकारी सतीश सनदी, उपमुख्य स्वच्छता अधिकारी पुष्पा वाघमारे, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पांडुरंग येमले और शोमेकर दत्तात्रय दैवज्ञ शामिल हैं,को गणमान्यों द्वारा सम्मानित किया गया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

पश्चिम रेलवे मुंबई सेंट्रल मंडल

# पांच वर्षों में 105 लेवल क्रॉसिंग बंद

## यात्रियों को सुरक्षित-आरामदायक यात्रा देने को रेलवे प्रतिबद्ध

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे अपने यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने पिछले पांच वर्षों में 105 लेवल क्रॉसिंग बंद करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जिसमें इंटरलॉक्ड और नॉन-इंटरलॉक्ड दोनों क्रासिंग शामिल हैं। रेलवे पर लेवल क्रॉसिंग बंद करने से कई लाभ होते हैं, जिसमें सड़क और रेल संरक्षा में वृद्धि, कंजेशन कम करना, दुर्घटनाओं में कमी, ट्रेन की गति में वृद्धि और समयपालनता में सुधार के साथ-साथ समग्र रूप से सुचारू रेल परिचालन और दक्षता शामिल है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने पिछले पांच वर्षों में 105 लेवल क्रॉसिंग बंद करके संरक्षा बढ़ाने में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। रेलवे पर लेवल क्रॉसिंग बंद करने से कई लाभ होंगे, जिनमें शामिल हैं। **संरक्षा लाभः** लेवल क्रॉसिंग बंद करने से ट्रेनों और सड़क वाहनों के बीच टकराव की संभावना को समाप्त करके दुर्घटनाओं, चोटों और जानमाल की हानि के जोखिम को काफी हद तक कम किया गया है। लेवल क्रॉसिंग बंद करने से दुर्घटनाओं के जोखिम को दूर करके सार्वजनिक संरक्षा में वृद्धि हुई है, जिससे परिवारों और समुदायों पर भावनात्मक और आर्थिक प्रभाव कम हुआ है। **यातायात और कंजेशन से संबंधित लाभः** लेवल क्रॉसिंग को बंद करने से ट्रैफिक कंजेशन में काफी कमी आई है, खासकर मुंबई-वडोदरा-दिल्ली सेक्शन जैसे व्यस्त मार्गों पर, जहाँ वंदे भारत, राजधानी, शताब्दी एक्सप्रेस जैसी हाई-स्पीड ट्रेनें चलती हैं। लेवल क्रॉसिंग को खत्म करने से यातायात प्रवाह में सुधार होता है, कंजेशन कम होती है और ट्रेनों को 160 किमी प्रति घंटे तक की उच्च सेक्शनल गति प्राप्त करने की अनुमति मिलती है। लेवल क्रॉसिंग को बंद करने से वाहनों को रुकने की आवश्यकता नहीं होने से यातायात दक्षता में वृद्धि होती है, जिससे यात्रा का समय कम हो जाता है। इससे रेलवे को ट्रेन सेवाओं को तेजी से बढ़ाने, जनता की मांग को पूरा करने और समग्र यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने में सक्षम बनाता है। **आर्थिक लाभः** लेवल क्रॉसिंग को बंद करने से लेवल क्रॉसिंग के बुनियादी ढांचे को बनाए रखने, अपग्रेड करने और आधुनिक बनाने से जुड़ी लागतों में बचत हुई है, साथ ही दुर्घटनाओं के आर्थिक प्रभाव में भी कमी आई है।

लेवल क्रॉसिंग को बंद करने से यातायात प्रवाह में सुधार और कंजेशन को कम करके उत्पादकता में वृद्धि हुई है, खासकर उन व्यवसायों के लिए जो यात्रियों, माल और सेवाओं के समय पर परिवहन पर निर्भर हैं।

**रेलवे लाभः** लेवल क्रॉसिंग बंद करने से दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करके और रेल परिचालन की समग्र सुरक्षा को बढ़ाकर रेल संरक्षा और दक्षता में सुधार हुआ है। इसके अतिरिक्त, लेवल क्रॉसिंग के बंद होने में देरी के कारण ट्रेनों को अब धीमी गति से चलने या बीच सेक्शन में रुकने की आवश्यकता नहीं है, जिसके परिणामस्वरूप यात्रा का समय कम हो गया है और रेलवे का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। पश्चिम रेलवे संरक्षा और दक्षता में सुधार लाने की दिशा में काम करना जारी है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं. C/JHS/158/GWL/WVMs/e-Auction/2025 दिनांकः 28.03.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झाँसी** द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

**श्रेणीः** Misc-Static-Service-Water Vending Machines

**केटलोग संख्याः** WVM-GWL-02-25

**एसेट्स डिटेल्सः** झाँसी मंडल के ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर वाटर वेंडिंग मशीन के ठेके हेतु ई-नीलामी। **यूनिट्स (स्टेशन):** 03-यूनिट-(ग्वालियर रेलवे स्टेशन), **प्लेटफार्म एवं लोकेशनः 1.** प्लेटफॉर्म-1- एक मशीन आउट्वर्ड पार्सल ऑफिस के निकट आगरा छोर। **2.** प्लेटफॉर्म-2/3- एक मशीन वाटर बूथ एवं ओ.एस.ओ.पी. के मध्य आगरा छोर। **3.** प्लेटफॉर्म-4- एक मशीन वाटर सी.ओ.पी. स. 8 एवं सी.ओ.पी. सं. 9 के मध्य वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी छोर।

**ई नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समयः** दिनांकः **15.04.2025** को समय- **10.30** से

**ई नीलामी समाप्त होने की तिथि व समयः** दिनांकः **15.04.2025** को समय- **11.00** तक

**नोटः** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के **e-Auction Module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **567/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**रेल पहिया कारखाना/बेला**
**जिला–सारण, (बिहार)–841221**

खुली ई–निविदा सं. **RWP-RTS-DRIVERS-2025-RT-1.** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता– डब्ल्यू.एफ.पी.एस./आर.डब्ल्यू.पी/बेला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से रेल पहिया कारखाना, बेला सारन (छपरा) में निम्न लिखित कार्य हेतु ऑनलाइन **"ई–खुली निविदा"** भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल (आई.आर.ई.पी.एस) **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित करते हैं:– **1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि : कार्य के दायरे के अनुसार दो (02) वर्षों के लिए आरडब्ल्यूपी/बेला में एलएमवी/एचएमवी और विभागीय वाहनों के संचालन की आउटसोर्सिंग।, 2. अनुमानित लागत : ₹ 2,73,80,425.94/-, 3. ब्याना (ईएमडी) की राशि : ₹ 2,86,900/-, 4.** निविदा दस्तावेज की राशि : ₹ **10,000/-. 5. निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 17.04.2025, 15.00 hrs., 6.** वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण विवरण देखी जा सकती है : उपरोक्त निविदा खुली ई–निविदा सं० **RWP-RTS-DRIVERS-2025-RT-1** निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा जमा करने हेतु आईआरईपीएस के आधिकारिक वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। बोली प्रस्तुत करने वाली भावी कंपनियों को ऊपर की निविदाओं के संबंध में शुद्धिपत्र सहित अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए आई.आर. ई.पी. एस. पोर्टल (**www.ireps.gov.in**) के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है, क्योंकि ऐसी जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता–डब्ल्यू.एफ.पी.एस./आर.डब्ल्यू.पी/बेला आर.डब्ल्यू.पी./सी.पी.आर.ओ./ए.डी.मी.टी./2025–26/02



**उत्तर मध्य रेलवे**

**निरस्तीकरण सूचना सं.: CEN-CAR-CPU-2024-25-08**
**दिनांक : 01.04.2025**

**ई-निविदा निरस्तीकरण सूचना**

**Sub: ई-निविदा. सं CEN-CAR-CPU-2024-25-08 दिनांक-24.02.2025 का निरस्तीकरण।** निम्न ई-निविदा को प्रशासनिक कारणों से निरस्त किया जाता है।

**निविदा सूचना सं. :** CEN-CAR-CPU-2024-25-08

**कार्यों का विवरण :** "चुनार चोपन दोहरीकरण-परियोजना से संबंधित चुनार (सहित) से सोनभद्र (सहित) खंड में रेलवे लाइन बिछाने का कार्य।"

**निविदा सं. :** CEN-CAR-CPU-2024-25-08

**निविदा खुलने की तिथि :** 15.04.2025

**375/25 (C)**

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in



**मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल** म्हाडा MHADA

**(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण) की क्षेत्रिय इकाई**

**फोन नं. 022-66405250, ई-मेलः eee.east1@gmail.com**

निविदा सूचना क्र. ईई/पूर्व/एमएसआईबी/ई-निविदा/यूई/09/2024-25

कार्यपालन अभियंता (पूर्व) डिविजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 536, 4 था तल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व) मुंबई 400051, फोन नं. (022) 66405251 द्वारा ई-निविदा प्रक्रिया माध्यम से किसी शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्था या उपयुक्त वर्ग में पंजीकृत ठेकेदारों से 03 नग कार्यों हेतु बी-1 (प्रतिशत दर) प्रपत्र में खुली निविदा/नियमित निविदा आमंत्रित है। विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र शासन के पोर्टल **https://mahatenders.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसे डाउनलोड कर सकते है। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड कर सकते है। निविदा दस्तावेज का विक्रय दिनांक 02.04.2025 को दोपहर 10.05 बजे से प्रारंभ होगा एवं दस्तावेज विक्रय की अंतिम दिनांक 09.04.2025 को शाम 6.15 बजे तक है। शुद्धि पत्र/संशोधन यदि कोई हो, वेबसाइट **https://mahatenders.gov.in** पर प्रकाशित है। सक्षम अधिकारी के पास किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं होंगे।

**म्हाडा- राष्ट्र का एक अग्रणी गृह निर्माण प्राधिकरण**

**सीपीआरओ/ए/233**

हस्ता/-
**कार्यकारी अभियंता (पूर्व)**
**मुं. झो. सु. मंडल, मुंबई**

Follow us: @mhadaofficial



**उल्हासनगर महानगर पालिका, उल्हासनगर**

**शहर अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विभाग यांचे कार्यालय**

**ई - निविदा क्र. ३२ (२०२४-२५)**

उल्हासनगर महानगरपालिका शहरा मधील खालील नमूद कामे योग्य व अनुभवी ठेकेदारांकडून निविदा प्रणाली पद्धतीनुसार महानगरपालिकेच्या अटी व शर्तीस अधीन राहून दिनांक ०२/०४/२०२५ रोजी निविदा मागविल्या करीता प्रसिद्ध करण्यात येत आहे. सदर निविदा प्रणालीबाबत इतर आवश्यक माहिती https://mahatenders.gov.in/ या संकेत स्थळावर प्रसिद्ध करण्यात आली आहे.

| अ. क्र. | निविदा क्रमांक | कामाचे नाव | निविदा रक्कम (जी.एस.टी वगळून) | इसारा रक्कम | कालावधी | वर्गवारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ०१ | उमपा/सांबांवि/नोटीस/२०२४-२५/०१ | उल्हासनगर-१ प्रभाग क्र.७ मधील आझाद नगर येथील मनोज किराणा/अशोक किराणा जवळील शौचालय निष्कासित करून त्याच जागेवर नवीन शौचालय बनविणे. | १५११२९१ | १५००० | ४० दिवस | V TH |

सदर निविदा प्रणालीबाबत इतर आवश्यक माहिती https://mahatenders.gov.in/ या संकेत स्थळावर प्रसिद्ध करण्यात आली आहे.

जा.क्र. उमपा/पीआर/०२/२०२५
दिनांक ०१/०४/२०२५

(स्वाक्षरी)
कार्यकारी अभियंता (सां.बां.वि)
उल्हासनगर महानगरपालिका





## बिल्ड इंडिया इन्फ्रा अवॉर्ड्स 2025

# सीएम ने दो परियोजनाओं को किया सम्मानित

- सूर्य प्रादेशिक जल आपूर्ति योजना और मेट्रो मार्ग 2A व 7 परियोजना शामिल
- एमएमआरडीए की इन महत्त्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स को इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पुरस्कृत
- एमएमआरडीए की 159वीं बैठक में किए गए पुरस्कृत




▪ ये प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार महाराष्ट्र की दूरदर्शी इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में अग्रणी भूमिका को और भी मजबूत करते हैं। सुरक्षित पेयजल जैसी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने से लेकर विश्वस्तरीय सार्वजनिक परिवहन सुविधाएँ उपलब्ध कराने तक, इन उपलब्धियों से हमारी समावेशी, सतत और तकनीकी रूप से उन्नत प्रगति पर केंद्रित दृष्टि स्पष्ट होती है। मैं एमएमआरडीए और इन परिवर्तनकारी परियोजनाओं से जुड़े सभी हितधारकों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

**सीएम फडणवीस**

▪ **जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के दूरदर्शी नेतृत्व और माननीय उपमुख्यमंत्री एवं एमएमआरडीए के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे की प्रभावी अध्यक्षता में मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहा है। सतत, समावेशी और जनहितकारी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए एमएमआरडीए ने नई दिल्ली में आयोजित बिल्ड इंडिया इन्फ्रा अवॉर्ड्स 2025 में दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए हैं। यह पुरस्कार एमएमआरडीए के अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे को प्राधिकरण की 159वीं बैठक में महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी (आईएएस) के हस्ते, नगर विकास राज्य मंत्री सौ. माधुरी मिसाळ की उपस्थिति में प्रदान किए गए। सूर्य क्षेत्रीय जल आपूर्ति योजना को जल क्षेत्र में इम्पॅक्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया, जबकि मुंबई मेट्रो मार्ग 2ए और 7 को शहरी परिवहन क्षेत्र में इंपॅक्ट अवार्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान मुंबई की शहरी संरचना को सशक्त बनाने और करोड़ों लोगों के जीवन की गुणवत्ता बेहतर करने में उनके परिवर्तनकारी योगदान के लिए दिया गया।



▪ ये सम्मान सरकार की आम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। सूर्य जल आपूर्ति योजना और मुंबई मेट्रो लाइन 2A व 7 केवल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट नहीं हैं–ये करोड़ों लोगों के लिए जीवनरेखा हैं। ये हमारे संतुलित क्षेत्रीय विकास, पर्यावरण संरक्षण और भविष्य की सोच के साथ की गई योजनाओं के प्रति समर्पण को दर्शाते हैं। एमएमआरडीए ने हम सभी को गौरवान्वित किया है।

**डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे**




▪ यह पूरी एमएमआरडीए टीम के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। ये पुरस्कार केवल इंफ्रास्ट्रक्चर को नहीं, बल्कि इन पहलों से बदली गई ज़िंदगियों को भी मान्यता देते हैं। हम स्मार्ट, समावेशी और सतत इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हुए हमारी पारिस्थितिक विरासत की भी रक्षा करें।

**डा. संजय मुखर्जी, महानगर आयुक्त**

यह पुरस्कार समारोह बिल्ड इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया था, जिसे सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय तथा नागरिक उड्डयन मंत्रालय का सहयोग प्राप्त था। कार्यक्रम की गरिमा नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू की उपस्थिति से बढ़ी। पुरस्कार भारत सरकार के जी-20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत द्वारा उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों, नीति निर्धारकों और इंफ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञों की प्रतिष्ठित उपस्थिति में प्रदान किए गए।

### सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक

▪ बिल्ड इंडिया इन्फ्रा अवॉर्ड्स देश के इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में दिए जाने वाले सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक हैं, जो उत्कृष्टता, नवाचार और सतत विकास को सम्मानित करते हैं। परियोजनाओं का चयन एक कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है, जिसका नेतृत्व प्रतिष्ठित विशेषज्ञों की एक जूरी करती है और इसकी अध्यक्षता अमिताभ कांत करते हैं। यह अवॉर्ड्स उन परियोजनाओं को विशेष रूप से मान्यता देते हैं जो सामाजिक समानता, जनस्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक विकास जैसे क्षेत्रों में प्रभावी परिणाम प्रदान करते हैं।

# नवी मुंबई मनपा ने वसूला 800 करोड़ का टैक्स



- नागरिकों का आयुक्त शिंदे ने जताया आभार
- सभी विभागों ने हासिल की 100 प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति
- जल देयक भी इस वर्ष से ऑनलाइन उपलब्ध होंगे
- वर्ष 2024-25 में संपत्ति कर से रु. 826.12 करोड़
- जल आपूर्ति से रु. 105.93 करोड़
- भवन अनुज्ञा से रु. 381.90 करोड़

▪ **जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा को संपत्ति कर, जल शुल्क, निर्माण अनुमति प्रस्ताव, अनुज्ञा शुल्क आदि विभिन्न स्रोतों से जो राजस्व प्राप्त होता है, उसी से नागरिक सेवाओं की पूर्ति की जाती है। इसमें जागरूक नवी मुंबई के नागरिकों के सहयोग से कर वसूली के अधिकतम लक्ष्य की पूर्ति हुई है, जिसके लिए आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने सभी नागरिकों का आभार व्यक्त किया है। संपत्ति कर विभाग द्वारा रु. 826.12 करोड़ की वसूली की गई, जिसमें 'अभय योजना' के तहत बकाया कर की दंडात्मक राशि पर 50% की छूट का लाभ लेकर रु. 20.97 करोड़ जमा किए गए और उतनी ही राशि की छूट बकायादारों को मिली। जल आपूर्ति विभाग द्वारा रु. 105.93 करोड़ जल शुल्क के रूप में वसूले गए। इस विभाग की अभय योजना का भी नागरिकों ने बड़े पैमाने पर लाभ लिया। नगररचना विभाग द्वारा भवन अनुज्ञा शुल्क के रूप में रु. 381.90 करोड़ की वसूली हुई, जिसमें पुनर्विकास परियोजनाओं की मंजूरी का बड़ा हिस्सा शामिल रहा। अनुज्ञा विभाग द्वारा समयबद्ध रूप से दी गई विभिन्न अनुमतियों के तहत रु. 14.60 करोड़ की वास्तविक वसूली हुई। स्थानीय संस्थान कर के तहत रु. 28.04 करोड़ की वसूली दर्ज की गई। अन्य विभागों में भी राजस्व संग्रह उल्लेखनीय रहा। सभी विभागों ने 100 प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति की, जिसके लिए विभाग प्रमुखों और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के सतत प्रयासों को आयुक्त ने सराहा है। यह सफलता आयुक्त तथा प्रशासक डॉ. कैलास शिंदे द्वारा प्रत्यक्ष रूप से प्रत्येक विभाग की निगरानी और समीक्षा का परिणाम है। नागरिकों ने स्वयं आगे आकर संपत्ति कर भरने हेतु 'अभय योजना' का लाभ लिया, जिसमें बकाया कर पर दंड राशि में 50% छूट दी गई। सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से समय पर कर भरने वाले और मनपा के राजस्व में सहयोग देने वाले जागरूक नागरिकों का आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने आभार व्यक्त किया है। वर्ष 2024-25 के लिए शुरू की गई ऑनलाइन भुगतान सेवाओं में जल्द ही भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) जोड़ा जाएगा। आयुक्त डा. कैलास शिंदे ने विश्वास जताया है कि भविष्य में भी नागरिकों का ऐसा ही सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

## मीरा भायंदर के 508 कुंए में से 73 अतित्व में

**भायंदर।** मीरा भायंदर शहर में 115 सार्वजनिक और 393 निजी कुएं थे जिसमें से 432 कुंए लापता हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार 393 निजी कुएं में से मात्र 54 अस्तित्व में है बाकी लापता है। या यूं कहें कि 508 कुओं में से सिर्फ 73 ही कुएं बचे हुए है। सूत्रों की मानें तो सैकड़ों कुंए पाट दिए गए है, जहां अब इमारतें बन गई है। भायंदर के गोडदेव ,नवघर,खारि ,घोडबंदर, मीरे ,काशी,वरसावे,चेना , मुर्धा , राई,मोरवा ,डोंगरी, तारोडी,चौक,पाली, उत्तन गांव में कुएं थे जहां से पानी से लोग पानी भरते थे। ग्राम पंचायत से नगर परिषद अब महानगरपालिका तक का सफर तय करने वाला यह शहर पानी के कुदरती संसाधनों से वंचित होता नजर आ रहा है।

# एलएंडटी परिसर में सुरक्षा गार्ड की पिटाई

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मराठी भाषा को लेकर विवाद गरमा गया है। मनसे कार्यकर्ता मराठी भाषा को इम्पोर्टेंस दिलाने के लिए अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में बीते दिन मुंबई के पवई स्थित 'एल एंड टी' कंपनी में सुरक्षा गार्ड द्वारा कथित तौर पर अपशब्द कहने पर उसके साथ मारपीट कर दी। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद एक नई जंग छिड़ गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पवई के 'एल एंड टी' परिसर में एक व्यक्ति ने मराठी भाषा को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की थी, गार्ड ने मराठी भाषा को लेकर कहा था कि 'मराठी गया तेल लगाने', जिसके बाद वहां मौजूद मनसे के कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी मिली। मनसे कार्यकर्ता तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और सुरक्षा गार्ड को 'मराठी का सम्मान' करने की चेतावनी देते हुए उसे एक थप्पड़ मार दिया।

### राज ठाकरे पहले ही दे चुके चेतावनी

मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने कहा कि मुंबई में कुछ लोग कहते है कि हम मराठी नहीं बोलेंगे लेकिन जो लोग मराठी नहीं बोलेंगे तो उनके कान के नीचे तमाचा मारने का काम भी किया जाएगा। महाराष्ट्र और मुंबई में मराठी का सम्मान किया जाना चाहिए। राज ठाकरे ने मनसे के सैनिकों से अपील की है कि वे पता लगाएं कि महाराष्ट्र के हर बैंक में मराठी भाषा का उपयोग होता है या नही।

**▸▸ मराठी भाषा का अपमान करने का आरोप**

### पहले भी हो चुकी ऐसी घटनाएं

यह पहली बार नहीं है जब मनसे कार्यकर्ताओं ने मराठी भाषा का अपमान करने वालों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया है। इससे पहले वर्सोवा स्थित डी-मार्ट में एक कर्मचारी को सिर्फ इसलिए पीटा गया क्योंकि वह मराठी नहीं बोल पा रहा था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, जिसमें मनसे कार्यकर्ता कर्मचारी से कान पकड़कर माफी मंगवाते नजर आ रहे थे।

# गुजरात में बिखरे राजस्थान के रंग



▪ **जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**गुज राज युवा संघ का भव्य होली उत्सव संपन्न**

मुंबई/अहमदाबाद। 'गुज राज युवा संघ' द्वारा आयोजित 'होली के रंग, राजस्थान दिवस के संग' कार्यक्रम इस वर्ष भी पूरे शान-ओ-शौकत से संपन्न हुआ। प्रवासी राजस्थानियों के इस मिलन समारोह में मानों पूरा राजस्थान सजीव हो उठा। मंच पर जब अतिथियों का स्वागत हुआ, तब रंग-बिरंगे साफों की रौनक और राजस्थानी संस्कृति की महक से समूचा पंडाल गरिमा से भर गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से युवाचार्य अभयदास महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजन संपन्न हुआ। साथ ही राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, सांसद लुम्बाराम चौधरी (सिरोही-जालोर), विधायक छगन सिंह राजपुरोहित (आहोर), विधायक दिनेशभाई कुशवाह (बापूनगर), डा. जोगेन्द्र सिंह सिलोर (भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राजस्थान), कमलभाई रावल (राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय भगवा सेना), गणपतसिंह राठौड़ (प्रदेश उपाध्यक्ष,किसान मोर्चा राजस्थान), डा. जयदीप पटेल (पूर्व महामंत्री, विहिप), हिम्मत परिहार (भाजपा नेता),जेजे मेवाड़ा (पूर्व पुलिस उप अधीक्षक) समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### संस्कृति और समाज के प्रति संदेश

▪ युवाचार्य अभयदास महाराज ने भारतीय संस्कृति की महानता पर प्रकाश डालते हुए कहा, "अपणी संस्कृति सगली संस्कृति सूं ऊंची हैं? बस अपणे संस्कारां री चोखट ने मजबूती देणो जरूरी है।" उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों को अपनी जड़ों से जुड़े रहने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि जोराराम कुमावत ने राजस्थान दिवस के ऐतिहासिक महत्व और सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को याद किया। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों द्वारा कर्मभूमि गुजरात में आयोजित इस अनूठे आयोजन की सराहना करते हुए भरत राजपुरोहित एवं उनकी टीम को बधाई दी। सांसद लुम्बाराम चौधरी और डा. जोगेन्द्र सिंह सिलोर के ओजस्वी संबोधन से जनसैलाब जोश से भर उठा। हर कोई "भारत माता की जय!" के जयघोष में डूब गया।

### गेर नृत्य और फाग के रंग में रंगा माहौल

▪ कार्यक्रम की शुरुआत राजस्थानी लोकनृत्य गेर से हुई, जिसमें पुरुषों ने डिंडोरिया हाथों में थामकर, ढोल-नगाड़ों की थाप पर जब गोल घेरे में नृत्य किया, तो दर्शक झूम उठे। पुरुषों की धोती-पगड़ी और महिलाओं की ओढ़नी-घाघरा में सजी संवरी पारंपरिक वेशभूषा ने मानों राजस्थान को साकार कर दिया।

### यह तो अपणो राजस्थान ही लागे : भरत राजपुरोहित

▪ गुजराज युवा संघ के संयोजक भरत राजपुरोहित मंडवाड़ा ने कहा कि हर साल हजारों प्रवासी राजस्थानियों को इस कार्यक्रम का इंतजार रहता हैं। जब हजारों लोग एक साथ पारंपरिक वेशभूषा में उमड़ते हैं, तो ऐसा लगता हैं मानों हम राजस्थान की ही धरती पर होली खेल रहे हैं।

### गुजराज युवा संघ ने सभी का किया अभिनंदन

▪ गुजराज युवा संघ की टीम ने सभी अतिथियों का साफा, दुपट्टा, स्मृति चिह्न और तलवार भेंट कर अभिनंदन किया। जब राजस्थान से पधारे फाग गायक प्रवीण माली, प्रवीण प्रजापत, खुशबू और श्रवण राजपुरोहित ने अपनी सुमधुर आवाज में लोकगीतों की प्रस्तुति दी, तो संपूर्ण वातावरण रसविभोर हो उठा। उपस्थित श्रोता तालियां बजाते हुए "होली रे रासीली ओ, फागणियो आयो रे!" पर झूमने लगे।

## मलेरिया / डेंगू रोगों को लेकर जनजागरुकता शिविरों का आयोजन

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा कार्यक्षेत्र में मलेरिया / डेंगू रोग के प्रसार को रोकने के लिए आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से शिविरों का आयोजन कर नागरिकों में मलेरिया / डेंगू रोगों एवं मच्छर उत्पत्ति स्थानों के बारे में प्रभावी रूप से जनजागरूकता की जाती है। इसी कड़ी में रमजान ईद के अवसर पर 31 मार्च को मनपा कार्यक्षेत्र की मस्जिदों में नागरिकों के लिए विशेष मलेरिया / डेंगू जनजागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया था। उसके अनुसार मनपा कार्यक्षेत्र में कुल 12 मस्जिदों में शिविरों का आयोजन कर 540 नागरिकों को मलेरिया / डेंगू रोगों से संबंधित जानकारी दी गई तथा 95 नागरिकों के रक्त नमूने लिए गए। इन शिविरों की विशेषता के रूप में एनोफिलीस और एडीस मच्छरों के उत्पत्ति स्थलों को प्रत्यक्ष दिखाया गया और नागरिकों को मच्छरों के लार्वा भी दिखाए गए। घर के अंदर और आसपास मच्छरों के उत्पत्ति स्थलों जैसे पानी से भरे ड्रम को ओढ़नी, धोती या साड़ी से ढकना, पानी जमा करने वाले बर्तन और टंकियों को ढक कर रखना और सप्ताह में एक बार उन्हें साफ कर सूखा रखना, छत पर प्लास्टिक की चादर, ताड़पत्र आदि में पानी जमा न होने देना, बुखार आने पर डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

# वरिष्ठ नागरिकों के खिले चेहरे जब घोषाल ने बांधा समा

**▸▸ समाजसेवा के प्रति समर्पित सक्षम फाउंडेशन**



**राकेश विश्वकर्मा / जागरूक टाइम्स**

**भायंदर।** मीरा भायंदर शहर के वरिष्ठ नागरिकों के चेहरे उस समय खिल गए जब मशहूर गायक अभिजीत घोषाल ने अपने चिरपरिचित अंदाज में सभी का दिल जीत लिया। बता दें कि सक्षम फाउंडेशन ने लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में एक शाम वरिष्ठ नागरिकों एवं अनाथ बच्चों के नाम का आयोजन किया था। फाउंडेशन के सुमित अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन का एक ही मकसद था जरूरतमंद लोगों की मदद। अभिजीत के संग कार्यक्रम का आयोजन लता मंगेशकर ऑडिटोरियम, मीरा रोड में आयोजित किया गया। सारेगामापा फेम के 11 बार विजेता रहे अभिजीत घोषाल ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ जमकर नृत्य किया व संगीत के साथ समा बांध दिया। कार्यक्रम के प्रायोजक एपीन सोलर, हार्वेस्ट रियल्टी एंड इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी, प्लाजा इलेक्ट्रॉनिक्स, मिष्ठान कल्चर,ए.आर.इंटीरियर, आर्यम टूर्स, 3पी प्रोडक्शन, एवं बीएनआई टीमवर्क ने सक्षम फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की एवं भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक, विधायक नरेन्द्र मेहता, पूर्व विधायक गीता जैन सहित राजनीतिक क्षेत्र एवं सामाजिक क्षेत्र से सैकड़ों गणमान्य उपस्थित थे। वरिष्ठ नागरिकों ने आयोजकों को ढेर सारा आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्था के ट्रस्टी अनुज सरावगी, महिमा अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, योगेश सोमानी तथा पदाधिकारी सीए अमित अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, तेजस चौधरी, सुबोध बिदावतका, सीए सौरभ पोद्दार, विक्रांत बैजल, विवेक लूनिया, हितेश पुरोहित, हितेश अग्रवाल, अमृता मिश्रा, शुभम बजाज सूरज बिदावतका इत्यादि फाउंडेशन के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# बिल भरा तो मिला पानी

**कल्याण।** कल्याण रेलवे स्टेशन की जलापूर्ति स्थानीय निकाय अधिकारियों ने एक दिन के लिए काट दी क्योंकि 4.41 करोड़ रुपए के बकाया भुगतान नहीं किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार शाम को जलापूर्ति काट दी गई थी लेकिन रेलवे अधिकारियों द्वारा 1.17 करोड़ रुपए के मौजूदा बिल के भुगतान की प्रक्रिया शुरू किए जाने के बाद रविवार को आपूर्ति बहाल कर दी गई। केडीएमसी की ओर से पूर्व में सूचना दिए जाने के बावजूद, रेल अधिकारियों ने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जिसके कारण सहायक नगर आयुक्त सचिन तामखेडे ने शनिवार को ठाणे जिले में स्थित कल्याण स्टेशन की जलापूर्ति काट दी थी।

# पांच साल में नहीं ली एक भी छुट्टी

**सौ से अधिक छात्रों का कराया एडमिशन**

**पुणे।** पुणे में पांच साल पहले वाशिम जिले के सखरा गांव में विनोद जनक जिला परिषद स्कूल में शामिल हुए थे। उन्होंने कई छात्रों के बैचों के साथ काम किया है ताकि उन्हें नवोदय विद्यालय के लिए योग्य बनाया जा सके। इस साल, इनमें से 22 ने योग्यता प्राप्त की और 25 मार्च को मेरिट सूची की घोषणा होने पर इतिहास रच दिया। जनक ने नवोदय चयन के लिए कक्षा V की शुरुआत में तैयारी शुरू कर दी, जहां लगभग 40-50 छात्रों का एक विशेष बैच बनाया जाता है। जनक ने पांच सालों में गर्मी, दिवाली या रविवार की छुट्टी नहीं ली है और उनकी क्लास रोजाना सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक चलती है। उन्होंने अपने नोट्स बनाए हैं और छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए विभिन्न तकनीकों का उपयोग करते हैं। जनक ने 2007 से अब तक 100 से अधिक बच्चों को नवोदय के लिए योग्य बनाया है। वाशिम के शिक्षा अधिकारी विठ्ठल भुसारे ने बताया कि शुक्रवार को सुबह के स्कूल सत्र के बाद वह और कुछ अन्य शिक्षक कलमनुरी से ज़नाक से मिलने और उनके काम के बारे में जानने के लिए निकले।

# धार्मिक संपत्तियों में सरकार का हस्तक्षेप क्यों : आव्हाड

- वक्फ बिल पर एनसीपी शरद गुट के नेता का सवाल
- वक्फ संशोधन विधेयक का विपक्ष कर रहा विरोध
- यह बिल धार्मिक स्वतंत्रता का हनन

▪ **जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** सरकार ने साफ कर दिया है कि वो बुधवार को दोपहर 12 बजे लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करेगी। इस बिल पर चर्चा के लिए आठ घंटे का समय निर्धारित किया गया है। दूसरी तरफ सरकार के इस ऐलान के बाद से विपक्षी दल लामबंद हो गए हैं। इस बीच इस बिल पर एनसीपी शरद पवार गुट के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि वक्फ बोर्ड को जबरदस्ती लागू किया जा रहा है। यह जमीन किसी की निजी संपत्ति नहीं होती, बल्कि यह धार्मिक उद्देश्य के लिए समर्पित जमीन होती है। मुस्लिम समाज अपने धर्म की रक्षा और धार्मिक कार्यों के लिए मस्जिद, मदरसे, कॉलेज, तालीम केंद्र, कब्रिस्तान आदि के निर्माण के लिए वक्फ जमीन का उपयोग करता है। हमारे पूर्वज, जो अमीर लोग हुआ करते थे, वे दान के रूप में अपनी जमीन वक्फ दिया करते थे। इसे ही वक्फ कहा जाता है, और यह पूरी तरह से धार्मिक संपत्ति होती है। फिर सरकार इसमें हस्तक्षेप क्यों कर रही है? भारत में कई ऐसी जगहें हैं, जिन्हें कोई छू भी नहीं सकता, लेकिन पूंजीपतियों की उन पर नजर है।



**▸▸ दूसरों के धर्म में दखल देने की क्या जरूरत**

यह शर्मनाक है कि कुछ मुस्लिम प्रतिनिधियों ने खुद ही वक्फ की जमीन बेचने में मदद की। जबकि यह जमीन गरीबों, समुदाय और धर्म के लोगों के हित में उपयोग होनी चाहिए थी। जो भी व्यक्ति भारत से प्रेम करता है और संविधान का सम्मान करता है, उसे इस विषय पर गंभीरता से सोचना चाहिए। दूसरों के धर्म में दखल देने की क्या जरूरत है? उन्हें उनके तरीके से जीने दो। यह क्या नया चलन शुरू हो गया है कि 'यह मत खाओ, वह मत करो' क्या भारत तुम्हारे बाप की जागीर है?

## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# श्री श्री 1008 राजेश्वर भगवान का 143वां जन्मोत्सव पांच को

**▸▸ आंजणा चौधरी समाज, मुंबई आयोजित करेगा कार्यक्रम**

**सुरेश पाडीव/जागरूक टाइम्स**

**मुंबई।** श्री श्री 1008 राजेश्वर भगवान का 143वां जन्मोत्सव एवं रामनवमी महोत्सव श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ पांच एवं छह अप्रेल को मनाया जाएगा। इस भव्य आयोजन का आयोजन आंजणा चौधरी समाज, मुंबई द्वारा किया जा रहा हैं, जिसमें समाजबंधुओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया हैं। कार्यक्रम की शुरुआत पांच अप्रेल (शनिवार) को विशाल भजन संध्या से होगी, जो रात आठ बजे से शुरू होगी। इस दौरान भक्ति संगीत और संकीर्तन के माध्यम से श्रद्धालु भगवान का गुणगान करेंगे। इसके बाद छह अप्रेल रविवार को जयंती समारोह एवं प्रसादी का आयोजन प्रातः दस बजे से किया जाएगा, जहां भक्तगण भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे और प्रसाद का आनंद लेंगे। यह आयोजन हालाई लोहाणा महाजनवाड़ी, भुलेश्वर, मुंबई में आयोजित होगा। आयोजकों ने अधिकाधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में भाग लेने और इसे सफल बनाने की अपील की है।






# जैसलमेर : 20 से ज्यादा पुलिस अधिकारियों ने की जेल की जांच

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जैसलमेर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री को जेल से जान से मारने की धमकियों के बाद जैसलमेर में पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया है। जैसलमेर जेल में भी 20 से भी अधिक पुलिस के अधिकारियों ने जांच अभियान चलाया। एसपी सुधीर चौधरी के निर्देश पर एएसपी कैलाश दान जुगतावत और विशेष टीम द्वारा बड़ाबाग रोड स्थित जिला कारागार का अचानक निरीक्षण किया गया। पुलिस की टीम ने जेल के अंदर बने कार्यालय के भीतर और आसपास के क्षेत्रों की बारीकी से जांच की। सर्च अभियान के दौरान जिला कारागृह के सभी बैरक को चैक किया गया। विशेष रूप से, कैदियों के सामान की तलाशी ली गई, ताकि उनके पास कोई संदिग्ध वस्तु या प्रतिबंधित सामग्री न हो। इस दौरान पुलिस ने जेल में मौजूद कैदियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों से भी पूछताछ की। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

▶▶ सीएम शर्मा को धमकी के बाद अलर्ट

▶▶ कभी भी हो सकती है तलाशी!

### जेल से मिली धमकी के बाद पुलिस सतर्क

गौरतलब कि पिछले कुछ दिनों में प्रदेश के मुखिया भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री को जेल से जान से मारने की धमकी, जेल में संदिग्ध वस्तुएं मिलने और धमकी भरे फोन कॉल्स आने की घटनाओं में वृद्धि हुई है। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा कर दिया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जनता की भागीदारी बेहद जरूरी है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने से पुलिस को अपराध रोकने में मदद मिलेगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की स्थिति में पुलिस से संपर्क करें।

### जांच के दौरान ये रहे मौजूद

जेल में अचानक जांच करने पहुंचे विशेष टीम में ASP कैलाश दान जुगतावत, सीओ सिटी रूपसिंह ईन्दा, कोतवाली थाना प्रभारी प्रेमदान, सदर थाना प्रभारी बगडूराम, डीएसटी प्रभारी भीमराव सिंह, आरएसी व पुलिस की टीम मौजूद रहे। सर्च अभियान के दौरान जिला कारागृह के सभी बैरक को चैक किया गया। इस दौरान राजूराम जैलर मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया-पुलिस द्वारा जिला कारागृह का कभी भी अचानक सर्च किया जाएगा। यदि कारागृह में कोई भी अवांछनीय व संदिग्ध वस्तु पाई गई तो उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# जोधपुर एम्स की नर्सिंग ऑफिसर ने लगाया फंदा

▶▶ आत्महत्या से पहले दोस्त से हुई बात



**जोधपुर।** जोधपुर एम्स में नर्सिंग ऑफिसर ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। जानकारी के अनुसार सुसाइड करने से पहले नर्सिंग ऑफिसर अपने दोस्त से फोन पर बात कर रही थी। नर्सिंग ऑफिसर शादीशुदा था और जोधपुर संगरिया फांटा में किराए के घर में रहती थी। मामला 30 मार्च को दोपहर तीन बजे का है। बासनी SHO नितिन दवे ने बताया कि डिंपल चितारा (28) मूलरूप से गुजरात के मेघाणी नगर (अहमदाबाद) की रहने वाली थी। रविवार (30 मार्च) दोपहर को उसके दोस्त को सुसाइड की आशंका की जानकारी दी। उसने बताया कि डिंपल ने उससे बातचीत के दौरान उसे सुसाइड की धमकी दी है। दोस्तों ने डिंपल के परिवार को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिवार ने जब मकान मालिक की मदद से कमरा खुलवाया तो डिंपल फंदे पर लटकी मिली। SHO ने बताया कि डिंपल पति से अलग रह रही थी। सुसाइड के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। मामले में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। घटना के बाद अहमदाबाद से पहुंचे परिवार को 31 मार्च को शव सौंप दिया गया।

एसबीआई सर्विस डाउन

# ऑनलाइन लेनदेन में दिक्कत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति 'एनुअल क्लोजिंग' गतिविधियां पूरी करने के लिए मंगलवार दोपहर 1 से 4 बजे तक ऑनलाइन सर्विसेज बंद रहने की सूचना अपने ग्राहकों को दी, लेकिन मंगलवार सुबह से ही यूजर्स को लेनदेन में दिक्कत आनी शुरू हो गई। कई अन्य बैंकों के ग्राहक भी इसी तरह की शिकायत ऑनलाइन प्लेटफार्म कर रहे हैं। डाउनडिटेक्टर के अनुसार, मंगलवार सुबह से अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर यूजर्स की शिकायतें सामने आने लगी, जो 12 बजे तक लगातार बढ़ती चली गई। यूजर्स को सबसे ज्यादा दिक्कत मोबाइल बैंकिंग में देखने को मिली। इनमें सर्वाधिक यूजर्स एसबीआई के सर्वर डाउन होने की शिकायत कर रहे हैं। वहीं, यूपीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडिया पोस्ट बैंक, गूगल पे, बैंक ऑफ इंडिया, फेडरल बैंक, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के यूजर्स की शिकायतें भी हैं। हालांकि इस टेक्निकल गड़बड़ी की वजह फिलहाल सामने नहीं आई है।

▶▶ कई बैंकों के ग्राहक कर रहे शिकायतें



### एनपीसीआई ने कहा-यूपीआई सिस्टम सही है...कुछ बैंकों में रुकावट

UPI सेवाओं को संभालने वाले एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया) की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपडेट दिया गया है। इसमें स्पष्ट किया गया कि यूपीआई सिस्टम सुचारू रूप से काम कर रहा है। आज फाइनेंसियल ईयर क्लोजिंग के कारण कुछ बैंकों में लेन-देन में रुकावट आ रही है। इसके लिए एनपीसीआई आवश्यक समाधान के लिए संबंधित बैंकों के साथ काम कर रहा है।

### एसबीआई की पूर्व सूचना-दोपहर 1 से 4 बजे तक सेवाएं बंद रहेंगी

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से अपनी आधिकारिक वेबसाइट व अन्य प्लेटफार्म पर पूर्व सूचना दी गई है। इसमें बताया गया कि एनुअल क्लोजिंग प्रक्रिया के कारण, इंटरनेट बैंकिंग, रिटेल, मर्चेंट, योनो लाइट, सीआईएनबी, योनो बिजनेस वेब और मोबाइल ऐप, योनो, यूपीआई की सेवाएं 1 अप्रैल 2025 को 13:00 बजे से 16:00 बजे के बीच अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। इस अवधि के दौरान, यूपीआई लाइट और एटीएम की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

# जोधपुर रेलवे अस्पताल की ओपीडी का समय बदला

**जोधपुर।** जोधपुर रेलवे अस्पताल के ओपीडी समय में 1 अप्रैल से बदलाव किया जा रहा है। हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसआर बुनकर ने बताया कि गर्मियों में रोगियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 1 अप्रैल से रेलवे अस्पताल तथा इससे संबद्ध हेल्थ यूनिटों की ओपीडी का कार्य समय सोमवार से शनिवार तक सुबह 8:30 से दोपहर 2:30 बजे तक एक ही पारी में रहेगा। हालांकि, अस्पताल की आपातकालीन सेवाएं नियमित रूप से लगातार चालू रहेगी। डॉ. बुनकर ने बताया कि इस दौरान ओपीडी फार्मेसी की कार्य अवधि सुबह 8:30 से दोपहर 3 बजे तक रहेगी। स्थानीय स्तर पर खरीद की दवाओं का वितरण अस्पताल कार्य दिवसों में सुबह 10 से 12 बजे और सायं 5:30 से 6:30 बजे के बीच ही किया जाएगा। जबकि, फार्मासिस्ट ड्यूटी अवधि दोपहर 2 से रात 10 बजे तक होगी।

# वाहन चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार

▶▶ चोरी की पिकअप गाड़ी बरामद

**बालोतरा।** बालोतरा जिले की पचपदरा पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी की पिकअप गाड़ी बरामद की है। समदड़ी रोड स्थित ट्रीटमेंट प्लांट के सामने स्थित एक गोदाम से पिकअप गाड़ी चोरी हुई थी। गोदाम मालिक मोतीलाल जैन के स्टाफ मुबारक ने गोदाम पहुंचकर देखा कि ताला टूटा हुआ था। गाड़ी के साथ उसमें रखी केमिकल की टंकी भी चोरी हो गई थी। सहायक उप निरीक्षक नरपत सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। पुलिस ने जसोल के अमरपुरा निवासी भंवर सिंह, गुगरोट निवासी भैराराम, गोरडियो निवासी प्रेम सिंह और मेवा नगर निवासी श्रवण को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गाड़ी को बरामद किया।



इनामी आरोपी का सरेंडर

# पांच मामलों में वांटेड, टॉप-10 आरोपियों में शामिल



**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की पुलिस ऑपरेशन भौकाल के तहत फरार आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है। लगातार दबिश के कारण 5 मामलों का वांटेड और 25 हजार रुपए का इनामी आरोपी ने सोमवार को एसपी के सामने सरेंडर कर दिया। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि वांटेड इनामी आरोपियों को डिटेन करने के लिए जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार के निर्देश में ऑपरेशन भौकाल चलाया जा रहा है। जिले के टॉप-10 आरोपी दुर्जनसिंह पुत्र भीम सिंह निवासी केलनोर बीजराड़ को पकड़ने के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें लगातार तलाश कर रही थी। इसके परिणाम स्वरूप 25 हजार रुपए के इनामी आरोपी दुर्जनसिंह ने सरेंडर कर दिया।

### ▶▶ 5 थानों का वांटेड

पुलिस ने बताया कि आरोपी पुलिस थाना कोतवाली, सदर, ग्रामीण, बीजराड़ और जैसलमेर कोतवाली के अलग-अलग मामलों में वांटेड था। आरोपी आला दर्जे का बदमाश है। इसके खिलाफ 8 मामले दर्ज हैं। बाड़मेर कोतवाली थाने में 2, थाना सदर में 2, सेड़वा, बीजराड़, ग्रामीण थाने में 1-1 मामला दर्ज है। इसी तरह जैसलमेर कोतवाली थाने में 1 मामला दर्ज है।

# जलदाय विभाग की बड़ी कार्रवाई



**बालोतरा।** बालोतरा में जलदाय विभाग ने पानी चोरी के खिलाफ कार्रवाई की है। विभाग ने पाटोदी और बालोतरा क्षेत्र में मुख्य पाइप लाइनों से अवैध जल कनेक्शन के 12 मामले पकड़े हैं। सभी के खिलाफ पचपदरा थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता बाबूलाल मीणा के अनुसार, यह कार्रवाई सहायक अभियंता राकेश शर्मा के नेतृत्व में की गई। इससे पहले 30 मार्च को जसोल और तिलवाड़ा क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई थी। अधिशाषी अभियंता छत्राराम और सहायक अभियंता राकेश शर्मा ने अभियान चलाया। दोषियो से 2 लाख 50 हजार वसूला गया। यह राशि राजकोष में जमा करा दी गई है। विभाग ने चेतावनी दी है कि अवैध कनेक्शन और पानी की चोरी करने वालों पर नजर रखी जा रही है।

■ 2.50 लाख रुपए का वसूला जुर्माना

### मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 899 | 899 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 251 | 255 |
| जिंक स्लैब | 274 | 274 |
| लीड इन्गॉट | 182 | 182 |
| टिन स्लैब | 3195 | 3150 |
| निकल | 1408 | 1410 |
| सभी दरें रूपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 860 | 855 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 849 | 845 |
| कॉपर आर्मेचर | 838 | 836 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 775 | 772 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 560 | 555 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 600 | 600 |
| एल्युमिनियम | 200 | 204 |

### लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 9641 | +1900 |
| टिन | 37642 | +0 |
| लीड | 1914 | +250 |
| जिंक | 2807 | -1700 |
| एल्युमिनियम | 2488 | -3550 |
| निकल | 15878 | +300 |

▶▶ रिसोर्ट स्टाफ ने ही चुराया म्यूजिक सिस्टम

# जैसलमेर : चोखी ढाणी डेजर्ट कैम्प में चोरी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** पुलिस थाना सम द्वारा चोखी ढाणी रिसोर्ट में चोरी की घटना का खुलासा कर रिसोर्ट स्टाफ को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए दौसा निवासी मोनू बैरवा (21) के पास से चुराया गया करीब डेढ़ लाख का म्यूजिक सिस्टम भी बरामद किया। सम थाना प्रभारी सुरजाराम ने बताया कि पकड़ा गया मोनू बैरवा चोखी ढाणी रिसोर्ट पर ही इलेक्ट्रीशियन का काम करता है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर माल बरामद किया व कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने मोनू बैरवा को जेल भेज दिया।

### म्यूजिक सिस्टम चुराया

दरअसल, 28 मार्च को सम गांव स्थित चोखी ढाणी के मैनेजर परविंद सिंह चौहान ने पुलिस थाना सम में रिसोर्ट के म्यूजिक सिस्टम के चोरी होने की शिकायत दी। बताया कि रिसोर्ट के रूम नम्बर 111 में DJ सिस्टम को रखा था जिसकी चाबी मोनू बैरवा के पास रहती है। कमरे को एक दिन जब चेक किया गया तो उसमें DJ के म्यूजिक सिस्टम में से 2 एम्पलीफायर मशीन व 1 मिक्सर गायब हो रखा था।



## व्यापार जगत

# एलन मस्क का ट्रिलियनेयर बनने का सपना चकनाचूर!



▶▶ रोजाना गंवा रहे 10,000 करोड़

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क के लिए यह साल अच्छा नहीं रहा है। साल के पहले तीन महीने में वह 116 अरब डॉलर गंवा चुके हैं। इस तरह उन्होंने रोजाना करीब 1.2 अरब डॉलर यानी करीब 10,000 करोड़ रुपये गंवाए हैं। मस्क इस साल सबसे ज्यादा नेटवर्थ गंवाने वाले अरबपति हैं। सोमवार को टेस्ला के शेयरों में 1.67% गिरावट आई। इससे मस्क की नेटवर्थ में 13.9 अरब डॉलर गिर गई। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ अब 316 अरब डॉलर रह गई है। जिस तरह हाल के वर्षों में उनकी नेटवर्थ बढ़ी थी उससे माना जा रहा था कि वह 2027 तक दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बन सकते हैं। लेकिन हाल में जिस तरह से उनकी नेटवर्थ में गिरावट आई है, उससे उनका ट्रिलियनेयर बनने का सपना लंबा खिंच सकता है। वैसे दुनिया के टॉप 20 अरबपतियों की लिस्ट पर नजर डालें तो 14 की नेटवर्थ में गिरावट आई है। केवल वॉरेन बफे, बिल गेट्स, मुकेश अंबानी, कार्लोस स्लिम, फांसुआ बेटनकोर्ट मायज और जूलिया फ्लेशर कोच की नेटवर्थ में तेजी आई है। अमेरिका के जाने माने इन्वेस्टर बफे की नेटवर्थ में इस साल सबसे ज्यादा 24.3 अरब डॉलर की तेजी आई है। वह 166 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में छठे नंबर पर हैं। गेट्स की नेटवर्थ 2.03 अरब डॉलर, अंबानी की 84.7 करोड़ डॉलर, स्लिम की 1.4 अरब डॉलर, मायज की 3.28 अरब डॉलर और कोच की 2.59 अरब डॉलर बढ़ी है।

### किस-किसने गंवाया

दूसरी ओर सबसे ज्यादा नेटवर्थ गंवाने में मस्क के बाद लैरी एलिसन दूसरे नंबर पर हैं। उनकी नेटवर्थ में इस साल 30.3 अरब डॉलर की गिरावट आई है। लैरी पेज ने 27.2 अरब डॉलर, जेफ बेजोस ने 27.1 अरब डॉलर, सर्गेई ब्रिन ने 25.4 अरब डॉलर, माइकल डेल ने 24.5 अरब डॉलर, एनवीडिया के सीईओ जेंसन हुआंग ने 19.2 अरब डॉलर, स्टीव बालमर ने 14.5 अरब डॉलर, बर्नार्ड आरनॉल्ट ने 9.20 अरब डॉलर गंवाए है। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 21वें नंबर पर मौजूद गौतम अडानी ने 4.60 अरब डॉलर गंवाए हैं।

# चीन ने बड़े बैंकों को किया टाइट

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजनाओं से दुनियाभर में उथलपुथल मची हुई है। जिस तरह वह एक के बाद एक टैरिफ घोषित करते जा रहे हैं, उससे ट्रेड वॉर का और गहराना तय है। इस बीच चीन ने अपनी इकॉनमी में जान फूंकने के लिए बड़ा फैसला लिया है। उसने अपने चार सबसे बड़े सरकारी बैंकों को निवेशकों से 520 अरब युआन (लगभग 71.60 अरब डॉलर) जुटाने को कहा है। यह रकम प्राइवेट प्लेसमेंट के जरिए जुटाई जाएगी। इसका मतलब है कि बैंक सीधे तौर पर निवेशकों को शेयर बेचेंगे। इस फैसले में चीन का वित्त मंत्रालय भी शामिल होगा। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि बैंकों को अर्थव्यवस्था को सहारा देने में मदद मिल सके। चीन की सरकार ने पहले ही कहा था कि वह बैंकों को 500 अरब युआन की मदद देगी। इससे बैंक और ज्यादा लोन दे पाएंगे और अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। सरकार के इस फैसले के बाद बैंकों के शेयरों में सोमवार को उछाल आया। बैंक ऑफ चाइना ने कहा है कि वह 165 अरब युआन तक जुटाने का लक्ष्य बना रहा है। इसी तरह चाइना कंस्ट्रक्शन बैंक भी 105 अरब युआन तक के प्राइवेट प्लेसमेंट की योजना बना रहा है। बैंक ऑफ कम्युनिकेशंस ने कहा कि वह 120 अरब युआन तक के शेयर बेचेगा। पोस्टल सेविंग्स बैंक ऑफ चाइना 130 अरब युआन तक जुटाएगा। इन चारों बैंकों में चीन का वित्त मंत्रालय एक बड़ा शेयरधारक है। मंत्रालय भी इन चारों बैंकों की पूंजी जुटाने की प्रक्रिया में शामिल होगा। बैंक ऑफ कम्युनिकेशंस ने अपनी फाइलिंग में कहा है कि शेयर जारी होने के बाद वित्त मंत्रालय उसका सबसे बड़ा शेयरधारक बन जाएगा। चीन के बड़े बैंकों का सालाना मुनाफा स्थिर रहा है लेकिन उनकी कमाई में कमी आई है। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि अर्थव्यवस्था धीमी हो गई है और प्रॉपर्टी सेक्टर भी मुश्किलों का सामना कर रहा है। चीन की इकॉनमी में रियल एस्टेट का एक तिहाई हिस्सा है। रियल एस्टेट के डूबने से बैंकिंग सेक्टर पर भी खतरा मंडरा रहा है। विश्लेषकों ने कहा है कि वे बैंकों को जल्दी से पूंजी दें। इससे बैंक ज्यादा लोन दे पाएंगे और अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने में मदद मिलेगी। साथ ही, बैंकों को अपनी एसेट क्वालिटी को भी संभालना होगा।




## आप का राशिफल 2 अप्रैल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक 3 6 8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक 6 7 9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

# एक झटके में सोना 1802 रुपए महंगा

▶▶ एक लाख की ओर बढ़े कदम

**मुंबई।** फरवरी और मार्च के बाद अप्रैल में भी सोने की उड़ान जारी है। नए वित्त वर्ष के पहले दिन आज 1 अप्रैल को सर्राफा बाजारों में बिना जीएसटी 24 कैरेट गोल्ड 1802 रुपये महंगा हो गया। सोने ने आज नए ऑल टाइम हाई 90966 रुपये प्रति ग्राम के रेट से नए वित्त वर्ष की शुरुआत की है। दूसरी ओर, चांदी के रेट में 1060 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। सोने के भाव अब एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। आज चांदी 99832 रुपये प्रति किलो की दर से खुली। ये रेट बिना जीएसटी के हैं। अगर 3 पर्सेंट जीएसटी जोड़ लें तो आज सोने के भाव 93694 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी के 102826 रुपये प्रति किलो पर पहुंच रहे हैं। इस साल अबतक सोने के रेट में 15226 रुपये और चांदी के भाव में 13815 रुपये का उछाल आया है। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है।



### 22 कैरेट गोल्ड भी पहुंच से बाहर

आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी आज 1795 रुपये महंगा होकर 90602 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव दोपहर 1 बजे के करीब 1651 रुपये तेज होकर 83325 रुपये पर खुला। 18 कैरेट गोल्ड का भाव भी 1352 रुपये महंगा होकर 68225 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 1054 रुपये बढ़कर 53215 रुपये पर पहुंच गई है।

# रतन टाटा ने अपनी प्रॉपर्टी को कइयों में बांटा

**नई दिल्ली।** दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा की वसीयत का खुलासा हो गया है। उन्होंने अपनी संपत्ति का बड़ा हिस्सा दान कर दिया है। उनकी संपत्ति लगभग 3,800 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसमें टाटा संस के शेयर और दूसरी चीजें शामिल हैं। यह सब रतन टाटा एंडोमेंट फाउंडेशन और रतन टाटा एंडोमेंट ट्रस्ट को दिया गया है। ये दोनों कंपनियां दान और परोपकार के काम करती हैं। रतन टाटा के पास कुछ और भी संपत्ति थी। इसमें बैंक में जमा पैसे, कुछ कागजात और घड़ियां-पेंटिंग जैसी चीजें शामिल थीं। इसकी कीमत लगभग 800 करोड़ रुपये थी। इसका एक तिहाई हिस्सा उन्होंने अपनी दो सौतेली बहनों, शिरीन जेजेभोय और डीना जेजेभोय को दिया है। बाकी का एक तिहाई हिस्सा मोहिनी एम दत्ता को मिला है। मोहिनी टाटा ग्रुप में काम करते थे और रतन टाटा के करीब थे। इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक रतन टाटा के जुहू वाले बंगले का एक हिस्सा उनके भाई जिमी नवल टाटा को मिलेगा। जिमी 82 साल के हैं। रतन टाटा ने अपने एक करीबी दोस्त मेहली मिस्त्री को अलीबाग वाली प्रॉपर्टी दी है। साथ ही टाटा की तीन बंदूकें भी उन्हें मिलेंगी। इसमें एक .25 बोर की पिस्तौल भी है, जो उन्हें बहुत पसंद थी।



### चैरिटी को ज्यादा हिस्सा

रतन टाटा ने 23 फरवरी, 2022 को एक वसीयत बनाई थी। इसमें चार कोडिसिल हैं। कोडिसिल का मतलब है वसीयत पर साइन करने के बाद उसमें कुछ बदलाव करना। आखिरी कोडिसिल में यह बताया गया है कि रतन टाटा ने कुछ कंपनियों के शेयर खरीदे थे। इनमें लिस्टेड और अनलिस्टेड दोनों तरह की कंपनियां शामिल हैं। इसके अलावा, कुछ ऐसी संपत्ति भी थी जिसके बारे में वसीयत में कुछ नहीं लिखा था। यह सब रतन टाटा एंडोमेंट फाउंडेशन और रतन टाटा एंडोमेंट ट्रस्ट को बराबर-बराबर दिया जाएगा। वसीयत का प्रोबेट एक कानूनी प्रक्रिया है। इसमें कोर्ट यह देखता है कि वसीयत असली है या नहीं। अगर वसीयत सही पाई जाती है, तो कोर्ट उसे लागू करने की अनुमति दे देता है। इसके बाद, वसीयत को लागू करने वाला व्यक्ति टाटा वसीयत के अनुसार संपत्ति का बंटवारा कर सकता है। वकील डेरियस खंबाटा, मेहली मिस्त्री, शिरीन और डीना जेजेभोय वसीयत को लागू करने वाले हैं। संपत्ति का बंटवारा तभी होगा जब कोर्ट इसे सही मानेगा। इस प्रक्रिया में लगभग छह महीने लग सकते हैं। रतन टाटा का पिछले साल 9 अक्तूबर को निधन हो गया था। उनकी इच्छा के अनुसार उनके पालतू जानवरों के लिए 12 लाख रुपये का फंड बनाया जाएगा। हर जानवर को हर तीन महीने में 30,000 रुपये मिलेंगे।

नववर्ष पर मुख्यमंत्री की कार्मिकों को सौगात

# जालोर : महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत वृद्धि को दी मंजूरी



- अब मिलेगा 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता
- 12 लाख 40 हजार कार्मिक एवं पेंशनर्स होंगे लाभान्वित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नववर्ष विक्रम संवत (2082) एवं नवीन वित्तीय वर्ष 2025-26 के अवसर पर राज्य कार्मिकों को महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत वृद्धि की सौगात दी है। पेंशनर्स को भी महंगाई राहत में 2 प्रतिशत वृद्धि देय होगी। उल्लेखनीय है कि गत शुक्रवार को केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीय कार्मिकों के डीए में बढ़ोतरी की गई थी। इस बढ़ोतरी के बाद पहले कार्यदिवस पर ही मुख्यमंत्री के निर्देश पर बिना देरी किए राज्य में भी केंद्र सरकार के कर्मचारियों के अनुरूप महंगाई भत्ता अथवा मंहगाई राहत में वृद्धि को मंजूरी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को इस संबंध में वित्त विभाग के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। अब प्रदेश में सातवें वेतनमान के अंतर्गत राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को 1 जनवरी 2025 से 53 प्रतिशत से बढ़ाकर 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता अथवा मंहगाई राहत देय होगी। इस निर्णय का लाभ लगभग 8 लाख कर्मचारियों एवं 4.40 लाख पेंशनर्स को मिलेगा। पंचायत समिति तथा जिला परिषद के कर्मचारियों को भी इस वृद्धि का लाभ मिलेगा।
कर्मचारियों को मई 2025 में देय अप्रेल 2025 के वेतन से बढ़े हुए महंगाई भत्ते का नकद भुगतान किया जाएगा तथा दिनांक 01 जनवरी से 31 मार्च 2025 तक तीन माह की राशि संबंधित कर्मचारियों के सामान्य प्रावधायी निधि खाते में जमा की जाएगी। पेंशनरों को 01 जनवरी, 2025 से महंगाई राहत का नकद भुगतान किया जायेगा। कर्मचारियों और पेंशनरों के हित में लिए गए इस संवेदनशील निर्णय से राज्य सरकार पर लगभग 820 करोड़ रूपए का वार्षिक वित्तीय भार आएगा।

## सांचौर तहसील की 10 ग्राम पंचायतों में हो रहे फॉलोअप कैम्प

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से सांचैर तहसील की 10 ग्राम पंचायतों में फॉलोअप शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें किसानों का पंजीकरण कर उन्हें फार्मर आईडी प्रदान की जा रही है। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत सांचैर तहसील में 1 से 4 अप्रेल तक डांगरा, दांतिया, बिछावाड़ी, गोलासन, कारोला, पमाना, विरोल बड़ी, कोड़ व लाछीवाड़ में तथा 1 से 6 अप्रेल तक सांचैर में फॉलोअप कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

■ किसानों का पंजीकरण कर दी जा रही फार्मर आईडी

# विधानसभा रानीवाड़ा में 'मन की बात' का भव्य कार्यक्रम



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की उनके इस चर्चित कार्यक्रम का 120 वां एपिसोड है इस कार्यक्रम में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात करते हैं। इस दौरान वह देश की प्रगति मे सहायक लोगों की प्रेरणादायक बातों को साझा करके युवाओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास करते हैं। उनके इस कार्यक्रम को लोग देश विदेश मे तन्मयता से सुनते हैं। यह विचार विधानसभा रानीवाड़ा मुख्यालय के नजदीक भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने मन की बात में उपस्थित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही, उन्होंने कहा कि देश मे डबल इंजन की सरकार विकास के नये आयाम स्थापित कर लाईन के अंतिम व्यक्ति को विकास के माध्यम से आगे की पक्ति मे लाने का भागीरथी कार्य कर रही। जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने केंद्र के मोदी सरकार व राजस्थान के भजनलाल सरकार के विकासशील नीति को आमजनों के बीच ले जाने का आह्वान किया। मन की बात बात मे प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र मे गुड़ी पाड़वा मनाया जाता है विविधता भरे हमारे देश मे अलग अलग राज्यों मे अगले दिन में असम में रोंगाली बिहू' बंगाल में 'पोइला बोइशाख' कश्मीर में ' नवरेह' का उत्सव मनाया जाएगा, 13 से 15 अप्रैल के बीच देश के अलग अलग हिस्सों में त्योहारों का है। उन्होंने देश के लोगों को इस त्यौहारों की बहुत बहुत बधाई दी। इस मौके पर राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक केबिनेट मंत्री जोगेश्वर गर्ग, जालोर सिरोही लोकसभा क्षेत्र के सांसद लुम्बाराम चौधरी, जिला प्रमुख राजेश राणा, पूर्व विधायक एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण सिंह देवल, पूर्व विधायक जगसीराम कोली, रावणा राजपूत समाज जिलाध्यक्ष राजू सिंह राजपुरा, रावणा राजपूत समाज के जिला महामंत्री राजू सिंह बड़गांव,सोमाराम चौधरी, रानीवाड़ा भाजपा मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट रमेश आंजना, बड़गांव भाजपा मण्डल अध्यक्ष बलवंतसिंह राजपुरोहित, जसवंतपुरा भाजपा मण्डल अध्यक्ष भंवर सिंह राजपुरा, श्री भैरव कृषि मंडी के चेयरमैन मफतसिंह मानसिंह परमार आजोदर सहित कई गणमान्यजन के साथ भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# भारत विकास परिषद की आम सभा




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** भारत विकास परिषद् भीनमाल की साधारण आम सभा का आयोजन एवं वार्षिक चुनाव स्थानीय आदर्श विद्या मंदिर बालिका प्राथमिक विद्यालय में आयोजित हुए। सर्वप्रथम भारत माता व स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर वंदे मातरम् राष्ट्रगीत के साथ आम सभा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान राजस्थान पश्चिम प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य व देखरेख में आम सभा व वार्षिक चुनाव संपन्न हुए।

बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष नरेन्द्र आचार्य ने करते हुए स्वागत उदबोधन दिया। शाखा सचिव परसराम कंसारा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतिवेदन में शाखा द्वारा वर्ष भर में सेवा व संस्कार प्रकल्पों के तहत किये गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया। सदन में आय व्यय का लेखा कोषाध्यक्ष सुरेश पारीक द्वारा प्रस्तुत किया। चुनाव प्रक्रिया के तहत शाखा की वर्ष 2025-26 के लिए नवीन कार्यकारिणी के चुनाव में सर्वसम्मति से अमृतलाल प्रजापत अध्यक्ष, सचिव परसराम कंसारा व कोषाध्यक्ष हीरालाल चौहान चुने गए। प्रांतीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी ने बताया कि परिषद् का मूल उद्देश्य समाज का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने कहा कि हमें संस्था के उद्देश्यों के प्रति समर्पित होना चाहिए। उन्होने परिषद् को एक पंचामृत के समान बताते हुए इसके पांच मूल तत्व सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा व समर्पण की विस्तृत विवेचना की। उन्होने कहा कि हम ऐसे प्रभावी कार्यक्रम आयोजित कर सामाजिक बुराइयां पर सीधे ही चोट करे। हमारे कार्यक्रमों का समाज पर प्रभाव दिखना चाहिए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमृतलाल प्रजापत व सचिव परसराम कंसारा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि सभी के सहयोग से परिषद् के उद्देश्यों के अनुरूप सेवा व संस्कार के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज के सर्वांगीण विकास में सहभागी बनेंगे।

नीट क्लासेज का शुभारंभ

# एडीएम ने छात्रों को दिए टिप्स

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा के मालवाड़ा सडक मार्ग पर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर शिक्षण समिति द्वारा नीट क्लासेज 2025 का मंगलवार को विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया है। जिले में पहली नीट क्लासेज खुली है।
जहां पर छात्र अपने भविष्य को लेकर आगे बढ़ पाएंगे। कार्यक्रम में बाड़मेर अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्रसिंह एवं गजीपुरा महंत प्रेमभारती महाराज के मुख्य आतिथ्य मे आयोजित हुआ। इस दौरान बाड़मेर अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्रसिंह एंव गजीपुरा महंत प्रेमभारती महाराज, स्वंयसेवक संघ के जिला संचालक डॉ. किशनलाल जोशी, सिलासन सरपंच एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष वरदाराम माली एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश आंजना, बडगांव मंडल अध्यक्ष बलवन्त राजपुरोहित सहित डायरेक्टर तरुण गहलोत ने फीता काटकर शुभारंभ किया गया है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्रसिंह ने संबोधित करते हुए विद्यालय के छात्रों को मोटिवेशन दिया एवं शिक्षा के प्रति आगे बढ़ने की बात कही। वहीं उन्होंने कहा कि रानीवाड़ा के लिए सौभाग्य की बात है नीट कलासेज मे पढकर आपके बच्चे आगे बढ पाएगे वही शिक्षा के प्रति अच्छी सराहनीय रहने को लेकर बच्चों को टिप्स दिए। वहीं कार्यक्रम में प्रेम भारती महाराज ने भी बच्चों को सम्बोधित किया।



## सिरोही एवं जालोर जिलों की समीक्षा बैठक आज

**जालोर।** राज्य के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग मंत्री कन्हैयालाल बुधवार 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, सिरोही में सिरोही एवं जालोर जिलों की विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे। राज्य के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग के मंत्री कन्हैयालाल 2 अप्रेल, बुधवार को प्रातः 7 बजे बांसवाड़ा से रवाना होकर वाया सागवाड़ा-डूंगरपुर होते हुए दोपहर 2 बजे सिरोही पहुँचेंगे तथा दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार सिरोही में सिरोही एवं जालोर जिलों की विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे।

# प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही परावा की छात्रा की संदिग्ध मौत

**सांचौर।** क्षेत्र के परावा गांव रहने वाली छात्रा की जोधपुर में संदिग्ध परिस्थितियों मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार परावा निवासी छात्रा जोधपुर में नीट स्टूडेंट थी, जो रातानाडा इलाके में स्थित गर्ल्स हॉस्टल में रहकर मेडिकल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। इस दौरान 26 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक तौर पर इसे आत्महत्या बताया जा रहा था, किन्तु मृतक के परिजनों ने हॉस्टल संचालक पर हत्या का आरोप लगाते हुए मामले में आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की। मृतका के परिजनों के अनुसार मृतका संगीता विश्नोई जोधपुर के गर्ल्स पीजी हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी, 30 मार्च को उसके पिता भगुभाई विश्नोई को हॉस्टल मालिक तुषार गहलोत का फोन आया कि उनकी बेटी ने कमरे में फांसी लगा ली है, जब परिवार मौके पर पहुंचा तो पाया कि हॉस्टल मालिक ने बिना किसी को बताए शव को पहले गोयल अस्पताल और फिर महात्मा गांधी अस्पताल ले गया, परिवार का कहना है कि हॉस्टल संचालक ने पुलिस को सूचना नहीं दी ।

# दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** गत दिनों आहोर के माधोपुरा गांव में घांची समाज की बेटी डिम्पल द्वारा आत्महत्या करने के मामले में दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग को लेकर मंगलवार को भीनमाल में जालोर घांची मोदी समाज जिलाध्यक्ष पारस मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम आईएएस अधिकारी मोहित कसानिया को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान घांची मोदी समाज भीनमाल अध्यक्ष भगवानाराम चौहान, गणपतलाल, तगाराम, उकाराम, राजमल, महादेवाराम, बाबूलाल, देवाराम, बाबूलाल परमार, माधवाराम, मसराराम, भीखाराम, बगदाराम, पुखराज, पारसमल, हीरालाल, बगदाराम, रंगाराम, मफाराम, गणेशाराम, रमेश चौहान, दिनेश परमार, मनरूपाराम, गौतम व नारायण परमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

# नवोदय विराट पथ संचलन आज

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** राष्ट्र सेविका समिति भीनमाल जिले द्वारा नवोदय विराट पथ संचलन का आयोजन बुधवार को होगा। मुख्य वक्ता राजल दीदी प्रांत सह तरूणी प्रमुख की सानिध्यता होगी। उर्मिला खंडेलवाल ने बताया कि कार्यक्रम फाफरीया हनुमान मंदिर भीनमाल में होगा। एकत्रीकरण शाम 4 बजे स्थानीय फाफरिया हनुमान जी मंदिर में होगा ।मुख्य वक्ता का उद्बोधन कार्यक्रम शाम 4:45 पर प्रारंभ होगा। संचलन प्रचल शाम 5:30 बजे फाफरिया हनुमान मंदिर से होगा और संचलन का समापन स्थानीय कचहरी रोड स्कूल में रहेगा। पथ संचालन फाफरीया हनुमान जी मंदिर से प्रारंभ, चुंगी नाका,हाई स्कूल, कुल्फी फैक्ट्री, रामदेव चौक,होली चौक,पुराना जुंजाणी बस स्टैंड,गांधी चौक, सरकारी अस्पताल के सामने,चारभुजा मंदिर,घंटाघर, गणेश चौक,वराह श्याम मंदिर,पीपली चौक,माघ चौक व कचहरी रोड स्कूल में समापन होगा। पथ संचालन को लेकर मंगलवार को तैयारियो को अंतिम रूप दिया गया। राष्ट्र सेविका समिति की सदस्याओं ने इस आयोजन के लिए कड़ी मेहनत की है।



# कृषि मंडी व्यापार संघ की नवीन कार्यकारिणी गठित

**भीनमाल।** स्थानीय श्री सूरजपालसिंह कृषि मंडी व्यापार संघ की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें श्याम खेतावत को अध्यक्ष, अशोक सेठ व सचिन को उपाध्यक्ष, दिनेश दोषी सचिव, रामलाल जाट कोषाध्यक्ष व पुखराज कानूनगो प्रवक्ता चुने गए। अध्यक्ष श्याम खेतावत ने बताया कि मंडी व्यापारियों के व किसानों के हित में सदैव तत्पर रहूंगा। मंडी में आमदनी बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। जिससे ज्यादा से ज्यादा माल मंडी में आएं और यहां किसानों को अपनी उपज का सही मूल्य मिल सके। भीनमाल मंडी सबसे प्राचीन मंडी है, जहां कृषि जिंसों की पैदावार ज्यादा होती है। राजस्थान और गुजरात में कृषि मंडी शुल्क में डिफरेंस होने से अधिकांश माल गुजरात में जाता है। इसलिए राजस्थान सरकार को पत्र लिखकर अवगत करवाया था कि भीनमाल मंडी बॉर्डर मंडी है और क्षेत्र में जीरा ईसबगोल की बहुत पैदावार होती है। मंडी शुल्क में कमी की जाए तो यहां पर आमदनी बढ़ सकती है।



साप्ताहिक समीक्षा बैठक

# संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं का निस्तारण करें

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त हुए प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी प्राप्त परिवेदनाओं का निस्तारण न्यूनतम समय में गुणवत्तापूर्ण समाधान करते हुए परिवादियों को राहत प्रदान करें। जिला कलक्टर ने जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार माह के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय गुरुवार को आयोजित होने वाली त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई के दौरान जिले के नागरिकों की परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के संतुष्टिपूर्वक समाधान करने के उपरांत परिवादियों से बातचीत कर उनसे फीडबैक लेने की बात कही। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदम्बरा परमार आदि उपिस्थत थे।

## मिर्ची से भरे ट्रक में लगी आग

**सांचौर।** शहर में मंगलवार सुबह बिजली के तार छूने से मिर्ची से भरे ट्रक में आग लग गई। गनीमत रही कोई जन हानि नहीं हुई। वहीं ट्रक चालक ने ट्रक को आबादी से बाहर ले जाकर खड़ा कर दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। शहर के इंदिरा कॉलोनी में लाल मिर्ची से भरे ट्रक में बिजली के तारों के संपर्क में आने से आग लग गई। इस दौरान चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रक को पास में खाली पड़ी जमीन की ओर मोड़ दिया, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। चालक विजय सिंह गुजरात से लाल मिर्ची लेकर सांचौर आया था, इंदिरा कॉलोनी में माल उतारने के लिए ट्रक खड़ा कर रहा था, इसी दौरान ट्रक ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों से छू गया, जिससे चिंगारी निकली और सूखी मिर्ची में आग फैल गई। चालक ने जलते हुए ट्रक को खाली मैदान की ओर ले गया। इस सूझबूझ से आसपास के घरों और दुकानों को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया। सूचना मिलते ही नगर परिषद की दमकल टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**सांचौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के घुमंतू उत्थान न्यास द्वारा सांचौर स्थित आदर्श विद्या मंदिर गोगाजी मंदिर में घुमंतू बंधुओं को सरकारी लाभों की जानकारी देकर, जरूरतमंदों को वस्त्र वितरण किया गया। नगर घुमंतू कार्य प्रमुख विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर के बोरला नाडी के पास बसे घुमंतू बंधुओं से भेंट कर, उन्हें विद्या मंदिर में आयोजित घुमंतू उत्थान कार्यक्रम में जिला घुमंतू कार्य प्रमुख कांतिलाल सूर्या, समाज सेविका डॉ. शीला बिश्नोई, विद्यालय प्रधानाध्यापिका विमला बिश्नोई की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में घुमंतू गीता बेन द्वारा भगवान श्रीराम का पूजन किया गया। उन्होंने अपने घुमंतू जीवन के कटु अनुभवों को सबके समक्ष रखते हुए बताया कि शिक्षा के अभाव और सरकारी लाभों से वंचित होने से जीवन यापन करना कठिन हैं। जिला घुमंतू कार्य प्रमुख कांतिलाल सूर्या ने सरकारी योजनाओं के लाभ की जानकारी देते हुए, उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार योजनाओं के लाभ के लिए दस्तावेजों को पूर्ण करवाकर, लाभ प्रदान करवाया जाएगा।



## महाराणा सांगा पर गलत टिप्पणी के खिलाफ सर्व समाज ने सौंपा ज्ञापन

**जसवंतपुरा।** उपखंड मुख्यालय पर मंगलवार को सर्व समाज ने सपा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा महाराणा सांगा पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के विरुद्ध में महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपखण्ड अधिकारी रामलाल मीणा को ज्ञापन दिया गया। जिसमें संसद में सपा के सासंद के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने एवं अखिलेश यादव को इनकी पार्टी के नेता को निलंबित करने की मांग की गई। इस मौके पर भैरूदान चारण फैदाणी, मालमसिंह पुरण, मुकाराम पुरोहित गोलाणा, मोहनलाल जैन, ईश्वरसिंह वाडा, भवरसिंह राजपुरा, विक्रमसिंह गजापुरा, भगवान सिंह चेकला, जसवंत भाई प्रजापत, करणीदान चारण फैदाणी, देवाराम प्रजापत, शेर सिंह गजापुरा, रामसिंह जीतपुरा, गोविन्द पाल सिंह गजापुरा, धनाराम देवासी पावटी, नपसाराज आम्बातरी, नैपाल सिंह कागमाला, उमराव सिंह फैदाणी, हेमेन्द्रसिह चांदुर, तैज सिह पुरण बाबुराम पुरोहित गोलाणा, दीप सिंह वाडा, मोनाराम चौधरी गोलाणा, भवर सिंह चेकला, गजेन्द्र सिंह जाविया, राम सिंह गोलाणा, नवलसिह वाडा, प्रवीण सिंह जाविया, भरत कुमार सेन, गोरधन सिंह चेकला, जितेन्द्र सिंह चेकला, गिरीराज सिंह जीतपुरा, भरत राणा सहित सर्व समाज के लोग मौजूद थे।



# सांचौर जिला बचाओ संघर्ष समिति का धरना 94 वें दिन जारी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राज्य सरकार द्वारा सांचौर जिले को खत्म करने के विरोध में सांचौर संघर्ष समिति के धरने को तीन महीने पूरे हो गये, जिसको स्थानीय ग्रामीणों का लगातार समर्थन मिल रहा है। वहीं प्रत्येक दिन अलग- अलग ग्राम पंचायतो के ग्रामीणों द्वारा धरना स्थल पर पहुंचकर धरने को समर्थन दिया जा रहा है। मंगलवार को सिवाड़ा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने धरने को समर्थन दिया। वहीं सरकार से जिले की बहाली की मांग की जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले तीन माह से चलने वाले धरने के बावजूद सरकार का कोई प्रतिनिधि ग्रामीणों से बात करने नहीं पहुंचा जो लोकतंत्र का अपमान है। वहीं जनता के द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि भी धरने से दूरी बनाये हुए है जो ठीक बात नही है। जिले का सबसे बड़ा फायदा आमजनता को मिल रहा था, जिसमें गरीब लोग आसानी से न्याय तक पहुंच रहे थे, किन्तु सरकार ने गलत निर्णय लेकर सांचौर की जनता के साथ अन्याय किया है।
उन्होंने कहा कि जब तक जिला बहाल नहीं होगा आंदोलन होता रहेगा, जिला बहाली को लेकर संघर्ष को तेज करने की चेतावनी दी। इस दौरान धरने को पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई, केसाराम मेहरा, लादूसिंह किलवा, पूर्व सरपंच जगमालाराम सारण, पंचायत समिति सदस्य सुरेन्द्र खिलेरी, भागरीथराम गोदारा सेवानिवृत अध्यापक, जगदीश साहू, , मसराराम मेघवाल ,आसुराम साहू, मांगीलाल साहू, भेराराम खिलेरी , लक्ष्मणदान गढ़वी, पांचाराम देवासी, मांगीलाल डारा, समरथाराम लुहार, राणसिंह पुरोहित, भेराराम साहू, प्रकाश गोदारा, मालाराम जांगू, ओमप्रकाश साहू, चुन्नीलाल मांजू, रुगनाथ राम भादू, सुरेश साहू, गणपतलाल बिश्नोई सहित कई जने मौजूद रहे ।



**जिला बाहली को लेकर सौंपा ज्ञापन** - जिला बाहली को लेकर एडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि सांचौर की जालोर से 145 किमी दूरी है। वहीं अंतिम गांव रणखार से ढाई सौ किमी दूरी है। सांचौर के अंतिम गांवों से जालोर मुख्यालय के सीधी बस सेवा भी नहीं है। ऐसे में आवश्यक कार्य के लिये लोगों को जालोर आवाजाही के लिये भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में बताया कि साचौर जिला सभी मापदंडों को पूरा करता है फिर भी बिना कोई ठोस कारण के जिला खत्म कर दिया गया, जो ठीक बात नहीं है। इस दौरान लोगों ने सांचौर जिले को जनता के हित में बहाल करने की मांग की ।

# 24 वर्ष की राजकीय सेवा से बेनीवाल सेवानिवृत



**गुड़ामालानी।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत नेहरा का वास के राजस्व गांव रतनासर निवासी नायब रिसालदार चेनाराम बेनीवाल मंगलवार को सेवानिवृत हुए। बेनीवाल ने 24 वर्ष की भारतीय सेना में कवचित कोर की 8 वी लाइट कैवलरी से निष्ठावान एंव गौरवमयी केंद्रीय सेवा पूर्ण की। बेनीवाल राजकीय सेवा से सेवानिवृत होकर गुड़ामालानी पहुंचे,जहां परिवार सहित क्षेत्रवासियों ने बेनीवाल का साफा, माला व गुलाल उड़ाकर स्वागत किया गया। साथ ही अहिंसा सर्कल से घर के लिए डीजे की धुन के साथ लम्बे काफिले के साथ प्रस्थान रैली निकाली गई। प्रस्थान रैली का जगह जगह फूलों से भव्य स्वागत किया गया। साथ ही रात्री जागरण का आयोजन हुआ। वही आज स्नेह मिलन समारोह का आयोजन होगा साथ ही गणगौर पूजन भी होंगी। इस प्रस्थान रैली के दौरान गुड़ामालानी प्रधान बिजलाराम चौहान, आडेल प्रधान प्रतिनिधि नगाराम बेनीवाल, अमराराम बेनीवाल, छगनलाल गोयल , दलाराम वकील, गोरधनराम ढाका सहित बड़ी संख्या मे महिला व पुरुष मौजूद रहे।

## सुविचार

अगर गिर के आगे नहीं बढ़े तो क्या फ़ायदा, गिरावट आपको आगे बढ़ाने के लिए आती है।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## वक्फ बिल पर बवाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बुधवार को लोकसभा में बहुप्रतीक्षित वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पेश करेगी। इस पर आठ घंटे की चर्चा के बाद वोटिंग होगी। पहले इस बिल को संसदीय समिति के पास भेजा गया था। समिति ने बिल में कई संशोधन सुझाएं हैं। इन सुझावों को कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। अब बिल पेश होने के बाद इसके फाइनल स्वरूप का पता चलेगा। विपक्षी दल इस बिल का पुरजोर तरीके से विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे सरकार मुस्लिमों की दान की संपत्ति पर कब्जा करना चाहती है। वहीं सरकार का कहना है कि वक्फ बोर्ड की लाखों एकड़ की जमीन और अरबों रुपए की संपत्ति के बेहतर प्रबंधन और उसका गरीब और पिछड़े मुस्लिम समुदाय के कल्याण में इस्तेमाल के लिए इस विधेयक को कानूनी शक्ल देना जरूरी है। लोकसभा में कुल सीटें 543 हैं। इसमें बहुमत के लिए 272 सांसदों का समर्थन चाहिए। एनडीए के पास अभी 293 सांसद हैं, जिसमें भाजपा के 240 सांसद शामिल हैं। इसके अलावा जेडीयू के 12, टीडीपी के 16, एलजेपी के 5, शिवसेना (शिंदे गुट) के 7 और अन्य छोटे सहयोगियों के सदस्य शामिल हैं। यह संख्या बहुमत से 21 ज्यादा है। जेडीयू और टीडीपी जैसे बड़े सहयोगियों ने बिल का समर्थन करने का संकेत दिया है। इससे लोकसभा में इसे पास कराना एनडीए के लिए आसान लग रहा है। हालांकि विपक्षी दल जैसे कांग्रेस, सपा, टीएमसी और एआईएमआईएम इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं। लेकिन इनकी कुल संख्या 250 से कम है। राज्यसभा की मौजूदा प्रभावी ताकत 234 है, क्योंकि जम्मू-कश्मीर की चार सीटें खाली हैं। इसमें बहुमत के लिए 118 सांसद चाहिए। बीजेपी के पास उसके अपने 96 सांसद हैं और एनडीए के सहयोगियों के साथ कुल संख्या 113 तक पहुंचती है। इसमें जेडीयू के 4, टीडीपी के 2 और अन्य छोटे दलों के सांसद शामिल हैं। इसके अलावा छह मनोनीत सदस्य हैं, जो आम तौर पर सरकार के पक्ष में वोट करते हैं। इससे एनडीए की ताकत 119 हो जाती है, जो बहुमत से दो ज्यादा है। हाल ही में हुए उपचुनावों और बीजेडी व वाईएसआरसीपी के कुछ सांसदों के बीजेपी में शामिल होने से यह स्थिति बनी है। लेकिन यह बहुमत बहुत मामूली है। अगर कुछ सांसद गैरहाजिर रहते हैं या विरोध में वोट करते हैं तो सरकार के लिए मुश्किल हो सकती है। दूसरी ओर विपक्ष में कांग्रेस के पास 27 सांसद हैं। अन्य विपक्षी दलों के पास 58 सदस्य हैं। इस तरह राज्यसभा में कुल विपक्षी सांसदों की संख्या 85 तक पहुंचती है। यानी सारा दारोमदार बीजेडी और वाईएसआर के रुख पर टिका है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले इन दोनों दलों ने कई मौकों पर सरकार का साथ दिया था।

### राजा आऊं पारचा

# नेपाल में हो पाएगी राजा की वापसी?



नरेंद्र शर्मा

काठमांडू के दरबार चौराहे पर स्थित तलेजू मंदिर में पहली नवरात्रि की घंटियां शांत भी न हुईं थीं कि 'राजा आऊं पारचा' (राजा को वापस लाने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं है) की कानाफूसी शुरू हो गई। नेपाल में राजशाही वापस लाने और उसे हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए आंदोलन की शुरुआत थी। आंदोलन आरंभ करने के समय के महत्व को हर कोई समझ रहा था। रामनवमी कुछ ही दिन बाद है और यह वह मौसम है जब न्यायप्रिय राजाओं का जश्न मनाया जाता है। हालांकि पहली नवरात्रि 30 मार्च 2025 को थी, लेकिन उससे दो दिन पहले यानी 28 मार्च को राजशाही के समर्थन में हिंसा हुई थी, जिसमें एक पत्रकार सहित दो व्यक्तियों की मौत हो गई थी। यह हिंसा कराने के आरोप में पुलिस ने राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी), जो इस आंदोलन की अगुवाई कर रही है, के दो वरिष्ठ नेताओं को 31 मार्च को अदालत में पेश किया। सांसद धवल शमशेर राणा और रबिंद्र मिश्रा के पासपोर्ट ज़ब्त कर लिए गए हैं।

इमेज

नेपाल के संसद में पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह के पासपोर्ट को ज़ब्त करने की मांग भी उठी है। अपने नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में राजशाही समर्थक और हिंदू राष्ट्र की मांग करने वाले आरपीपी के कार्यकर्ताओं ने 12 शहरों में 'मशाल' रैली निकाली है। नेपाल में हर गुज़रते दिन के साथ राजा को वापस लाने की मुहिम तेज़, उग्र व हिंसक होती जा रही है। दूसरी ओर लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले सत्तारूढ़ दल इस आंदोलन को सख्ती से कुचलने का प्रयास कर रहे हैं। गौरतलब है कि नेपाल में हिंसक आंदोलन से ही राजशाही पर विराम लगाया गया था और फिर कड़ी जद्दोजहद के बाद नए संविधान का गठन करके लोकतांत्रिक मूल्यों पर राजनीतिक व्यवस्था स्थापित की गई थी, जिसके तहत जनता चुनाव के माध्यम से अपनी सरकार का गठन करती है। अब हिंसक आंदोलन से ही राजशाही को पुनः स्थापित करने का प्रयास है, जिसमें भावनात्मक कारणों से नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग अतिरिक्त जोड़ दी गई है। राजनीतिक दृष्टि से नेपाल में वामपंथी और मध्यममार्गी दल काफी मज़बूत हैं जो लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं व राजशाही या राज-तंत्र का विरोध करते हैं। इसलिए सवाल यह है कि क्या नेपाल में राजशाही पुनः लौट सकती है? आरपीपी की केंद्रीय समिति की सदस्य स्वाति थापा तोल-मोल कर बताती हैं, "लोग राजा की वापसी चाहते हैं, एक शासक के रूप में नहीं बल्कि एक संरक्षक के तौरपर ताकि देश में स्थिरता आ सके। साथ ही वह नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते हैं। अब यह राजनीतिक नारे नहीं रहे, ये लोगों की अस्तित्व वृत्ति हैं।" ध्यान रहे कि बहुदलीय लोकतंत्र की स्थापना के बाद आरपीपी का गठन 1990 में हुआ था। उसने 1991 के चुनाव में 4 सीटें जीतीं और उसके बाद से संसद में उसने अपनी मौजूदगी बनाए रखी है, अक्सर सरकार बनाने में भी उसकी भूमिका रही है। आरपीपी ने 2022 के चुनाव में 275 सीटों में से 14 पर विजय दर्ज की। वह वर्तमान सरकार का फरवरी 2023 तक हिस्सा थी। आरपीपी ने हमेशा से ही संवैधानिक राजशाही व हिंदू राष्ट्र का समर्थन किया है और संघीय संरचना का



विरोध किया है। आरपीपी के दृष्टिकोण के केंद्र में हिंदू राष्ट्र है। थापा का कहना है, "अपने लोगों से मालूम किए बिना यह देश धर्मनिरपेक्ष बन गया। यही सच है। हमारा मानना है कि 80 प्रतिशत से अधिक नेपाली अब भी हिंदू राष्ट्र की चाहत रखते हैं।" इस राजनीतिक व्यंग्य में राजा मैग्नस एक काल्पनिक देश के सम्राट हैं और उनका मंत्रिमंडल उनके शेष राजनीतिक प्रभाव पर भी विराम लगाना चाहता है। इसलिए राजा मैग्नस स्वयं चुनावी मैदान में उतरने की धमकी देकर अपने मंत्रिमंडल को नियंत्रित करने का प्रयास करते हैं। नेपाल में पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह के सियासी तौरपर सक्रिय होने से राज-तंत्र के समर्थन में आंदोलन तेज़ हुआ है। आरपीपी शाही परिवार से नियमित संपर्क में है। लेकिन राजा के उत्तराधिकारी का मुद्दा विवादित है। आरपीपी इस बारे में स्पष्ट है कि उत्तराधिकारी स्वतः नहीं बनेगा। थापा के अनुसार, "अगला राजा विश्वास व क्षमता के आधार पर चुना जाएगा।" यह विवाद तब हो रहा है जब ज्ञानेंद्र शाह के पुत्र पारस ने कहा है कि वह राजा नहीं बनना चाहते। आरपीपी की बातों से चंद चीज़ें एकदम स्पष्ट नज़र आ रही हैं। एक, वह राजा की वापसी तो चाहती है, लेकिन शासक के रूप में नहीं बल्कि सजावटी संरक्षक के रूप में, जैसा कि ब्रिटेन में किंग चार्ल्स हैं। दो, उसे अपनी मर्ज़ी का राजा चाहिए जो उसके हाथों की कठपुतली हो। अंतिम यह कि हिंदू राष्ट्र का मुद्दा वह जनता में भावनात्मक जोश भरने के लिए उठा रही है। ज़ाहिर है यह सब प्रयास केवल इसलिए हैं ताकि आरपीपी के राजनीतिक प्रभाव क्षेत्र में विस्तार हो सके। कहने का अर्थ यह है कि आरपीपी अपनी सियासत मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) और हिंदू राष्ट्रवाद की तर्ज़ पर करना चाह रही है। वह इसके ज़रिये राजनीतिज्ञों की नाकामी को अपने पक्ष में भुनाना चाहती है, लेकिन यह भूल रही है कि राजा तो राजनीतिज्ञों से भी अधिक असफल रहे थे। इसलिए विशेषज्ञों का मानना है कि नेपाल को राजा की ज़रूरत नहीं है और उसे राजा मिलने भी नहीं जा रहा है। यह सही है कि हाल के वर्षों में नेपाल के कुछ वर्गों ने राजशाही की वापसी में दिलचस्पी दिखाई है। इस दिलचस्पी के अनेक कारण रहे हैं। नेपाल की पहली संविधान सभा ने 28 मई 2008 को अधिकारिक तौरपर राजशाही को खत्म कर दिया था फेडरल डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ़ नेपाल की घोषणा की थी। लेकिन तभी से ही नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता व्याप्त है, बार बार सरकारें बदलती हैं, भ्रष्टाचार चरम पर है और अनेक प्रशासनिक चुनौतियां मौजूद हैं। कोविड के दौरान चुनौतियों में इज़ाफा हुआ जैसे महंगाई बढ़ी, आय में कमी आयी, वित्तीय घोटाले हुए जिनमें सहकारी बैंक फ्रॉड भी शामिल है जिसमें सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के नाम प्रकाश में आये थे। इस असंतोष के वातावरण में अनेक लोग यह मानने लगे हैं कि नेपाल की लोकतांत्रिक व्यवस्था असफल हो गई है। साथ ही अन्य देशों से प्रेरित अति दक्षिणपंथी राष्ट्रवादी लहर भी नेपाल में तेज़ चलने लगी है। नतीजतन आरपीपी जैसी पार्टियां अपने एजेंडा पर बल देने लगी हैं विशेषकर मुख्य मुद्दों के संदर्भ में जैसे चीन चीन का बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव, अमेरिका का एमसीसी कॉम्पैक्ट और भारत के साथ सीमा विवाद। कुछ लोगों को लगता है कि राजशाही के खात्मे से नेपाल कमज़ोर हो गया है और अपने पड़ोसियों से सही से डील नहीं कर पा रहा है। लेकिन दूसरी ओर अनेक कारणों से लोगों को शाही परिवार पर विश्वास नहीं है- सत्ता के लालच में राजकुमार दीपेंद्र द्वारा जून 2001 में महल के सबसे स्थान पर राजा बिरेंद्र के पूरे परिवार को मौत के घाट उतरना, तानाशाह बनने के चक्कर में ज्ञानेंद्र शाह द्वारा 2005 में चुनी हुई सरकार को बर्खास्त करना, पारस शाह का अनेक घोटालों में लिप्त होना आदि। शाही परिवार राजनीतिज्ञों की तुलना में अधिक बदनाम व भ्रष्ट है।

## पंचांग

बुधवार, 2 अप्रैल 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - चैत्र |
| पक्ष | - शुक्ल |
| तिथि | - पंचमी 23.51 तक |
| वार | - बुधवार |
| नक्षत्र | - कृतिका 08.51 तक |
| योग | - आयुष्मान 26.50 तक |
| करण | - बव 13.09 तक |
| सूर्योदय | - 06.33 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.51 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.32 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 06.57 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - वृषभ |
| अभिजित् मुहूर्त | - नहीं |
| राहु काल | - 12.42 से 14.14 |
| व्रत, त्यौहार | - श्री पंचमी, कल्पादि, शनि पूर्वोदय, रवियोग 08.51 तक, मंगल कर्क में 25.25 |
| दिशा शूल | - उत्तर |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## बुधवार के ये उपाय से भाग्य को बदल देंगे श्रीगणेश

बुधवार का दिन बुद्धि व ज्ञान के देवता भगवान श्रीगणेश को समर्पित है। इस दिन कई भक्त गणेश जी की कृपा पाने के लिए व्रत भी करते हैं और कई अपनी समस्याओं से निजात पाने के लिए उपाय भी करते हैं। क्योंकि भगवान श्री गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है।

माना जाता है कि बुधवार के दिन पूजा-पाठ सहित अगर कुछ विशेष उपाय कर लिये जाएं तो इससे व्यक्ति के कार्यों में आ रही कई प्रकार की बाधाएं दूर होती हैं। ज्योतिष के अनुसार बुधवार के दिन कौन-कौन से उपाय करना फलदायी माना जाता है।

**करियर में उन्नति**

अगर आप नौकरी में प्रमोशन पाना चाहते हैं और कड़ी मेहनत के बाद भी आपकी तरक्की रुक गई है तो इसके लिए आप बुधवार के दिन भगवान गणेश जी को निमित्त पूजा करें और फिर उन्हें गंगाजल से धुली 21 दुर्वा व सिंदूर अर्पित करें। जब आप ये अर्पित करें तो इसके साथ "ॐ गं गणपतये नमः" मंत्र का 108 बार जप भी अवश्य करें। इस उपाय से आपको कार्यक्षेत्र में उन्नति व सफलता मिलने लगेगी।

**व्यापार में वृद्धि**

अगर आचानक से आपके व्यापार में गिरावट आ गई है, ग्राहकों की आवक कम हो गई है तो ऐसे में आप बुधवार के दिन गणेश जी का दुर्वा मिश्रित जल से अभिषेक करें और फिर उन्हें सिंदूर अर्पित करें। अभिषेक करते समय उनसे सच्चे मन से प्रार्थना करें कि वे आपकी मनोकामना पूरी करें व "वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ। निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥" मंत्र का 51 बार जाप करें लाभ मिलने लगेगा।

**सौभाग्य के उपाय**

अगर आपका जीवन कई अड़चनों से गुजर रहा है और जो कार्य करने जाते हैं उसमें बाधाएं आ जाती है तो ऐसे में आप बुधवार के दिन भगवान गणेश जी की मूर्ति के सामने बैठकर उन्हें सिंदूर मिश्रित जल अर्पित करें व उन्हें 21 दूर्वा चढ़ाएं। फिर गणेश जी को सिंदूर अर्पित कर अपने माथे पर व नाभि पर भी सिंदूर लगाएं। इससे आपका दुर्भाग्य दूर होगा व धीरे-धीरे सौभाग्य की वृद्धि होने लगेगी।

**शिक्षा में सफलता**

बुधवार के दिन एक लाल कपड़ा लेकर उसमें थोड़ा सा सिंदूर, 11दूर्वा और मिश्री रखकर बांठ दें और फिर इसे भगवान गणेश जी के चरणों में समर्पित कर दें। पूजा के बाद इस पोटली को लेकर बच्चे के पढ़ाई वाले स्थान पर रख दें। जल्द ही पढ़ाई में मन लगने लगेगा।

## तारीख विशेष

## विश्व ऑटिज्म जागरुकता दिवस

2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 2 अप्रेल को विश्व ऑटिज्म जागरुकता दिवस के रूप में घोषित किए जाने के बाद से संयुक्त राष्ट्र ने ऑटिस्टिक व्यक्तियों के लिए मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता की पूर्ण प्राप्ति को बढ़ावा देने के लिए काम किया है, जिससे समाज में उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित हो सके। पिछले कुछ वर्षों में ऑटिस्टिक अधिवक्ताओं द्वारा महत्वपूर्ण प्रगति की गई है, जिन्होंने ऑटिस्टिक व्यक्तियों के जीवित अनुभवों को वैश्विक चर्चाओं में सबसे आगे लाने के लिए अथक प्रयास किया है। 2007 के महासभा संकल्प (ए/आरईएस/62/139) ने ऑटिज्म के बारे में लोगों में जागरुकता बढ़ाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। आज 17 साल से भी ज्यादा समय बाद वैश्विक आंदोलन जागरुकता से आगे बढ़कर स्वीकृति, प्रशंसा और समावेशन को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने तक फैल गया है, जो ऑटिस्टिक लोगों द्वारा अपने समुदायों और पूरी दुनिया में किए गए योगदान को मान्यता देता है। वर्ष 2025 का यह दिवस न्यूरोडायवर्सिटी को आगे बढ़ाना और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) थीम के अंतर्गत मनाया जाएगा, जो न्यूरोडायवर्सिटी और वैश्विक स्थिरता प्रयासों के बीच अंतरसंबंध पर प्रकाश डालता है तथा यह दर्शाता है कि कैसे समावेशी नीतियां और प्रथाएं दुनिया भर में ऑटिस्टिक व्यक्तियों के लिए सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं और एसडीजी की उपलब्धि में योगदान कर सकती हैं। वैश्विक विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और ऑटिस्टिक लोगों को एक साथ लाने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य भाषण, पैनल चर्चा और संवादात्मक सत्र शामिल हैं, जिसमें समावेशी स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, रोजगार और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी। इस वर्ष की चर्चा में कई क्षेत्रों में सुलभता, समानता और नवाचार को बढ़ावा देने वाली नीतियों को आकार देने में न्यूरोडायवर्सिटी की भूमिका का पता लगाया जाएगा। चर्चा समावेशी स्वास्थ्य सेवा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कार्यस्थल की सुलभता, असमानताओं को कम करने और ऑटिज्म के अनुकूल शहरों और समुदायों को डिजाइन करने पर केंद्रित है।

# प्रकृति और जीवन के कवि 'विनोद कुमार शुक्ल' (भाग-2)

**प्रो. (डॉ.) शीतला प्रसाद दुबे**
कार्याध्यक्ष, महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी

ऐसे लोग जो ज्ञान को मूल्य और सिद्धांतों को बोझ की तरह अपने सिर पर लादे रहते हैं, उनसे बचते हुए कवि नदी की तरह चारों ओर हरियाली बिखरने वाले लोगों से मिलना चाहता है क्योंकि समाज में यदि हम चाहते हैं कि वह तरलता बनी रहे, जड़ता खत्म हो तो आवश्यक है कि हम प्रवहमान व्यवहार के साथ बने रहें। अपने भीतर भी जीवन समृद्ध रहता है और अपने से बाहर भी। प्रकृति, मनुष्य के जीवन को हर किसी तरह से हरा भरा करने के लिए उद्यत रहती है। वह कहते हैं कि जो लोग मजदूर बनकर लगातार दूसरे के काम करते रहते हैं। जिन्हें जीवन में एक क्षण की भी फुर्सत नहीं मिलती। उनसे मिलना, उनके दुख दर्द जानना, उनका हाल-चाल लेना, उनके साथ बैठकर उनसे अपनापा जोड़ना उनके लिए बहुत जरूरी है। इतना जरूरी है कि वह उसे अपने जीवन की आखिरी इच्छा के रूप में देखते हैं। उनका एक काव्यांश देखिए-

जो लगातार काम में लगे हैं मैं फुर्सत से नहीं
उनसे एक जरूरी काम की तरह मिलता रहूंगा
*******
इसे मैं अकेली आखिरी इच्छा की तरह सबसे पहली इच्छा रखना चाहूंगा।'

कवि मेहनतकश लोगों से फुर्सत में नहीं बल्कि एक जरूरी काम की तरह उनसे मिलना चाहता है। यह उनकी समाज के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उनके लिए वह ज्यादा जरूरी है जो अपने खून पसीने से समाज को सींच रहे हैं, मानवता को जीवित रखे हुए हैं। शुक्ल जी की एक कविता है- 'धौलागिरी को देखकर'। यह बताने की आवश्यकता नहीं की धौलागिरी एक पर्वत है, और पर्वत अपनी स्थिरता अपनी कठोरता और अपने अपनी विशालता को लेकर जाना जाता है। लेकिन वह धौलागिरी को देखकर याद करते हैं कि जैसे वह किसी पर्वत को नहीं बल्कि अपने पूर्वजों के चित्र को देख रहे हैं। वे अपने पूर्वजों की वह अटलता, उनकी निश्चलता, उनके अटल विश्वास और आत्मविश्वास के साथ सर ऊंचा कर जीने की आदत से इतने प्रभावित हैं कि बहुत साफ-साफ कह देते हैं - 'धौलागिरी को देखने के बाद, मैं अपने पूर्वजों के चित्र नहीं पूर्वजों को याद करता हूं।'

यही दाय इनसे बहुत कुछ रचवाता रहता है। आत्मविश्वास के साथ अडिग रहकर जीने की प्रेरणा देता है। शुक्ल स्वयं के जीवन को एक खुली किताब के रूप में प्रस्तुत करना चाहते हैं। उन्हें यह कहने में कतई संकोच नहीं कि जितने ही हम अपने आप को बंद किए रहते हैं मुट्ठी में, लोगों से बचकर अपने आप को जितना सब कुछ अंदर ही अंदर समेटे रहते हैं, हम उतने ही कमजोर और छोटे होते जाते हैं। जितना ही हम दूसरों के बीच खुलते हैं, दूसरों के लिए प्रस्तुत रहते हैं,उतना ही हम बड़े होते जाते हैं। वे कहते हैं- 'साथ में कोई नहीं है, दूर तक कोई नहीं पर कोई इस खुले को खटखटाता है, कौन आना चाहता है? मैं कहता हूं, अंदर आ जाइए, सब खुला है
मैंने देखा मुझे, हिमालय दिख रहा है।

कवि के अनुसार आकाश पृथ्वी को, पृथ्वी हवा को, हवा वनों की हरियाली को खटखटाकर जगाते हैं। हम अपने जीवन में जितने सहज होते जाते हैं वह सहजता ही हमें बड़ा बनाती है। बड़ा बनने के लिए किसी ओढ़े हुए बड़प्पन की आवश्यकता नहीं बल्कि सहजता की जरूरत होती है। हम अपना उजला चरित्र, अपना सरल व्यवहार लेकर समाज में अपनों के बीच जितने प्रस्तुत होते हैं, हमारी दृष्टि हिमालय की उत्तुंग चोटी की तरह ऊंची उठी रहती है जो बनावटी ऊंचाई छूने का प्रयास करते हैं वे हमेशा बनावटी ही बने रहते हैं। वे कभी भी वास्तविक नहीं हो पाए। कवि विनोद कुमार शुक्ल का एक बहुत ही चर्चित उपन्यास है जिसका शीर्षक है- 'दीवाल में एक खिड़की रहती थी'। इसी शीर्षक से एक बड़ी छोटी सी कविता भी उनकी है। कविता छोटी है लेकिन उसका जो निहितार्थ है वह बहुत बड़ा है। वह कहना चाहते हैं कि दीवार में एक खिड़की रहती थी, जिससे बाहर का दृश्य दिखाई देता था। बाहर के दृश्य में एक झोपड़ी थी, पगडंडिया थीं, एक नदी थी और अनेक तालाब थे। आकाश में उड़ते हुए पक्षी, हरे-भरे पेड़ खिड़की से सब कुछ दिखाई देता था, लेकिन यह सब कुछ उसे एक खिड़की से ही दिखाई देता था। जिसने अपने जीवन को खिड़की के बजाय दीवार बना लिया है उसे यह दृश्य बिल्कुल दिखाई नहीं देता। वे कहते हैं कि आज का व्यक्ति स्वार्थपरता में इतना डूबा हुआ कितना एकाकी हो गया है, अपने अकेलेपन में इतना खोया हुआ है कि वह खिड़की से बाहर की प्रकृति को देखने के बजाय दीवार में रहना पसंद करता है। दीवार जो बांटने का काम करती है। जाति धर्म वर्ण वर्ग में मनुष्य को विभेद ग्रस्त बनाने का काम करती है। काश वह आदमी दीवार से निकलकर खिड़की के बाहर झांकने लगे तो सच्चे अर्थों में वह मनुष्य हो जाएगा। कवि विनोद कुमार शुक्ल चारों ओर छाए सन्नाटे, विसंगतियां, विडंबनाओं और जीवन को नष्ट करने वाली शक्तियों के बीच आशा और उम्मीद की किरण के रचनाकार हैं।



वे यह मानते हैं कि भले ही दुनिया को नष्ट करने वाली शक्तियां सक्रिय हैं मानव जीवन के मूल्यों को क्षरित करने वाली शक्तियां उतावली हैं, फिर भी जीवन के प्रकाश का स्वर अधिक शक्तिशाली है। वह संकेत करते हुए अपनी एक कविता में लिखते हैं - 'प्रत्येक आवाज खटका है। बच्चों का मां कहकर पुकारना, खत्म होती हरियाली में बीज से अंकुर का निकलना, खाली मुट्ठी में बंद हवा का छूटकर, जमीन पर गिरना। खटका है पानी पीना और रोटी चबाना भी। हो सकता है जिंदगी को नष्ट करने के धमाके के पहले जिंदगी का बड़ा धमाका हो।' शुक्ल जी की कविता समय की आवश्यकता को रचती है, जिसमें जीवन का विरोध नहीं बल्कि जीवन के संवादी स्वर हैं। वे कविता में अपने समय को रचते हैं। वे भारतीय समाज में लड़कियों की स्थिति से बहुत दुखी हैं। उनके प्रति लोगों की सोच से वे व्यथित हैं। लड़कियों के जीवन को बोझ बनाने से दुखी हैं। वे इस बात से भी दुखी हैं कि इतनी कम उम्र में लड़कियों को क्यों जिम्मेदार स्त्री की तरह देखने के हम आदती होते जा रहे हैं। विनोद कुमार शुक्ल शब्दों के खिलाड़ी नहीं, शब्दों के आराधक हैं। नपे-तुले शब्दों के प्रयोग से कविता को समृद्ध करने की कला उनकी खासियत है। अक्षर-आराधक को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलने की शत-शत बधाइयां।



## गीता सार

**लभन्ते ब्रह्मनिर्वाणमृषयः क्षीणकल्मषाः।**
**छिन्नद्वैधा यतात्मानः सर्वभूतहिते रताः॥**
**कामक्रोधवियुक्तानां यतीनां यतचेतसाम्।**
**अभितो ब्रह्मनिर्वाणं वर्तते विदितात्मनाम्॥**

**हिंदी अर्थ**

निष्पाप ऋषि, जिनके सब संशय ज्ञान द्वारा निवृत्त हो गए है, जो सभी प्राणियों के हित में रत है और जो अपनी आत्मा में स्थित है, वे शांत ब्रह्म को प्राप्त होते है। काम – क्रोध से रहित, जीते हुए चित्त वाले, आत्म – साक्षात्कार किए हुए योगियों के लिए सब ओर से शांत परब्रह्म ही परिपूर्ण है।

## बोले तो...



मैं दिल से एक योगी हूं और राजनीति मेरा पूर्णकालिक व्यवसाय नहीं है। मैं मुख्यमंत्री पद पर उत्तर प्रदेश की जनता की सेवा करने के लिए हूं और मैं हमेशा के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मेरी पार्टी भाजपा ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे मैं निभा रहा हूं।

– योगी आदित्यनाथ



बांग्लादेश की तथाकथित अंतरिम सरकार की ओर से पूर्वोत्तर भारत के सात राज्यों (सेवन सिस्टर्स) को जमीन से घिरा हुआ बताया और बांग्लादेश को उनके महासागर तक पहुंच के संरक्षक के रूप में पेश किया है। यह अपमानजनक और कड़ी निंदा के योग्य है।

– हिमंत बिस्वा सरमा



भाजपा में ऐसा कोई नियम नहीं है जिससे पीएम मोदी को 75 साल की उम्र के बाद राजनीति से रिटायर होना पड़ेगा। ऐसा कोई फैसला कभी भी नहीं हुआ है। भारतीय लोकतंत्र में प्रधानमंत्री का कार्यकाल चुनावी जनादेश और जनता के समर्थन से तय होता है, न कि राउत जैसे व्यक्तियों से।

– चंद्रशेखर बावनकुले

कुछ अलग | अजब गजब

# प्रशासन को सूझा अजीब आइडिया, रोड पर बना दी टेढ़ी-मेढ़ी लकीरें, अब गाड़ी चलाना मुश्किल!

सड़क सुरक्षा के लिए कई तरह के विकल्प प्रशासन द्वारा आजमाए जाते हैं पर अमेरिका के एक शहर में तो प्रशासन ने काफी अजीब रास्ता खोजा। यहां पर उन्होंने रोड पर टेढ़ी-मेढ़ी लाइनें बना दीं। इस अजीब आइडिया की वजह से गाड़ी चलाना भी मुश्किल हो गया। लोग भी इस सोच में पड़ गए कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के और भी कई तरीके हो सकते हैं, मगर ऐसे तरीके का क्या मतलब!

एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के पेंसिलवेनिया राज्य में फिलेडेल्फिया नाम का एक शहर है। यहां पर एक टाउनशिप है जिसका नाम है मॉन्टगोमेरी। इस टाउनशिप के इलाके में जो भी रोड हैं, उनके ऊपर प्रशासन ने टेढ़ी-मेढ़ी लाइनें बना दी हैं। प्रशासन का कहना है कि इन लकीरों के जरिए वो गाड़ियों की स्पीड को कम करना चाहते हैं, मगर वहां के नागरिक उनकी बात से इत्तेफाक नहीं रखते। मॉन्टगोमेरी टाउनशिप ने अपने आधिकारिक फेसबुक अकाउंट पर




इस रोड की फोटो पोस्ट की है जिसमें रोड पर टेढ़ी-मेढ़ी लाइनें बनी नजर आ रही हैं। प्रशासन की ओर से कहा गया कि उन्हें काफी लोगों से शिकायतें मिल रही हैं लोग रोड पर बहुत तेज रफ्तार में गाड़ी चला रहे हैं। बस उन लोगों की गति को धीमा करने के लिए ही ऐसी लाइनें बनाई गई हैं। लाइनें घुमावदार हैं, इस वजह से लोगों को गाड़ी कंट्रोल करने के चक्कर में उसे धीमा करना पड़ता है।

लोगों ने फैसले को बताया गलत

लोगों ने कहा कि रोड पर स्पीड ब्रेकर बना देने से भी स्पीड को धीमा किया जा सकता था। इसके बाद लोगों ने तरह-तरह की टिप्पणी करना शुरू कर दिया। कुछ लोगों ने कहा कि लगता है रोड पर लकीर बनाने वाले लोग नशे में थे। एक ने कहा कि ऐसी रोड पर गाड़ी चलाना, रोलर कोस्टर राइड करने जैसा लग रहा है। हालांकि, कई लोगों ने कहा कि ये प्रशासन की तरफ से अप्रेल फूल बनाने का तरीका होगा।

## पाठक पाती

## ऑनलाइन शिकायत प्रणाली की नियमित समीक्षा जरूरी

अधिकांश सरकारी कार्यालयों की वेबसाइटों पर दर्ज ऑनलाइन शिकायतों की न तो सही तरीके से समीक्षा होती है और न ही उन पर कोई ठोस कार्रवाई होती है। यह प्रणाली केवल औपचारिकता बनकर रह गई है, जिससे आमजन का विश्वास टूट रहा है। सरकार को शिकायत निवारण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाना चाहिए। इसके लिए नियमित समीक्षा, ट्रैकिंग सिस्टम और जवाबदेही तय की जानी चाहिए। साथ ही, एक निश्चित समय-सीमा में शिकायतों का समाधान सुनिश्चित किया जाए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो ऑनलाइन शिकायत प्रणाली का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा और जनता की समस्याएं जस की तस बनी रहेंगी।

सिद्धार्थ जैन, जयपुर

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# गणगौर महोत्सव में झलकी अंचल की लोक संस्कृति



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** मनोरंजन क्लब में संवाद संस्थान चूरू की ओर से गणगौर महोत्सव पर स्थानीय जिला मनोरंजन क्लब में आयोजित सांझ लोक गीता री में गीदड़ और चंग नृत्य पर थिरकते कलाकारों के साथ बाल गायिकाओं के लोक गीतों का ऐसा समां बांधा की मरुधरा झूम उठी। विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा और पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया ने मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलिल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गोपाल पारीक ने वंदेमातरम में सांझ की का आगाज किया। विजय लक्ष्मी की लोक गीतों की पहली प्रस्तुति ने गीतों की सांझ वातावरण का निर्माण किया। युवा कलाकार प्रमोद गौड़, लीलाधर कत्थक, बजरंग कत्थक ने राजस्थानी बीतों, बालिका दिव्या लाटा, ललिता प्रजापत, बबीता कस्वां, दृष्टि, काव्या ने लोक नृत्य और सीताराम प्रजापत तथा सुजानसिंह खिची ने लोक गायकी का समां बांधा। जिला मनोरंजन क्लब की टीम की युवा शक्ति ने जब गीदड़ नृत्य प्रस्तुत किया देखनेवाले भी अपने आपको थिरकने से रोक नहीं सकें। पाबूसर की ढ़प मण्डली के कलाकारों ने धमाल गायकी पर चंग नृत्य के साथ ऐसी तान छेड़ी की देखनेवालों का मन ही नहीं भरा। गीदड़ और चंग के कलाकारों ने लयबद्ध गीतों के साथ कलाकारों की ओर से प्रस्तुत किए गए चक्रासन नृत्य किया देखनेवाले मंत्र मुग्ध हो गए। लोक गायकी के साथ चंग की थाम और नगारें पर गूंजती धमाल की अलाप के बीच जब गोपाल पारीक, नीरज गौड़, कुलदीप शर्मा तथा निरंजन सैन के गाए गीता आ तो सुरगा नै सरमावै ई पर देव रमण ने आवै धरती धोरा री प्रस्तुत किया तो राजस्थान की संस्कृति साकार हो उठी। इससे पूर्व योगेश गौड़, महेश मिश्रा, सुरेन्द्र बावलिया, बाबू पाटील, कालू महर्षि, रचना कोठारी, वीणा शर्मा, गुरुदास भारती, राजीव बहड़ आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन आर्केटेक्ट अनुराग शर्मा तथा रवी दाधीच ने किया।

## गणगौर पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** कस्बे में नगर पालिका मण्डल नोहर की ओर से सोमवार को साँय 4 बजे विधिवत पूजा-अर्चना के बाद गणगौर-ईशर की शाही सवारी गाजे-बाजे के साथ धुमधाम से निकाली गई । क्षेत्र में गणगौर पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। नगरपालिका परिसर से शुरू हुई ईसर-गणगौर की शाही सवारी कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए मैला स्थल श्रीराम वाटिका मे पहुंची। सवारी का नवविवाहिताओं और महिलाओं ने जगह-जगह ईसर-गणगौर की पूजा-अर्चना कर सुहाग की मंगल कामना की। ईसर गणगौर की सजाई गई झांकी काफी मनमोहक लगी। उसे देखने के लिए प्रमुख चौराहे पर लोगों की भीड़ लग गई। इस शोभायात्रा में घुड़सवार भी साथ चल रहे थे। यहां पर प्राचीन समय से गणगौर की सवारी निकालने की परंपरा चली आ रही है। परंपरा के अनुरूप यहां पर भारी संख्या मे श्रद्धालु महिलाओ एवं युवतियों ने सजधज कर ईशर और गौर की पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने व्रत भी रखा और पति की लंबी उम्र और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की। इस मौके पर अविवाहित लड़कियों ने योग्य वर की कामना की। गणगौर पूजा के दौरान महिलाएं देवी पार्वती को सोलह श्रृंगार का सामान चढ़ाया। कार्यक्रम में नीतु शर्मा आर्ट ग्रुप हिसार के कलाकारों ने मनमौहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सजधज कर आई महिलाओं को सम्मानित किया गया।

# तारा छाई रात सांस्कृतिक कार्यक्रम में उमड़ा जन समूह



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** गणगौर चौक विकास समिति अंतर्गत तारा छाई रात सांस्कृतिक कार्यक्रम देर रात्रि तक चला जिसमें विमला देवी शर्मा के नेतृत्व में बालिकाओं ने ढफ पर सुन्दर प्रस्तुतियां दीं। राजलदेसर हरिओम पार्टी ने अपनी प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया, बांसुरी की धुन, तबले की ताल, घुंघरू की झनकार साथ में लोग थिरकने लगे। एडवोकेट पवन कुमार शर्मा, एडवोकेट हनुमान प्रसाद, डॉ सुरेन्द्र शर्मा, व्यवसाई जगदीश प्रसाद सर्राफ, गोपीराम गुसाई, लाऊ खानका माला पहना कर आयोजक विजय सारस्वत, मनोज जोशी, मुकेश शर्मा, अनिल सिंधी, गोपाल कुदाल ने स्वागत किया। इससे पूर्व तारा छाई रात के संस्थापक सन्त कुमार सारस्वत जिन्होंने तारा छाई रात सांस्कृतिक कार्यक्रम का नाम देकर 25 वर्षों तक आयोजन किया उसके बाद से लगातार आज 42वे वर्ष में ये आयोजन विजय सारस्वत सफलता पूर्वक करते आ रहे हैं। इस अवसर पर पवन कुमार शर्मा, राजेन्द्र सिंह शेखावत, कौशल शर्मा, ललित चौहान, कैलाश चंद्र नवहाल, मंगतू राम बागड़ा, नंदू पूरी, महेश मिश्रा, पार्षद राकेश दाधीच, पार्षद राजकुमार सारस्वत, डॉ जमील चौहान आदी ने भूमिका निभाई। समारोह संचालन उमेश दाधीच ने किया।

## ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कल

**धौलपुर।** त्रि-स्तरीय जनसुनवाई एवं परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन 3 अप्रेल को प्रात: 11 बजे से किया जायेगा। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा ग्राम पंचायत विरोंधा की जनसुनवाई में भाग लिया जायेगा।

# 368वां निशुल्क मिर्गी निदान शिविर संपन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** पिछले वर्षों से प्रतिमाह के पहले मंगलवार को लगने वाला निशुल्क मिर्गी निदान शिविर आज रतननगर जिला चूरु में संपन्न हुआ। त्रिवेणी देवी सुरेका चौरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में एपिलेप्सी केयर एंड रिसर्च फाउंडेशन के तहत यह 368 वा कैंप संपन्न हुआ। इस कैंप में 506 मरीजों के इलाज कर पूरे माह की दवाई निशुल्क वितरित की गई। कैंप के मुख्या न्यूरोफिजीशियन डॉ आर के सुरेका ने बताया की 26 मार्च को विश्व मिर्गी दिवस एवं पर्पल डे मनाया गया। इस दिन एपिलेप्सी केयर एंड रिसर्च फोडेशन के तत्वावधान में इस कैंप में 506 मरीजों को मिनी रोग के बारे में जन चेतना हेतु व्याख्यान दिया गया। मिगी रोगियों को एक साधारण व्यक्ति की तरह जीवन यापन करने पर जोर दिया गया। डाक्टर सुरेका ने बताया की मिगी रोगी सामान्य व्यक्ति की तरह पढाई कर सकता है। व्यवसाय जैसे डॉक्टर इंजीनियर प्रशासनिक अधिकारी, वकील जज अदि भी बन सकता है। वे शादी कर सकते है, बच्चे पैदा कर सकते है एवं परिवार के सभी कार्यों में हाथ बटा सकते है। इस अवसर पर सभी मिगी रोगियों को एवं उनके साथ आये सभी अभिभावकों को निशुल्क भोजन भी कराया गया। इस कैंप में डॉ रोहित सुरेका डॉ. रक्षित सुरेका डॉ जयसिंह, डॉ. सरीन डॉ. गौरी, ताजू खान आदि ने सहयोग दिया।

# राजेन्द्र राठौड़ ने नलकूप का किया लोकार्पण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** हनुमाननगर में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने नलकूप का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कॉलोनीवासियों को आश्वासन दिया कि इस कॉलोनी को 90 बी में कन्वर्ट कराने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण ने कॉलोनी के विकास में सहयोग देने का वचन देते हुए 11 लाख रुपए की लागत से कमरे के निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर राठौड़ ने हनुमाननगर में 2 किलोमीटर सीसी सड़क निर्माण की घोषणा की। समाजसेवी हरदत सहारण ने कॉलोनी के पार्क के विकास के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। मेघाराम गोदारा ने पीने के पानी की टंकी के लिए जमीन उपलब्ध कराने का वादा किया। इस अवसर पर प्रधान दीपचंद राहड़ ने पार्क की चारदीवारी निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकुमार कस्वां ने की। इस अवसर पर उप जिला प्रमुख महेंद्र न्योल, चन्दगीराम श्योराण, सुनील सहारण, लोकेश सहारण सहित कॉलोनीवासी उपस्थित रहे। संचालन राकेश मांझू व रणवीर सिंह मुनड़िया ने किया।

# जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में दो दिवसीय साहित्यिक आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** निकटवर्ती श्योराणी ग्राम निवासी साहित्यकार एवं दलित चिंतक शिव बोधि ने जोधपुर के जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के बृहस्पति भवन में सोमवार को सम्पन्न हुए दो दिवसीय उजास उच्छब में समकालीन राजस्थानी दलित साहित्य विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय एवं महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केंद्र, मेहरानगढ़ की ओर से विश्वविद्यालय के राजस्थानी विभाग की स्थापना की पचासवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दो दिन तक कई तरह के साहित्यिक व सांस्कृतिक आयोजन हुए। इसी दौरान सोमवार को डॉ. मदन सैनी की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में अपना शोध पत्र पढ़ते हुए बोधि ने कहा कि राजस्थानी के आधुनिक साहित्य में दलित लेखन की शुरुआत अस्सी के दशक में ही हो गई थी, मगर इसकी विधिवत शुरुआत इक्कीसवीं सदी की देन है। बोधि ने कहा कि वंचित वर्ग के अनुभवों की अभिव्यक्ति ने राजस्थानी साहित्य को समृद्ध किया है। इस अवसर पर बोधि को प्रसिद्ध नाटककार, कवि व आलोचक डॉ. अर्जुन देव चारण, राजस्थानी विभाग के अध्यक्ष डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित, सहायक आचार्य डॉ. मीनाक्षी बोराणा व डॉ. धनंजया अमरावत ने प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यकार, शिक्षक, शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में बोधि शिक्षा विभाग राजस्थान में हिन्दी व्याख्याता पद पर कार्यरत हैं तथा साथ ही सुखाडिया विश्वविद्यालय उदयपुर से राजस्थानी दलित साहित्य विषय पर शोध कर रहे हैं।

## श्री रामेश्वर लाल सैनी मेमोरियल वेलफेयर ट्रस्ट की नई पहल

# 23 एनटीआर के खेल मैदान का होगा सौंदर्यकरण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** ग्राम पंचायत 22 एनटीआर के 23एनटीआर में वाटर वकर्स के पास स्थित खेल मैदान का सौंदर्यकरण करने के लिए श्री रामेश्वर लाल सैनी मेमोरियल वेलफेयर ट्रस्ट ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस परियोजना के तहत, मैदान को समतल किया जाएगा और आसपास पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। सीमेंटेड कुर्सियां लगाई जाएगी इसके अलावा, फुटबॉल और क्रिकेट और कब्बड्डी, के लिए एक आधुनिक मैदान तैयार किया जाएगा।इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य खेल को बढ़ावा देना और युवाओं को नशे से दूर रखना है। इस मौके पर समाजसेवी आनन्द सैनी, विनोद सैनी,भूराराम राकसिया ,युवा खिलाड़ियों व अन्य खेल प्रेमियों ने जगह का निरीक्षण किया। इसी दौरान भूरा राम राकसिया ने अपनी माताजी स्वर्गीय पुष्पा देवी की स्मृति में खेल मैदान कार्य के लिए 11000 रुपए का आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की। ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद सैनी ने बताया कि यह परियोजना न केवल खेल के विकास में मदद करेगी बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। इस परियोजना के शुरू होने से ग्राम पंचायत 22 एनटीआर के युवाओं को खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा मौका मिलेगा। हमें उम्मीद है कि यह योजना युवाओं में नई ऊर्जा भरेगी। हम चाहते हैं कि हमारे युवा खेल के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाएं और देश का नाम रोशन करें। इस योजना में खेल मैदान के अलावा खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, खेल सामग्री की व्यवस्था, और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन शामिल है। हमारा ट्रस्ट पिछले कुछ सालों से चिकित्सा व शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। हमारे ट्रस्ट की तरफ से सामाजिक सरोकार के सभी कार्य ऐसे ही निरंतर जारी रहेंगे।

# गर्मी में आमजन बरतें एहतियात, जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिले में बढ़ रही गर्मी के चलते जिला प्रशासन ने आमजन से विशेष एहतियात बरतने की अपील की है। इन दिनों अत्यधिक गर्मी व लू-तापघात होने से आमजन चपेट में आ सकते हैं, खासकर हाइरिस्क वाले लोगों को खास ख्याल रखने की जरूरत है। अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने निर्देश दिए हैं कि मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट एवं पूर्वानुमान अनुसार आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करना एवं लू-ताप संबंधी रिपोर्ट एकत्र करना तथा अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जाये। सभी अस्पतालों में रोगियों के उपचार के लिए अग्रिम रूप से इंतजाम, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओआरएस, ड्रिप सेट, ब्लीचिंग पाउडर सहित अन्य आवश्यक दवाइयां रखने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी से होने वाली बीमारियां जैसे उल्टी, दस्त, पीलिया, आंत्र दोष एवं अन्य मौसमी बीमारियों के रोगियों की सतर्कता से निगरानी रखें एवं उपचार उपलब्ध करवाएं। प्रचार-प्रसार कर आमजन को गर्मी से बचाव के बारे में जानकारी दी जाएगी तथा रेपिड रेस्पांस टीम एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जायेगा।

**यह है लक्षण :** शरीर में लवण व पानी अपर्याप्त होने पर विषम गर्म वातावरण में लू व तापघात से सिर का भारीपन व अत्यधिक सिरदर्द होने लगता है। इसके अलावा अधिक प्यास लगाना, शरीर में भारीपन के साथ थकावट, जी मिचलाना, सिर चकराना व शरीर का तापमान बढ़ना, पसीना आना बंद होना, मुंह का लाल हो जाना, त्वचा का सूखा होना, अत्यधिक प्यास का लगना व बेहोशी जैसी स्थिति का होना आदि लक्षण आने लगते हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय दृष्टि से लू-तापघात के लक्षण, लवण व पानी की आवश्यकता व अनुपात विकृति के कारण होती है।

मस्तिष्क का एक केन्द्र जो मानव के तापमान को सामान्य बनाए रखता है, काम करना छोड़ देता है। ऐसे में रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लेटा दिया जावे। रोगी को होश मे आने की दशा मे उसे ठण्डा पेय पदार्थ पिलाएं। उन्होंने बताया कि यदि उक्त सावधानी के बाद भी मरीज ठीक नहीं होता है, तो उसे तत्काल निकट की चिकित्सा संस्थान ले जाया जाए।

**जरूरी है सावधानी :** अतिरिक्त जिला कलक्टर ने आमजन से भीषण गर्मी के चलते अहतियात बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जहां तक सम्भव हो धूप में न निकलें, धूप में शरीर पूर्ण तरह से ढका हो। आमजन जब भी बाहर निकलें, छाता व पानी आदि की व्यवस्था अनुरूप घर से निकलें। धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़ों का उपयोग करें। बहुत अधिक भीड़ व गर्म घुटन भरे कमरों से बचें। बिना भोजन किए बाहर न निकलें। गर्दन के पिछले भाग कान एवं सिर को गमछे या तौलिये से ढक कर ही जरूरी होने पर बाहर निकलें। रंगीन चश्मे एवं छतरी का प्रयोग करें। गर्मी मे हमेशा पानी अधिक मात्रा मे पिएं एवं पेय पदार्थों जैसे नींबू पानी, नारियल पानी, जूस आदि का प्रयोग करें। लू तापघात से प्राय हाई रिस्क श्रेणी वाले लोग जैसे कि कुपोषित बच्चे, वृद्धजन, गर्भवती महिलाएं व शुगर, बीपी आदि के मरीज शीघ्र प्रभावित होते हैं। इन्हें बाहर न निकलने दें व इनका विशेष ध्यान रखें। स्वास्थ्य संबंधी जरूरत होने पर तत्काल 108 को कॉल करें या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर जाएं। नरेगा अथवा अन्य श्रमिकों के कार्यस्थल पर छाया एवं पानी का पूर्ण प्रबन्ध रखा जावे ताकि श्रमिक थोड़ी-थोड़ी देर में छायादार स्थानों पर विश्राम कर सकें।

# सादुलपुर में स्वास्थ्य सेवाओं में होगा सुधार, 108 एम्बुलेंस सेवा की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुमित्रा पूनिया ने मंगलवार को राजस्थान सरकार के स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राजगढ़ क्षेत्र में डॉक्टरों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने और सिद्धमुख तहसील के लिए 108 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराने की मांग रखी।



भाजपा नेत्री सुमित्रा पूनिया ने कहा कि 108 एम्बुलेंस सेवा आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं की रीढ़ है, और सिद्धमुख क्षेत्र में इसकी उपलब्धता से मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेगा। उन्होंने सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने की अपील की। स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर ने उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# न्यूज़ ब्रीफ

## ताइक्वांडो के खिलाड़ियों को मिले ब्लैक बेल्ट



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** मार्शल आर्ट के ताइक्कांडो खिलाड़ियों ने साउथ कोरिया से अंतरराष्ट्रीय ब्लैक बेल्ट हासिल किया। कोच कविंद्र राठौड़ ने बताया कि सोयल खान पुत्र लियाकत खान व खुशवंत चौधरी पुत्र करतार सिंह पिछले 3 वर्षों से ताइक्कांडो में लगातार मेहनत कर रहे है। दोनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर ताइक्कांडो प्रतियोगिता में पदक भी जीते है। विधायक हरलाल सहारण ने कहा की चूरू के ताइक्कांडो खिलाड़ियों को अपने खेल को उच्च स्तर पर ले जाने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा विधायक हरलाल सहारण, भूपेंद्र सिंह, पूर्व ऑलंपिक अध्यक्ष ठाकुरमल शर्मा ने ब्लैक बेल्ट की डिग्री व प्रमाण पत्र देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

## ट्यूबवेल का काम चालू होने से ग्रामीणों में खुशी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** गांव मोमासर में होली धोरा के वार्ड 12,13,16,17,18,19 में ओर हनुमान धोरा मोहल्ले में जल समस्या का सामना करना पड़ रहा था,



जिसके लिए कुछ समय पहले श्रीडूंगरगढ़ प्रधान से ट्यूबवेल बनाने का आग्रह विजय कुमार माली, मनफूल गोदारा व तेजपाल सारण ने किया था और प्रधान ने आश्वस्त किया था की गर्मी आने से पहले ट्यूबवेल का निर्माण करवा दिया जायेगा। और इसके लिए ट्यूबवेल निर्माण की स्वीकृति प्रधान कोटे से जारी की गई और अपने वादे को पूरा करते हुए आज श्रीडूंगरगढ़ के प्रधान केशरा राम जी गोदारा ने ट्यूबवेल बनवाने के लिए मशीन भेज दी। पूजा पाठ के बाद ट्यूबवेल खुदवाने का काम चालू हुआ, इसके लिए ग्रामवासियों ने प्रधान केशराराम गोदारा ओर सरपंच सरिता संचेती व विकास अधिकारी पंचायत समिति श्रीडूंगरगढ़ मनोज घायल का आभार व्यक्त किया और साथ ही विजय कुमार माली, मनफूल गोदारा, तेजपाल सारण का भी बहुत बहुत आभार व्यक्त किया। जल्द ही एक ओर ट्यूबवेल बनाने के लिए लोक प्रिय विधायक महोदय द्वारा घोषणा की हुई है वो भी जल्द ही 06 नम्बर ट्यूबवेल के स्थान पर खुदवाई जाएगी। जिसके बारे में उपसरपंच जुगराज जी संचेती के द्वारा बताया गया है। उप सरपंच जुगराज संचेती ने तहसील में सबसे ज्यादा विकास कार्य करवाए हैं। इस अवसर पर जुगराज जी संचेती, गोपाल गोदारा, पवन सैनी, अमराराम सिंवल, राजू मेघवाल, भागु राम मेघवाल, प्रभुराम गोदारा, खियाराम गोदारा, आसुराम, मनोज संचेती, मुकेश कुमार नाई, सोहन मेघवाल, भागूराम मेघवाल, नेतराम गोदारा, नौरंग बेरा, रतनसिंह, राजू मेघवाल, सुरजाराम ढोली, बुधाराम सहू, गणेश दर्जी, मांगीलाल गिवारिया, किशोर सिंह, श्रवण नायक, जेस जी कछावा, समदाराम मेघवाल, भंवर सिंह मोयल, चेतन प्रजापत, पूनमचंद माकड, अर्जुन वाल्मीकि, नागरमल नाई, रतन सिंह कछावा, पुनाराम दर्जी, बजरंग नाई, राजू नाई, थानाराम मेघवाल, परताराम मेघवाल, भंवरलाल सहु, अर्जुन नाई, लिछिराम गोदारा आदि मौजूद रहे।

## तारानगर में 9 किलो 790 ग्राम डोडा पोस्त सहित आरोपी गिरफ्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नशा खोरी के खिलाफ विशेष अभियान ऑपरेशन फ्लश आउट के तहत तारानगर उप पुलिस अधीक्षक रोहित सांखला के सुपरविजन में तारानगर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मंगलवार को पंजाब के जिला मानसा के सर्दुलगढ़ थाना क्षेत्र के संदीपसिंह पुत्र चरणसिंह को 9.790 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। उक्त मामले का अनुसंधान भालेरी थानाधिकारी कर रहे है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक रामप्रताप, कांस्टेबल राज कुमार, राजेंद्र सिंह, बलवान, श्रवण कुमार, चालक अजीत सिंह आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विद्यालय में सांस्कृतिक प्रोग्राम आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजस्थानी संस्कृति को जीवंत बनाने हेतु राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाणी कुम्हारान के स्टाफ व विद्यार्थियों ने रंग बिरंगी विविध पोशाकें पहनकर राजपूताने की वेशभूषा, बोलियां, रीतियां, गीत संगीत तथा लोकनृत्यों का प्रदर्शन आए हुए अभिभावकों के समक्ष किया संस्था प्रधान प्रदीप सिंह मोठसरा ने राजस्थान के इतिहास व युद्धों की जानकारी बच्चों को दी। उन्होंने शौर्य,बलिदान व जौहर की बातें बताई तथा आन बान शान की हुंकार भरी समस्त स्टाफ ने सहयोग किया और मारवाड़, मेवाड़, ढूंढाड़ तथा हाड़ौती की चित्र शैली, भवन निर्माण व लोकदेवताओं की मान्यता पर प्रकाश डाला।

## मोडावासी में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**सादुलपुर।** राजस्थान राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोडा वासी में तीन दिनों तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने साफा, पगड़ी और परंपरागत पोशाकों का प्रदर्शन किया कार्यक्रम में राजस्थान के एकीकरण, मत्स्य संघ, वृहद राजस्थान के निर्माण, लोक-संस्कृतिक लोक-संस्कृति रीतिरिवाज, लोकगीत, साखिया और गौरवशाली व शौर्य पराक्रम की कविताएं सुनाई गई।

# जलदाय विभागः समस्या के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित, एक कॉल पर होगा समस्या का समाधान

## जलदाय विभाग ने की कंट्रोल रूम की स्थापना

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** गर्मी को देखते हुए पेयजल समस्या से निजात दिलाने के लिए जलदाय विभाग ने कंट्रोल रूम की स्थापना की है, जिसमें जिले के उपभोक्ता पानी संबंधित अपनी शिकायत दे सकेंगे। इससे पेयजल समस्या का समाधान घर बैठे ही हो जाएगा। केवल निर्धारित नम्बर पर कॉल करके शिकायत देनी होगी, इसकी मॉनिटरिंग विभाग के अधिकारी करेंगे। गर्मी के मौसम में ग्रामीण/शहरी क्षेत्र में शुद्ध पेयजल वितरण व्यवस्था के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 02972- 220131 है। जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता भोमाराम ने बताया कि सहायक अभियंता मॉनिटरिंग रामप्रसाद मालव को कन्ट्रोल रूम का प्रभारी तथा सुरेन्द्रसिंह कनिष्ठ सहायक खंड सिरोही को कन्ट्रोल रूम का सह प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा तीन पारियों में विभिन्न कार्मिकों की नियुक्ति भी की गई है।

# सार्वजनिक प्याऊ का किया उद्घाटन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजपुरोहित समाज विकास संस्थान की ओर से नगर परिषद के बाहर सार्वजनिक प्याऊ का उद्घाटन किया गया। प्याऊ का संचालन राजपुरोहित समाज विकास संस्थान के द्वारा चार माह तक किया जाएगा। जिससे बस स्टैण्ड आने जाने समेत अन्य यात्रियों को हर वक्ता शीतल पेय मिलेगा। संस्थान की तरफ से एक ओर से एक और प्याऊ लगाने का निर्णय लिया गया। लालसिंह धुरासनी, दुदाराम मनोरा, एडवोकेट अशोक पुरोहित, एडवोकेट दिनेश पुरोहित, पुखराज तंवरी, प्रकाश आमलारी, दलपत वराडा, रणछोड़राज मामावली, मनीष धांता, राजेश टाकरिया, गजेंद्र आदि मौजूद थे।

# परिंडे लगाकर जीवदया की मुहिम का किया आगाज



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राडबर में परिंदे लगाकर जीव दया की मुहिम का शुभारंभ किया। पर्यावरण एवं पक्षी प्रेमी महेंद्रसिंह चंपावत वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक ने बताया कि उनकी तरफ से पांच परिंड़े लगाकर कार्यक्रम का आगाज किया। गोपालसिंह, चूली सरपंच चम्पालाल रहे। राव 101 परिंदे चैत्र नवरात्र में लगाने का संकल्प लिया। कार्य' म के अध्यक्ष चंपालाल उनकी ओर से परिंड़े लगाने एवं सभी को परिंडे लगाने और नियमित रूप से उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। गणपति युवा मंडल के जितेंद्रसिंह, भरत कुमार रावल, कार्यवाहक प्रधानाचार्य घनश्याम कुमार, सुमेरसिंह देवड़ा, अमृतलाल, पर्यावरण प्रेमी लालाराम जाखड़, मांगीलाल,भरत कुमार मोबारसा, भरत कुमार मीणा, छात्राध्यापक विक्रमसिंह, शक्तिसिंह, जितेंद्रसिंह पटवारी, महिपालसिंह देवड़ा, भूपेंद्रसिंह डाबी, दशरथसिंह, धनाराम आदि मौजूद थे।

# उत्कृष्ट कर्मचारियों का किया सम्मान, वेतन वृद्धि की घोषणा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि में भव्य कर्मचारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। विवि के अध्यक्ष डॉ. राणा ने कार्यक्रम की तैयारी और उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को उनकी मेहनत और उपहार के लिए पुरस्कार, प्रतिष्ठा पत्र और आर्थिक लाभ प्रदान किया। समारोह में कर्मचारियों को उनकी निष्ठा और परिश्रम के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही, बेहतर प्रदर्शन करने वाले की वेतन वृद्धि की भी घोषणा की गई। इस निर्णय से कर्मचारियों में उत्साह और जोश का संचार हुआ है। यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. डॉ. ने समारोह का खुलासा किया। राणा ने कहा कि विश्वविद्यालय की सफलता का आधार इसके शिक्षक और कर्मचारी हैं। आपकी मेहनत और वादे से ही होता है छात्रों का भविष्य। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन ने घोषणा की कि अगले वर्ष से कर्मचारियों के लिए नई ट्रेनिंग शुरू की जाएगी। विवि के विस्तार और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए नए पाठ्य' म शुरू करने की भी योजना बनाई जा रही है। इस भव्य समारोह में यूनिवर्सिटी के डॉ. भावेश कुमावत एवं शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गोल्ड मेडलिस्ट देवासी का किया सम्मान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरूपगंज।** यूटीटी पैरासीनियर नेशनल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 2024- 25 में गोल्ड मेडलिस्ट केर निवासी मधुरम देवासी का किया मंगलवार को देवासी समाज ने सम्मान किया। अचलाराम देवासी के अनुसार शीतला माता मंदिर प्रांगण में देवासी समाज सरूपगंज ने माधुराम देवासी का सम्मान किया। देवासी ने गत साल बडौदा मे हुई यूटीटी पैरासीनियर नेशनल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 2024-25 में एक गोल्ड मैडल, एक सिल्वर मैडल तथा एक ब्राण्ज मैडल जीता और बडौदा मे द्वितीय नेशनल प्रतियोगिता मे सिल्वर मैडल हासिल कर राजस्थान का नाम रोशन किया। हाल मे हुए दिल्ली मे आयोजित प्रतियोगिता द्वितीय खेलो इंडिया पैरा गेम्स में सिल्वर मैडल जीता और टेबल टेनिस में पूरे भारत में प्रथम रैंक हासिल की। कलाराम देवासी, कसनाराम देवासी, डूंगाराम देवासी, रतनाराम, सोमाराम, गेनाराम, कैलाश, वेलाराम आदि मौजूद रहे।

# बालिका विद्यालय में 18 पद खाली

## » पदोन्नत पोस्टिंग लिस्ट में पद रिक्त नहीं दर्शाने से रोष

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शिक्षा विभाग की ओर से शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य, व्याख्याता को पदोन्नत कर ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया से पद स्थापित किया जा रहा है। लेकिन, विभाग ने पदोन्नत पोस्टिंग लिस्ट में पीएम बालिका विद्यालयों में लम्बे समय से रिक्त पदों को नहीं दर्शाया गया है। जिले की सबसे पुरानी, बड़ी, तीनों संकायों वाली प्रतिष्ठित बालिका विद्यालय होने से केन्द्र सरकार ने इसको पीएमश्री बनाया है। बालिकाओं को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए केन्द्र सरकार ने 2 करोड़ का अतिरिक्त बजट भी दिया था। लेकिन राजस्थान सरकार पीएम श्री बालिका विद्यालयों में पद भरने का अवसर आने के बावजूद फायदा नहीं दे रही है।




### विद्यालय में 48 पद है स्वीकृत

शिक्षा बचाओं समिति राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपालसिंह राव ने बताया कि पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही में 48 पद स्वीकृत है। जिसमें से 30 भरे हुए तथा 18 खाली है। विद्यालय में 7 विषय व्याख्याताओं सहित कुल 18 पद खाली है। फिर भी काउन्सलिंग में रिक्त नहीं दर्शाया जा रहा है।

### पदों को भरने की मांग

वरिष्ठ कर्मचारी नेता गोपालसिंह राव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को पत्र लिखकर बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों को काउंसिलिंग से भरने की गुहार लगाई है।

# पीएचइडी मंत्री आज जिले के दौरे पर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राज्य के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल बुधवार को जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार वे बुधवार दोपहर 2 बजे सिरोही पहुचेंगे वे दोपहर तीन बजे कलेक्ट्रेट सभागार में सिरोही एवं जालोर जिले की विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे।

# नालियों की सफाई करवाने की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** सांतपुर की ग्राम पंचायत सदस्य परवीन बानो पठान ने पंचायत समिति में ज्ञापन देकर नालियों की सफाई करवाने एवं ठेकेदारों को सफाई के लिए पाबंद करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि नालियों की सफाई व्यवस्था के लिए कई बार ग्राम पंचायत सांतपुर से सम्पर्क किया है। यहां तक की ठेकेदार को अवगत कराया। लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बेहाल नालियों की सफाई के कारण आम जनता में रोष बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सफाई के लिए ठेकेदार को सख्ती से पाबंद करवाते हुए वार्ड में नाली सफाई की व्यवस्था सुचारू करावे अथवा ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# बैठक में किया कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने का आह्वान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** ब्लॉक के जेतावाड़ा मंडल की बैठक आयोजन मंगलवार को हुआ। बैठक में विधायक मोतीराम कोली, ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णवीरसिंह देवड़ा रोहुआ, विधानसभा प्रभारी गोविंद बंजारा की मौजूदगी रही। विधायक मोतीराम कोली ने आगामी पंचायतीराज चुनाव में एकजुटता के साथ चुनावों में काम करने का आह्वान किया। प्रभारी गोविंद बंजारा ने विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। ब्लॉक अध्यक्ष रोहुआ ने कहा कि जब देश आजाद हुआ उस समय देश मे सुई तक नहीं बनती थी। कांग्रेस के शासन में देश ने तरक्की की हैं। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक होकर ही पार्टी को मजबूत कर सकते हैं। हीरसिंह बिका जैतावाडा, तखतसिंह, हीराराम, उत्तम चौधरी कोटड़ा,नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अजबाराम भील, ललित कुमार भाट, भैराराम चौधरी, मानाराम चौधरी, रावताराम चौधरी, डायाराम पुरोहित, छगनाराम पुरोहित, शंकर राव, हीराराम भील, अर्जुनसिंह सोलंकी, रणजीतसिंह, नारायणसिंह सोलंकी, जोइताराम, भूराराम कोटड़ा, जोइताराम, नानजीराम चौधरी, मावाराम मेघवाल आदि मौजूद थे।

# नया सानवाड़ा का एबीडीइओ ने किया निरीक्षण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** पिण्डवाड़ा पंचायत समिति के अतिरिक्त विकास अधिकारी जितेन्द्रसिंह राणावत मंगलवार को दौरे पर रहे। उन्होंने नया सानवाड़ा ग्राम पंचायत का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नया सानवाड़ा में सफाई व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों से बातचीत की। गांव में साफ सफाई व कचरा सग्रंह करने के बारे में महिलाओं से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि रोजाना ट्रैक्टर आता है उसमें कचरा डालते है। इस पर राणावत ने कहा कि सभी के सहयोग से गांव साफ सुथरा बनेगा। वहीं वार्ड 7 मे बन रहे शौचालय का निरक्षण किया। वहीं पंचायत की ओर से करवाए जा रहे विकास कार्य को देखा। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी नैनाराम लोहार, सरपंच अलका रावल मौजूद थे।



# कलक्टर सुनेगी रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में अप्रेल माह में विभिन्न ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर रात्रि चौपाल का आयोजन होगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दिनेश राय सापेला ने बताया कि रात्रि चौपाल 4 अप्रैल को आबूरोड तहसील के धामसरा में, 8 अप्रैल को रेवदर तहसील के सनवाडा में, 16 अप्रैल को शिवगंज तहसील के पालड़ी एम में, 23 अप्रैल को तहसील सिरोही के भूतगांव में तथा 30 अप्रैल को पिंडवाड़ा तहसील के आपरीखेडा में आयोजित की जाएगी।

# पीटीइटी 2025 के लिए 7 अप्रैल तक करें आवेदन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राज्य सरकार की ओर से प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम में सत्र 2025.26 में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली परीक्षा पीटीईटी 2025 (प्री.टीचर एजुकेशन टेस्ट) के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 7 अप्रेल 2025 निर्धारित है। जिला समन्वयक प्रो अजय शर्मा ने बताया कि पीटीईटी 2025 की परीक्षा 15 जून 2025 को आयोजित होगी। आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाईट एवं ईमित्र के माध्यम से आवेदन कर सकते है। आवेदन शुल्क 500 रुपए निर्धारित है।

# सत्संग में दिया मानवता और शांति का संदेश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** आबूरोड में एक दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास के भक्तों ने भाग लेकर संत के उपदेशों का लाभ उठाया। सतसंग के दौरान टीवी के माध्यम से संत रामपाल के धार्मिक ग्रंथों के आधार पर सत्य आध्यात्मिक ज्ञान का उपदेश दिया। उन्होंने बताया कि सभी धर्मों का सार एक है और वह है परमात्मा की भक्ति करना और मानवता के कल्याण के लिए कार्य करना। संत ने मानव जीवन के महत्व और मोक्ष के मार्ग के बारे में गहराई से चर्चा की। उन्होंने समाज में व्याप्त अशांति और भटकाव के कारणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सच्ची भक्ति और शांति केवल सतगुरु के मार्गदर्शन में ही प्राप्त हो सकती है। समाज सुधार के संबंध में भी विशेष संदेश दिया कि समाज में फैली कुप्रथाएं दहेज नहीं लेना और देना, रिश्वत लेना, भ्रूण हत्या, नशा खोरी आदि से दूर रहने की बात कही। सत्संग आयोजनकर्ता सूर्यकांतदास एवं लिम्बादास का सहयोग रहा।



# संग्रहण एवं जांच के केंद्र का किया अवलोकन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** जिला शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य डाइट श्रीमती मृदुला व्यास ने बुधवार को प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा के आबूरोड ब्लॉक के संग्रहण एवं जांच केंद्र का अवलोकन किया। श्रीमती व्यास द्वारा वीक्षकों को जांच कार्य मे गोपनीयता बनाए रखने एवं सजगता से जांच करने के निर्देश दिए। 28 वीक्षक कार्य कर रहे थे। प्रधानाचार्य श्रीमती रजनी श्रीवास्तव, प्रभारी ज्योतिर्मय शर्मा, ईश्वरसिंह राव, सीमा राठौड़, अशोक पुरोहित, संजय झवेरी ओर विजय नागौरा उपस्थित रहे।

# जब कोई अच्छा काम करें तो उसे रोके नहीं: चरणदास



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** गांधीनगर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथा वाचक राधा चरणदास वामनावतार का उल्लेख किया गया। भगवान विष्णु के अवतार और बारह आदित्य भाइयों में सबसे छोटे थे। त्रेतायुग के प्रारम्भ होने में भगवान विष्णु ने वामन रूप में देवी अदिति के गर्भ से जन्म लिया। इसके साथ हीं यह विष्णु के पहले ऐसे अवतार थे। जो मानव रूप में प्रकट हुए। उन्होंने कहा वामनअवतार से यह सीख मिलती है कि जब भी कोई व्यक्ति अच्छा काम कर रहा हो तो उसे रोकना नहीं चाहिए। इस कहानी में शु' ाचार्य राजा बलि को दान करने से रोक रहे थे, इस काम की वजह से उन्हें अपनी एक आंख खोनी पड़ी। जब हम किसी को अच्छे काम करने से रोकते हैं तो हमारी परेशानियां बढ़ती हैं। सुमित सम्बरिया, दिनेश अग्रवाल, पवन मोयल और मदनसिंह का सहयोग रहा

# न्यूज़ ब्रीफ

## स्मार्ट बोर्ड का किया उद्घाटन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**निम्बज।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय वड़वज में स्मार्ट बोर्ड का उद्घाटन किसान नेता सुजानसिंह वड़वज ने किया। प्रधानाध्यापक राजूनाथ सिद्ध ने बताया कि जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय में कार्यक्रम अधिकारी रतिलाल प्रजापत ने रायपुर उपसरपंच सुजानसिंह वडवज के प्रयासों से स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम बनाने के लिए करीब 1 लाख 50 हजार रुपए की लागत की 65 इंच की आईएफपीडी दिलवाई। वहीं किसान नेता ने बताया कि सहयोगात्मक शिक्षण, संसाधनों तक आसान पहुंच, और आकर्षक शिक्षण के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी वहीं शिक्षा से ही छात्रों का उज्जवल भविष्य है जो शिक्षा जरूरी है। परियोजना समन्वयक अधिकारी प्रजापत का रायपुर उप सरपंच किसान नेता वडवज व ग्रमीणों ने आभार व्यक्त किया। देवीसिंह, मोमताराम, ईश्वरसिंह, रामलाल सालवी, भरतकुमार, सुरेश कुमार,कपिल व्यास, दिनेश गुर्जर, योगेंद्रसिंह, युवराजसिंह, लुभसिंह, सुमेरसिंह आदि मौजूद थे।

## पर्यवेक्षण प्रभारी अधिकारी नियुक्त

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविर को लेकर आयोजन 15 अप्रैल को अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दिनेश राय सापेला ने बताया कि सिरोही पंचायत समिति के लिए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, सिरोही को पिंडवाड़ा पंचायत समिति के लिए अधीक्षण अभियंता पीएचईडी को, शिवगंज के लिए अधीक्षण अभियंता डिस्कॉम को,रेवदर के लिए अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी को तथा क्षेत्रीय प्रबंधक रीको आबूरोड को आबूरोड का पर्यवेक्षण प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## झोंगरेश्वर मंदिर का मेला आज



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**गोयली।** जावाल जाने वाले मार्ग स्थित झोंगरा राठौड़ कृषि फार्म स्थित भगवान झोंगरेश्वर खवीजी बावसी मंदिर का वार्षिक बुधवार को मनाया जाएगा। यह आयोजन ग्रामवासियों और मेला कमेटी की ओर से किया जाएगा। सवेरे मंगला आरती, ध्वजारोहण समेत अनेक कार्यक्रम होंगे। दिनभर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी ग्रहण करवाई जाएगी। प्रवीण माली भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। शाम को महाआरती की जाएगी।

## गौरेया संरक्षण का लिया संकल्प

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** पालड़ी एम एक व्यक्ति एक पौधा मिशन की ओर से गौरेया आओ ना के तहत परिंडा वितरण कार्य' म आयोजित किया गया। दंपति विमला देवी -पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत ने अंशी बाई को मिशन की परम्परा के अनुसार पौधा गिफ्ट किया। पर्यावरण प्रेमियों ने माला पहनाकर स्वागत के साथ अंशी बाई ने उनके पति प्रहलाद कुमावत की स्मृति में गौरेया संरक्षण के लिए 21गौरेया हाउस व परिंडा वितरण कर गौरेया संरक्षण का संकल्प लिया। अंबालाल कुमावत, गीता देवी, सीता देवी, अमृतीबाई, सुखी देवी, पंकु देवी, मंजु देवी, तलसी देवी, विनोद कुमार, दाडमी देवी, संतोष कुमारी, सहित पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

## वाराही माता मंदिर का मेला 2 मई से

### मांडवा में होगा दो दिवसीय मेला



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** मांडवा के वाराही माता मंदिर परिसर में मंगलवार को ट्रस्ट की बैठक अध्यक्ष प्रकाशराज रावल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सचिव दिनेश रावल ने बताया कि इस वर्ष के मेला आयोजक सुरेश कुमार पुत्र लादुराम जीरावल रहेंगे। इस महोत्सव में मेला लाभार्थी परिवार की ओर से बनाए गए विशाल सभा भवन एवं दो भव्य प्रवेश द्वार का भी उद्घाटन होगा। मेले की पूर्व संध्या दो मई को भजन संध्या में प्रकाश माली एवं खेताखान भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। दूसरे दिन तीन मई को दिनभर कई कार्यक्रम होंगे। संरक्षक दुर्गाराम रावल, उपाध्यक्ष कैलाश रावल, नरेश कुमार, कोषाध्यक्ष दलपतराम, प्रवक्ता राजु गोयली, अमृतलाल, किशनलाल रावल मौजूद थे।

# चिड़ावा में चिकित्सा सुविधाओं का हुआ और भी विस्तार, उप जिला अस्पताल को मिली सोनोग्राफी मशीन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** उप जिला अस्पताल में लगातार सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को करीब 22 लाख रूपए से अधिक की कीमत वाली आधुनिक सोनोग्राफी मशीन का लोकार्पण किया गया। भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया ने सोनोग्राफी कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया और चिकित्सकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित हो कि अब बाहर से किसी भी मरीज को सोनोग्राफी ना करानी पड़े। इस मौके पीएमओ डॉ. सुमनलता कटेवा, अग्रवाल जन कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रो. केएम मोदी तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर समेत अन्य जनप्रतिनिधि व शहरवासी मौजूद थे।



पीएमओ डॉ. सुमनलता कटेवा ने बताया कि उप जिला अस्पताल में चार महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सक पदस्थापित है। जिनमें से एक चिकित्सक को सोनोग्राफी करने के लिए जिम्मेदारी दी जाएगी। आपको बता दें कि एक अनुमान के मुताबिक चिड़ावा के उप जिला अस्पताल में 100 से 150 सोनोग्राफी के लिए चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया जाता है। जो अब तक बाहर निजी सोनोग्राफी सेंटरों पर करवाई जाती थी। जो अब नहीं करवानी पड़ेगी। मरीजों की सोनोग्राफी उप जिला अस्पताल में ही फ्री में हो जाएगी। भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया ने सोनोग्राफी मशीन देने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर का आभार जताया। साथ ही आश्वस्त किया कि उप जिला अस्पताल में सिटी स्केन समेत अन्य सुविधाओं का इजाफा किया जाएगा। ताकि मरीजों को निजी अस्पताल में ना भटकना पड़े।

**कुछ और घोषणाएं हुई, ये रहे मौजूद :** इस मौके पर अग्रवाल जन कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रो. केएम मोदी ने टीन शेड व रविकांत शर्मा ने अपने माता पिता की याद में अस्पताल में ब्लड बैंक के लिए भवन बनवा कर देने की घोषणा की। कार्यक्रम में डॉ. रघुवीर मील, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर रणसिंह, वाइस चेयरमैन अभय सिंह बड़ेसरा, पूर्व पार्षद रविकांत शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार शंभू पंवार, पार्षद अंकित भगेरिया, पूर्व पार्षद सुरेश भूकर, पार्षद नरेंद्र राठौड़ पिलानी, पार्षद गंगाधर सैनी, सज्जन भड़िया घरडू, पार्षद राजकुमार राव, पूर्व मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉ. बीएल वर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अशोक शर्मा, विश्व हिंदू परिषद से सुनिल सिद्धड़, मोहित तामड़ायत, जयसिंह नूनियां, होशियारसिंह डूलानिया, विकास स्वामी चिड़ावा ग्रामीण, सज्जन कोठारी देवरोड़, हर्षवर्धन सिंह पिलानी, मुरलीमनोहर शर्मा, पंसस राजेंद्र नेहरा, पंसस अरविंद सैनी, पंसस उम्मेद सिंह बुडानिया, पंसस ख्यालीराम सैनी, पंसस अनिल रणवां, पंसस राजकुमार बिगोदना, नारी सरपंच आशीष, अलीपुर सरपंच अजीतसिंह, दूधवा सरपंच दलीप स्वामी, देवरोड़ सरपंच अनूप नेहरा, सुजडौला सरपंच कानूसिंह, खेड़ला सरपंच रामसिंह, घंडावा सरपंच रामेशरलाल, सुनिल छिपी, विद्याधर धनखड़, प्रताप मेघवाल अड़ूका, राजकुमार गजराज, सज्जन गोदारा, आशु स्वामी, नगर मंत्री राजेश वर्मा, नगर उपाध्यक्ष पवन शर्मा सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा व पर्यावरण के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए नीरजा मोदी सम्मानित



**झुंझुनूं।** शेखावाटी फाउंडेशन दिल्ली की ओर से झुंझुनूं की शख्शियत झुंझुनूं एकेडमी मैनेंजिंग डायरेक्टर एवं समाजसेवी नीरजा मोदी को राज्य स्तरीय सम्मान से नवाजा गया है। स्कूल निदेशक आकाश मोदी ने बताया कि नीरजा मोदी को यह सम्मान उनके द्वारा शिक्षा व पर्यावरण के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के कारण दिया गया है। जयपुर में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान उन्हें प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न भेंट किए गए। स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के मंत्री झाबरसिंह खर्रा, राज्यसभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी, पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह राठौड़, प्रताप सिंह खाचरियावास, कालीचरण सर्राफ, भाजपा नेता मुकेश दाधीच, देवेंद्रसिंह झाझड़िया, कृष्णा पूनियां, राजपाल शर्मा, जयपुर सिविल लाइन्स विधायक गोपाल शर्मा, फाउंडेशन के पदाधिकारी गण आदि उपस्थित थे। संचालन प्रख्यात कवि हरीश हिंदुस्तानी ने किया। झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी ने बताया कि शिक्षा, समाजसेवा व पर्यावरण संरक्षण को लेकर नीरजा मोदी ने बहुमूल्य योगदान दिया है। इस अवसर पर स्कूल निदेशक आकाश मोदी, गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, स्कूल उप प्रचार्या सरोज सिंह, हेडमिस्ट्रेस उमा शर्मा, स्कूल प्रशासक कमलेश कुलहरि, एडमिशन डायरेक्टर श्यामसुंदर शर्मा एवं स्टाफ सदस्यों ने खुशी जाहिर कर नीरजा मोदी को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### गुढ़ागौड़जी में एलन स्कॉलरशिप एग्जाम का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**गुढ़ागौड़जी।** कस्बे में संचालित एलन एसआईपी संस्कार स्कूल के तत्वावधान में आयोजित एलन स्कॉलरशिप एग्जाम में 2047 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। एग्जाम के बाद सेमीनार सेशन में एलन झुंझुनूं डिवीजन हैड प्रदीप चौधरी ने एग्जाम देने वाले स्टूडेंट्स को कॅरिअर निर्माण की जानकारी देते हुए पेरेंट्स को समय के अनुसार स्टडी के बदलते प्रतिमानों के बारे में बताया। एलन गुढ़ागौड़जी कैम्पस से कुलदीप शर्मा ने जेईई व नीट परीक्षा की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर संस्कार स्कूल चेयरमैन प्रहलाद बांगड़वा, सचिव मनीष गुप्ता, प्रधानाचार्य रामसिंह धींवा, एकेडमिक पार्टनर अरविंद सिसोदिया व मेनेजिंग डायरेक्टर डॉ. विनोद कुमार शर्मा के साथ ही अध्यापकगण एवं अभिभावकगण भी उपस्थित थे।

### मलेरिया क्रैश कार्यक्रम शुरू, जागरूकता वाहन रवाना



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में आने वाले दिनों डेंगू मलेरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों न पनपे इसके लिए एंटी लार्वा गतिविधियों का मलेरिया क्रैश कार्यक्रम मंगलवार से शुरू किया। इसके तहत मंगलवार को जिला स्वास्थ्य भवन से सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने एक जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आमजन को एंटी लार्वा गतिविधियों के बारे जागरूक करना है। लोगों को मच्छर पैदा न हो इसकी जानकारी देनी है ताकि डेंगू मलेरिया न फैले। जितने भी लार्वा पैदा करने वाले स्रोत है उन्हें नष्ट करवाना। ठहराव वाले पानी में एमएलओ डालना।

### नवजात शिशुओं को 61 हाईजेनिक बेबी किट वितरण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वात्सल्य अंतर्राष्ट्रीय स्तनपान जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वर्गीय निरंजनलाल केडिया परिवार के सौजन्य से भगवानदास खेतान अस्पताल परिसर झुंझुनूं की जनाना विंग में नवजात शिशुओं को आठ कपड़ों वाले 61 हाइजेनिक बेबी किट, संक्रमण की रोकथाम के लिए वितरण किए गए। डॉ. प्रियंका सेखसरिया ने प्रसूताओं को नवजात शिशुओं के संक्रमण रोकथाम के लिए जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एमआईएफ श्यामसुंदर जालान, रीजन सेकेटरी एमआईएफ महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन एमआईएफ नागरमल जांगिड़, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड़, एमआईएफ प्रदीप कुमार शुक्ला, एमआईएफ ओमप्रकाश ककरानिया, एमआईएफ मुबारक अली पहाड़ियान, शिवप्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा एवं काफी संख्या में अस्पताल स्टाफ वीर एवं वीराएं मौजूद रहे। ज्ञात रहे केडिया परिवार द्वारा हर माह की एक तारीख को बेबी किट वितरण किए जाते हैं।

### विप्र समाज की बैठक में परशुराम जयंती मनाने पर चर्चा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडावा।** आगामी माह की आखातीज पर भगवान परशुराम जयंती मनाने को धूमधाम से मनाने को लेकर अरविंद पारीक ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में होटल हैरिटेज परिसर में विप्र पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला, शहर, तहसील, ग्राम इकाई स्तर पर भगवान परशुराम की जयंती को धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष अरविंद पारीक ने बताया कि जयंती कार्यक्रम को लेकर जिले के सभी क्षेत्रों के सभी पदाधिकारियों से विचार-विमर्श कर बड़े धूमधाम से मनाने के लिए अवगत करवाया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष महेश हरितवाल ने समाज उत्थान को लेकर भी विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से से निर्णय कर जिला व तहसील स्तर पर कार्यकारिणी का विस्तार करने की बात कही। इस अवसर पर चंडीप्रसाद कौशिक नवलगढ़, कोलकाता प्रवासी भामाशाह शंकर सुरोलिया, राजेश कुमार लाटा बबाई, सज्जनलाल शर्मा, अरविंद शर्मा, पवन कुमार शर्मा, बाबूलाल शर्मा, रघुवीर जोशी, वरिष्ठ पत्रकार प्रभुदयाल चुलैट, विष्णु शर्मा, मनोज कुमार नरेड़ा, विनोद दलोईवाला, विष्णु दुगोलिया सहित अन्य समाजबंधु उपस्थित थे।

# चिड़ावा थाने का हिस्ट्रीशीटर वांटेड ईनामी बदमाश बबलू शूटर गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** स्थानीय पुलिस ने थाने के हिस्ट्रीशीटर और वांटेड बदमाश सौरभ उर्फ बबलू शूटर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। ओजटू के रहने वाले 22 साल के सौरभ उर्फ बबलू शूटर पर झुंझुनूं पुलिस ने ना केवल 10 हजार रूपए का ईनाम घोषित कर रखा था। बल्कि जिले की और थाने के टॉप टेन वॉन्टेड बदमाशों की सूची में भी उसका नाम था। जिसे बीती रात को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर किठाना गांव में दबिश देकर गिरफ्तार किया। सीआई आशाराम गुर्जर ने बताया कि बबलू शूटर ने ओजटू निवासी जलेसिंह पर इसी साल दो जनवरी को सुलताना में अपने साथियों के साथ हमला किया था। जिसके बाद घायल जलेसिंह का चिड़ावा के निजी अस्पताल में ईलाज चला। जब ईलाज पूरा होने के बाद सात जनवरी को जले सिंह अपने मकान पर पहुंचा। तो उसी रात को बबलू शूटर और उसके साथियों ने जले सिंह के घर में जमकर तोड़फोड़ मचाई और जले सिंह पर भी जानलेवा हमला किया। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन बबलू शूटर की तलाश सुलताना और चिड़ावा में दर्ज एफआईआर में थी। इसके अलावा भी एक अन्य मामले में बबलू शूटर वांटेड था। एसपी ने बबलू शूटर पर 10 हजार रूपए का ईनाम घोषित कर रखा था। बीती रात बबलू शूटर को गिरफ्तार किया गया है। सीआई आशाराम गुर्जर ने बताया कि बबलू शूटर को करीब चार—पांच महीने पहले माननीय हाईकोर्ट ने सशर्त जमानत दी थी। जिसमें किसी प्रकार का जुर्म ना करने और हर सात दिन में एक बार चिड़ावा थाने में हाजिरी देने के आदेश दिए थे। लेकिन जमानत मिलने के बाद एक बार भी बबलू शूटर थाने नहीं आया और ना ही हाजिरी दी। बल्कि पांच महीने में तीन वारदातें कर दी। जिसमें वह वांटेड हो गया। पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश कर पूछताछ करेगी। आपको बता दें कि जले सिंह के घर ओजटू में किए गए हमले के दौरान बबलू शूटर ने अपने साथियों के साथ एक कैंपर गाड़ी और दो बाइकों को तोड़ दिया था।



# भरवाड़ी राजकीय स्कूल में मंच का लोकार्पण एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भरवाड़ी ग्राम पंचायत ढेवा की ढाणी में विद्यालय के पूर्व छात्र मांगूसिंह शेखावत, भगवानसिंह शेखावत, सांवरमल कीर, एडवोकेट नेमीचंद डूडी द्वारा इस विद्यालय में मंच का निर्माण कार्य करवाया गया। जिसके लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि नवलगढ़ विधायक विक्रमसिंह जाखल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि नवलगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सैनी, परसरामपुरा सरपंच करणीराम, सरपंच मदनसिंह, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार सैनी, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कुलदीप पूनियां, प्राचार्य पुष्पा, वाइस प्रिंसिपल महेश कुमार थे। कार्यक्रम का प्रारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पाहार पहनाकर किया गया। मुख्य अतिथि विधायक विक्रम सिंह जाखल ने अपने उद्बबोधन में कहा कि शिक्षा के मंदिर में भामाशाहों को मिलजुल कर सहयोग करना चाहिए। गांव के अंदर जितने भी सार्वजनिक संस्थाएं हैं। उनकी देखरेख गांव के लोगों को भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नवलगढ़ में सभी क्षेत्रों में विकास की गंगा लाई जाएगी। एडवोकेट नेमीचंद ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय को शीघ्र उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत किया जाए और विद्यालय में कम से कम दो कमरों का निर्माण शीघ्र किया जाए व दो कमरों की मरम्मत के लिए बजट शीघ्र जारी किया जाएगा। मंच का निर्माण करवाने वाले भामाशाह को मोमेंटो, साफा और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैप्टन प्रहलादसिंह शेखावत, मातूसिंह शेखावत, फूलाराम कीर, महेंद्र कुमार, पार्षद हितेश थोरी, राकेश गुर्जर, सुरेंद्र कुमार, विद्यालय स्टाफ सुमन चौधरी, अंजू मीणा, सरोज गर्वा, विजयसिंह महण, मनोज कुमार, नितेश कुमार गोयल, शिवेन शर्मा, दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे।




# 'सच्चे भाव से भगवान मिलते हैं'



**सादुलपुर।** स्थानीय सोती भवन में श्रद्धेय स्वामी श्री विजयानन्द गिरि जी महाराज (ऋषिकेश) के पावन सानिध्य में चल रहे सात दिवसीय दुर्लभ सत्संग कार्यक्रम चल रहा है इस अवसर पर उपस्थित श्रोताओं को व्यास पीठ से श्री स्वामी ने कहा कि भक्ति से भगवान मिलते हैं परन्तु मानव की भक्ति में भगवान के प्रति सच्चे भाव होने चाहिएं। इसलिए मन से भाव रखना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी डुंगर मल जोशी ने विशेष आरती में सपत्नी शामिल हुए। प्रवचन के दौरान भजन कीर्तन हुए जो सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आरती में बड़ी संख्या में महिला पुरूष शामिल हुए जिनको जोशी परिवार की ओर से प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर फतेह चंद सोती, योगेश गोड, महेश मिश्रा, सुरेश सारस्वत, केलाश नवहाल, दिनेश बावलियां, गुरुदास भारती, सुरेंद्र बावलियां, सत्यनारायण सैनी सहित सर्व समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कुचामन गढ़ से ईशर गणगौर की राजसी शोभायात्रा निकली

### सुहागिन महिलाओं और युवतियों ने ईशर गणगौर की पूजा-अर्चना की

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** श्री सेवा समिति द्वारा आयोजित गणगौर महोत्सव के दो दिवसीय कार्यक्रम में सोमवार शाम को ईशर गणगौर की शाही सवारी निकाली गई। यह सवारी कुचामन फोर्ट से प्रारंभ हुई। सवारी धान मंडी, सदर बाजार, पलटन गेट से होते हुए आगे बढ़ी। फिर गोल प्याऊ, पुराने बस स्टैंड और अम्बेडकर सर्किल से होकर वेस्ट गेट तक पहुंची। अंत में सवारी पुनः किला परिसर लौटी, जहां महाआरती का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में ऊंट और घोड़े शामिल थे। बैंड-बाजों की धुन पर लोग नाचते-गाते चल रहे थे। मार्ग में जगह-जगह सुहागिन महिलाओं और युवतियों ने ईशर गणगौर की पूजा-अर्चना की। यात्रा के दौरान मार्ग के दोनों ओर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी।



पुलिस प्रशासन ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त जाप्ता तैनात किया था। श्री सेवा समिति के अनुसार, मंगलवार को शोभायात्रा और बोलावनी का आयोजन किया गया।

**परम्परागत तरीके से निकाली गणगौर की सवारी :** कुचामन में सीकर रोड़ स्थित जादोन की कोल्डी में परम्परागत एवं शाही तरीके से ईशर गणगौर की सवारी निकाली गई। जादौन की कोल्डी से यह परम्परावात सवारी लगभग 200 वर्षों से लगातार इसी शाही अन्दाज में निकाली जाती है। सवारी निकालने से पहले समाज के लोग विधि विधान से पूजा अर्चना एवं ईशर-गणगौर के फेरे करवाते है। हुक्का पीते हुए ईशर जी की प्रतिमा ओर ईशर गणगौर के जोड़े की एक अलग पहचान है। इस अवसर पर राम सिंह जादौन, श्रवन सिंह, सुमेर सिंह, गजेन्द्र सिंह, करन सिंह प्रहलाद सिंह, जगदीश राजपुरोहित, मनोहर सिंह जीवराज सिंह, वीरेन्द्र सिंह हुडील अमर सिंह,चैन सिंह, मदन गोपाल सोनी, जगदीश सिंह आदि शामिल हुए।

### लगातार चार दिन में मधुमक्खियों का चौथा हमला

# चारावास, झुंझुनूं, बिगोदना के बाद उदयपुरवाटी में हमला, दो दर्जन घायल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुरवाटी।** झुंझुनूं जिले में पिछले चार दिनों से मधुक्खियों के हमले जारी है। हर दिन कहीं ना कहीं मधुमक्खी हमले कर रही है। जिसके कारण घायल अस्पताल पहुंच रहे है। ताजा घटना झुंझुनूं के उदयपुरवाटी से सामने आई है। जहां पर मंगलवार को अंतिम यात्रा में शामिल लोगों पर मधुमक्खियों ने बीच रास्ते में ही अचानक हमला बोल दिया। जिससे करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए। इनमें से 19 को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक उदयपुरवाटी कस्बे की वार्ड नंबर 10 निवासी बुजूर्ग महिला चावली देवी का निधन हो गया था। घर में अंतिम संस्कार के क्रियाकर्म पूरे होने के बाद चावली देवी की अर्थी लेकर लोग मुक्ति धाम के लिए रवाना हुए। लेकिन घूमचक्कर के पास जैसे ही गली में अंतिम यात्रा ने प्रवेश किया और बिचला बासा की परंपरा निभाने के लिए अर्थी को नीचे रखकर अंतिम क्रियाकर्म शुरू किए। इतने में ही सती मंदिर के पास एक पेड़ से मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। अचानक लोगों को मधुमक्खियां काटने लगी। जिसके बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। लोग अर्थी को छोड़कर इधर—उधर भागे और खुद को बचाया। करीब 19 घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। करीब एक घंटे बाद वापिस परिवार के लोग और मोहल्ले के लोग बिचले बासा की जगह पहुंची और अर्थी को लेकर मुक्ति धाम पहुंचे। जहां पर दाह संस्कार किया गया। सीएचसी में विधायक भगवानाराम सैनी भी घायलों की कुशलक्षेम पूछने के लिए पहुंचे। आपको बता दें कि मंगलवार को लगातार चौथा दिन है। जब झुंझुनूं जिले में मधुमक्खियों का कहर देखने को मिला है। शनिवार को चारावास के मुक्ति धाम में, रविवार को झुंझुनूं शहर के कान्हा पहाड़ में, सोमवार को बिगोदना गांव के एक खेत में मधुमक्खियों के हमले से घायल लोग अस्पताल पहुंचे थे। वहीं मंगलवार को घटना उदयपुरवाटी में हो गई।

# महाविद्यालय में छात्राओं का किया स्वागत

**झुंझुनूं।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान उच्च शिक्षा की स्थानीय इकाई राजकीय एनएमटी महिला महाविद्यालय में नवसंवत्सर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने तिलक लगाकर स्टाफ व छात्राओं का स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा प्रियंका चावला निवासी कासिमपुरा को स्नातकोत्तर हिंदी परीक्षा 2024 में शेखावाटी विश्वविद्यालय द्वारा गोल्ड मैडल प्रदान करने पर हिंदी विभाग के शिक्षकों द्वारा छात्रा को प्रतीक चिह्न एवं 1100 रुपए नकद देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रिया निवासी फतेहसरी का जूनियर ट्रांसलेशन ऑफिसर कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी के पद पर चयन होने पर छात्रा का महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह, हिंदी विभाग में कार्यरत किशोर कुमार, डॉ. शशिप्रकाश अहलावत, सुनिता एवं अन्य संकाय सदस्यों में डॉ. विकास भड़िया, डॉ. सुरेंद्र कुमार, जगदीश कुमार, डॉ. अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# कोलर में पिपलेश्वर महादेव मेले में उमड़ा आस्था का ज्वार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाडा।** कोलर गांव में पिपलेश्वर महादेव एक दिवसीय धार्मिक मेला मंगलवार को भरा गया।जिसमें समूचे अरावल क्षेत्र की जनता उमड़ पड़ी।इस मौके पर श्रद्र्लुओं ने बाबा के दरबार मे माथा टेक कर मन्नतें मांगी व खुशहाली की कामना की।इससे पूर्व गांव में एक भव्य वरघौड़ा निकला जो गांव के विभिन्न मार्गो से होता हुआ मन्दिर प्रांगण पंहुचा।वरघौड़े के दौरान गेर दलों ने गेर नृत्य किया।इस अवसर पर मेले मे लगी मणीहारी की दुकानों पर जंहा महिलाओं ने जमकर खरीददारी की वंही युवाओं ने मेले मे लगे झुलों,चाट की दुकानो पर चाट का लुत्फ उठाया।इससे पूर्व सोमवार को एक शाम पिपलेश्वर महादेव के नाम आयोजित भजन संध्या का आगाज भजन गायक नरेश राव ने गणपति वंदना के साथ किया,तत्पश्चात माधूरी वैष्णव के साथ अन्य भजन गायकों ने एक से बढक़र एक पिपलेश्वर महादेव मंडित भजनों की स्वर लहरियों के बीच देर रात तक श्रौताओं ने जमकर लुत्फ उठाया।इस अवसर पर अरावली क्षेत्रिय विकास समिति कोलर नगर अध्यक्ष कैलाश पंवार,दीपक जांगीड,गोविंद सुथार,भागीरथ, बाबूलाल माली,थानाराम देवासी आदि उपस्थित थे।



### महाप्रसादी में उमड़ें भक्त

मेले के इस अवसर पर दूदाराम,गमनाराम भानाजी देवासी परिवार की ओर से आयोजित महाप्रसादी में महादेव के भक्त उमड पडे।

छत्तीस कौम

## शिव महापुराण कथा को लेकर बैठक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई।** कस्बे में सोमवार सुबह तपेश्वर महादेव मंदिर में पुजारी मोहन पुरी एवं आयोजक सीरवी नेनाराम होम्बर के सानिध्य में शिव महापुराण हेतु छत्तीस क़ौम की बैठक आयोजित की जिसमें हर समाज को आयोजक परिवार द्वारा पत्रिका वितरण की गई। आयोजक परिवार ने सभी सनातन धर्म प्रेमीयो निवेदन किया कि देवनगरी नारलाई में पहली बार मारवाड़ माटी के सुविख्यात श्री श्री 108 श्री डॉ रामप्रसादजी महाराज जोधपुर के श्रीमुख से कथा का वाचन करेंगे जिसमें संत सानिध्य श्री श्री 1008 अवधेशानंद चैतन्य महाराज सुरज कुण्ड, श्री श्री 1008 श्री कैलाशपुरी जी महाराज देसुरी,जति श्री भगा बाबाजी ठिकाना वडेर बिलाड़ा, श्री फुला बाबाजी जैकल आई माता,अतिथिगण श्री मान पी पी चोधरी सांसद पाली, श्री मान पुष्पेन्द्र सिंह राणावत विधायक बाली, श्री मान केसाराम चौधरी विधायक मा जंक्शन, शिरकत करेंगे। कथा 17 अप्रेल 23 तक कलश यात्रा के साथ शुरु होगी। कथा स्थल वेरा कारखाना, केसुली रोड़ होगी

# दांतीवाडा के दुदेश्वर महादेव मेले व गैर नृत्य में उमड़ा जनसेलाब

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली उपखण्ड के दातीवाड़ा गांव में दुदेश्वर महादेव मेले व गैर नृत्य के आयोजन में लोगो ने जमकर नाचने का लुफ्त उठाया। दुदेश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा आयोजित मेले व गैर नृत्य में जालौर व बाड़मेर की गेरो ने भाग लिया। बाहर से आए गैर नृत्य कलाकार जालोरी व बाड़मेरी अंदाज में जोरदार गैर नृत्य की प्रस्तुतिया देकर मेले में चार चाँद लगा दिए। गैर नृत्य व मेले के आयोजन में पुजारी मदनलाल लुहार का विशेष सहयोग रहा। बाहर से आए गेरियो का ट्रस्ट द्वारा माला पहना कर सम्मान किया गया। दुदेश्वर महादेव ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष गोमाराम चौधरी, कोषाध्यक्ष हरिलाल गर्ग, महिपाल जैन, शैलेश जैन, वीणा जैन, देवाराम प्रजापत, जोगाराम देवासी, रामलाल चौधरी, रतन सिंह राठौड़, हसमुख मालवीय, नारायण माली, नैनाराम मेगवाल, हरिलाल हीरागर, खेताराम चौधरी, अमृत माली सहित 36 कौम ग्रामवासियो का सहयोग रहा।



# विद्यालय में प्रोजेक्टर भेट



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

नाडोल राजकीय उच्च माध्यमिक र कोटडी मे गाँव के भामाशाह हंसराज, नैनाराम खींमाराम सोलंकी ने प्रेरक लक्ष्मण सिंह सोलंकी (प्राध्यापक) द्वारा माँग करने पर तुरंत प्रोजेक्टर विद्यालय में भेंट किया एवं विद्यालय के लिए 15 कुर्सियां एवं 5 टेबल भी भेंट किये।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार घावरी ने भामाशाह को साफा पहनाकर स्वागत किया किया। साथ ही स्टाफ ने विद्यालय में आए अतिथि मूला राम चौधरी, हंसा राम काग, पटवारी मुकेश कुमार का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राध्यापक लक्ष्मण सिंह सोलंकी, ताराचंद भार्गव, मोहन लाल, शंकर लाल, रमेशकुमार, मेघा राम, मगाराम, विजेंद्रसिंह, मनोहर कुमार, सुरेशसिंह जाट, किरण कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# सुंदरकांड पाठ व भक्ति संध्या में डूबे रहें श्रद्धालु

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**साण्डेराव।** क्षैत्रिय नवरात्रा महोत्सव के दौरान स्थानीय नगर के अम्बिका मंदिर परिसर में संत मनसुख हिरापुरीजी की पावन निश्रा में सियाराम सेवा समिति शिवगंज की और से संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। सुंदरकांड सेवा समिति शिवगंज के दुदाराम गहलोत,मदन परिहार, राजेन्द्र अग्रवाल,मदन सुंदेशा शिवगंज, जयकिशन काजाणी साण्डेराव की और और से संगीतमय सुंदरकांड की चौपाइयों से शुरू किए पाठ से मौजूद श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में सराबोर होकर भगवान श्रीराम और हनुमानजी की महिमा का मध्य रात्रि तक गुणगान किया उसके बाद भजन कलाकारों ने अपनी सुरीली आवाज में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भोर तक बांधे रखा। यहां अम्बिका मंदिर की सेविका श्रीमती सायरी देवी मेवाड़ा की बरसी पर उनके परिजनों की और से अल सुबह हवन-यज्ञ,शांति पाठ,बालभोग के बाद रात्रि में 8 बजे सियाराम सुन्दर काण्ड सेवा समिति शिवगंज की और से पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करवाने को लेकर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का मुख्य यजमान नटवर भाई मेवाड़ा परिवार की और से पूजा अर्चना करवाने के बाद श्रीराम और हनुमानजी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं ज्योत प्रज्ज्वलित कर किया इस आध्यात्मिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन करते हुए श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। सुंदरकांड पाठ के बाद मारवाड़-गोडवाड़ के जाने-माने सुप्रसिद्ध भजन कलाकार संत कन्हैयालाल एंड पार्टी द्वारा भजन संध्या का आयोजन गणेश वंदना की गई। भजन संध्या में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियों पर भोर तक श्रद्धालु झूमते रहें।



### भक्तों का उमड़ा सैलाब

■ अम्बिका मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्री मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल समाजबंधु, व्यापारी, जनप्रतिनिधि, महिलाएं एवं स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक भजन संध्या का आनंद लिया और आयोजन की भव्यता की सराहना की। इस आयोजन से पूरे मारवाड़-गोडवाड़ क्षेत्र में आध्यात्मिकता का संचार हुआ और श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम एवं हनुमानजी की भक्ति में लीन होने का अनमोल अवसर प्राप्त हुआ।

## श्री मेलडी मां व बहुचर मां के महामहोत्सव का शुभारंभ

**सुमेरपुर।** नगर के जाखानगर आंगनवाड़ी के पास स्थित श्री मेलडी मां व बहुचर मां मंदिर का द्वितीय दो दिवसीय वार्षिक महा महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को मेलडी मां उपाचक दीपिका भुआजी के सान्निध्य में किया गया। श्री मेलडी माता नवयुवक मंडल के सदस्यों ने बताया कि महोत्सव में पहले दिन सवेरे खेड़ादेवी मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकाली गई। एक सुसज्जित रथ में मेलडी मां व बहुचर माताजी की तस्वीर विराजित की गई। दूसरे रथ में दीपिका भुआ साथ-साथ चल रहें थे। यह शोभायात्रा भैरू चौक, हनुमानजी मंदिर, मेहता प्याऊ, गांधी सर्किल, जालोर चौराहा होते हुए मंदिर परिसर पहुंच सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में भक्त नाचते-गाते हुए माताजी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। शोभायात्रा में पंचम म्युजिकल ग्रुप के विपुलभाई पंचीवाला, सिंगर दर्शनाबेन व्यास व धवल नायक ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर समा बांधा। इससे पूर्व सवेरे मंदिर परसिर में हवन किया गया। वहीं, रात में दशहरा मैदान में मांडवा (रमेल) भजन संध्या आयोजित हुई। गुजरात म्युजिल ग्रुप के नरेश कटारिया, अमित महिसागर ने प्रस्तुतियां दी।

# वर्ष प्रतिपदा पर मानस मंडल का 251 वा पाठ संपन्न

### स्वर लहरियों पर भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री मानस सुंदरकांड मंडल द्वारा वर्ष प्रतिपदा पर नव वर्ष के स्वागत अभिनंदन पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मानस मंडल के संयोजक पंडित विनोद शर्मा ने बताया कि नव वर्ष के स्वागत एवं अभिनंदन पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगातार 9 वे वर्ष हनुमान जी मंदिर होली चौक पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। यह पाठ मंडल का 251 वा पाठ था। जिसमें सभी हिंदू प्रेमियों का सहयोग रहा। पाठ का प्रारंभ रामलाल छिपा, शैतान सिंह राव द्वारा प्रभु श्रीराम और हनुमानजी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात गणपति वंदना के साथ पाठ का शुभारंभ किया गया। गणपति वंदना के बाद विभिन्न स्वर लहरियों पर भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन पंडित विनोद शर्मा द्वारा किया गया। पाठ के पश्चात प्रभु श्री राम एवं हनुमान जी महाराज की आरती की गई। साथ ही भारत माता की आरती का भी गायन किया गया। पाठ को सुनकर सभी भक्त भाव विभोर हो गए। सुंदरकांड पाठ में विष्णु शर्मा, पुनाराम बंजारा, महावीर सिंह, बाबूसिंह, भूपेश परिहार, प्रवीण प्रजापति, मनोहर रावल, हीरालाल, सोहनलाल, भंवरलाल, ओटाराम चौधरी, पकाराम चौधरी, दिलीप सोनी, शंकरलाल माली, मदन पूरी गोस्वामी, पंकज गॉड, शैतान सिंह राव, भंवरलाल छिपा, मनीष गहलोत, खुशपाल, कर्तव्य व्यास, गंगा सिंह चौहान, प्रवीण अग्रवाल ने उपस्थिति दी।



# बाली में 4 को ऐतिहासिक गणगौर मेला

### 18 किमी साइकिल रेस सादड़ी से बाली रडावा तक सहित कई प्रतियोगिताएं होंगी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली में सुकड़ी नदी के किनारे 4 अप्रैल को वार्षिक गणगौर मेले का आयोजन होगा। मेले की शुरुआत सुबह 6:30 बजे झंडारोहण से होगी। अधिशासी अधिकारी राजल राव, पालिका अध्यक्ष भरत चौधरी ने बताया कि मेले में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सुबह 7:15 बजे से पुरुषों की 18 किलोमीटर साइकिल रेस सादरी से रड़ावा तक होगी। इसके बाद श्रीसेला से रडावा तक बालिकाओं की साइकिल रेस होगी। कचहरी से रडावा तक पुरुषों की माइल दौड़ और जलदाय विभाग से रड़ावा तक बालिकाओं की हाफ माइल दौड़ का आयोजन होगा। शाम 4:15 बजे से मेला स्थल पर विशेष प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। इनमें 100 मीटर दौड़, उल्टी दौड़, मटकी दौड़, जलेबी दौड़, तीन पांव दौड़, धीरे साइकिल चलाना शामिल हैं। साथ ही तांगा दौड़, ऊंट दौड़ और घुड़दौड़ का भी आयोजन होगा। सजी बड़ी और छोटी गणगौर प्रतियोगिता और लोक नृत्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। मेले में खान-पान, कॉस्मेटिक और खिलौनों की दुकानें लगेंगी। बच्चों के लिए विभिन्न झूले भी लगाए जाएंगे। आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों के मेले में शामिल होने की उम्मीद है।



संक्षिप्त खबरें

## मामाजी का मेला छह को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** समीपवर्ती पादरली तुर्कान गांव में मामाजी महाराज का मेला 06 अप्रेल को भरा जाएगा।मेला संरक्षक हीरालाल तेली खिंवाड़ा ने बताया कि मेले की पूर्व संध्या पर पांच अप्रेल को जहां रात्रि में एक शाम मामाजी के नाम भजन संध्या का आयोजन होगा,जिसमें दिनेश देवासी,कानाराम देवासी व कविता एण्ड पार्टी मामाजी मंडित भजन प्रस्तुत करगें।वहीं शाम चार बजे मामाजी महाराज का वरघोड़ा निकाला जाएगा।06 अप्रेल को मेला भरा जाएगा।इस अवसर गेर का आयोजन भी होगा।जिसमें एक दर्जन गेर भाग लेगी।वहीं मेले के इस अवसर पर महाप्रसादी का भी आयोजन होगा।

## नाडोल में खिमज क्षेमकरी माता का मेला चार को

**नाडोल।** कस्बे के गोजारी मगरी पर स्थित सोलंकी वंश की कुलदेवी खिमज क्षेमकरी माता का मेला 4 अप्रेल शुक्रवार को भरेगा मेला कमेटी के प्रकाश कुमार एन.माली ने बताया कि मेले के दिन 4 अप्रेल शुक्रवार को प्रातः हवन होगा दोपहर को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा जिसमे गायक कलाकार विमला राव जोधपुर,मुकेश डांगी जोधपुर के भजनो पर नृत्यकलाकार खुशी भाटी पाली के मनीष ग्रुप दिल्ली द्वारा झांकियो की प्रस्तुतिया देगें मेले मे हाट बाजार मे दुकाने लगाने के लिए स्थान की उचित व्यवस्था की गई है मेले की तैयारियो को लेकर पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए है।

## विद्याल में मुक पक्षियों के लिए लगाए परिंदे

**नारलाई ।** कस्बे में मंगलवार को ग्रीष्म ऋतु में परिंदों के हलक कों तर करने के लिए अभिनव पहल के तहत राजस्थान सरकार के आदेशानुसार रा उ मा वि नारलाई के मेघवाल नगर स्कूल में मोहनलाल चौहान के निजी जेब से पक्षियों के लिए दाना पानी के लिए परिंदा लगाया गया। इसमें लक्ष्मण सिंह दरबार की तरफ से बाजरी दी गई। गर्मी के दिनों में अध्यापक मांगीलाल सोलंकी ने परिंदे में दाना पानी डालने की जिम्मेदारी ली है। तथा अन्य शिक्षकों एवं ग्रामीणों से भी निवेदन किया है हम सभी मिलकर घर ढाणी एवं गांवों में भी परिंडे लगाकर पुण्य कमाये परिंदो को पानी पिने के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक स्थान मिलता है आप सभी लोग अपने अपने घर के पास ही पक्षियों के लिए परिंदे लगाएं और पुण्य कमाएं।



# विकास के लिए धन की कमी नहीं आएगी : राणावत

**बाली।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2024-25 अंतर्गत स्वीकृत कार्यशाला मरम्मत एवं अनुरक्षण विकास कार्य के लिए स्वीकृत राशि 49.50 लाख एवं सांडेराव बस स्टैंड के लिए 55 लाख का शिलान्यास कार्यक्रम में बाली विधायक पुष्पेन्द्र सिंह राणावत ने संबोधित करते हुए कहा कि विकास के लिए किसी भी प्रकार के धन की कमी नहीं आने देंगे। एवं रोडवेज़ विभाग में जो बसों की कमी है। उसको भी पूर्ण करने का आश्वासन दिया एवं शहर की जो मुख्य समस्याएं लंबित पड़ी है। उनके निवारण का भी आश्वासन विधायक राणावत ने दिया। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक रुचि पवार, नगर पालिकाध्यक्ष ललिता रमेश शा, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिद्धावत, व्यापार संघ अध्यक्ष श्याम सिंह जोधा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकिशोर गोयल, समाजसेवी अमित मेहता, सांसद प्रतिनिधि रमेश शा, बाली मंडल अध्यक्ष मनोहर सिंह राव, ओंकार सिंह पाँचलवाडा, भवानी सिंह खींची, प्रदीप पाल सिंह पूर्व कार्मिक जसवंत सिंह देवड़ा, भवर लाल पिंडेल, जितेंद्र सिदावत, सुमेर सिंह मेड़तिया, शक्ति सिंह श्रीसेला, भोपाल सिंह गुर्जर, निमेंद्र राज सिंह, महेंद्र सिंह, अंजू गुर्जर, पुरुषोत्तम राजपुरोहित, रमेश दहिया करणी सेना राष्ट्रीय प्रभारी प्रहलाद सिंह खींची, महिपाल परमार आदि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं विभिन्न सरकारी डिपार्टमेंट के कर्मचारी उपस्थित थे।

# महिलाओं ने गणगौर का पर्व धूमधाम से मनाया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नगर सहित उपखंड क्षेत्र में सोमवार को चैत्र शुक्ला तृतीया के अवसर पर गणगौर का त्योहार बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह पर्व होली के दूसरे दिन से शुरू होकर 31 मार्च के दिन संपन्न हुआ। नगर में अग्रवाल समाज ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईसर गणगौर पर्व मनाया। अग्रवाल समाज धर्मशाला भवन से सुसज्जित रथ में ईसर-गणगौर को बिठाकर शुरू हुई गणगौर की भव्य शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग मेहता प्याऊ, हनुमानजी मंदिर होते हुए जोधेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। जहां महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर ईसर गणगौर का विसर्जन किया। शोभायात्रा में समाज की महिलाएं व युवतियां मंगल गीत गाकर माहौल को उत्सवमयी बनाया। राजस्थानी परिधानों में सजी महिलाओं ने पूजन कर परंपरागत संस्कृति को जीवंत किया। महिलाओं ने बताया कि गणगौर की पूजा धुलंडी से शुरू होकर तीसरे नवरात्र तक चलती है। यह 18 दिनों का पर्व राजस्थान का मुख्य त्योहार है। अखंड सौभाग्य की कामना के लिए कुंवारी कन्याएं और सुहागिन महिलाएं शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। मिट्टी से बनी ईसर-गौर की मूर्तियों का सोलह श्रृंगार किया जाता है। उत्सव के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इनमें गणगौर की सवारी, बिंदोरा, हल्दी, मेहंदी और महिला संगीत शामिल थे। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज सुमेरपुर के पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों, अग्रसेन युवा सदस्यों व अग्रवाल महिला मण्डल का विशेष सहयोग रहा।



# खांगड़ी चारभुजा मेले की पत्रिका राज्यपाल, सीएम व डिप्टी सीएम को देकर भाग लेने का न्यौता दिया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** उपखंड के खांगड़ी गांव में घांची समाज के आराध्य देव चारभुजानाथ का वार्षिक मेला 5 व 6 अप्रैल को भरेगा। मेले की निमंत्रण पत्रिका जनप्रतिनिधियों, अतिथियों, भामाशाहों व समाज के प्रबुद्धजनों के प्रतिष्ठानों व घर-घर जाकर दी जा रहीं हैं। श्री समस्त क्षत्रिय घांची समाज महासभा के तत्वावधान में आयोजित घांची समाज के दो दिवसीय वार्षिक मेला व स्नेह मिलन समारोह में पाली, जालोर व सिरोही सहित देशभर के प्रवासी समाज बंधु शिरकत करेंगे। महासभा उपाध्यक्ष डा. मुकेश भाटी ने सोमवार को जयपुर पहुंच जनप्रतिनिधियों को पत्रिका देकर मेले में भाग लेने का निमंत्रण दिया। डा. भाटी ने बताया कि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को दो दिवसीय वार्षिक मेले में भाग लेने के लिए पत्रिका देकर न्यौता दिया। डॉ. मुकेश भाटी ने इससे पूर्व दिल्ली में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अश्विन वैष्णव, भारत सरकार सफाई कर्मचारी आयोग के चैयरमेन व केन्द्रीय राज्यमंत्री एम. वेंकटेशन, राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत, पाली सांसद पी पी चौधरी, सिरोही-जालोर सांसद लुंबाराम चौधरी, भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, भाजपा महामंत्री मधु कुमावत, राजस्थान सरकार पशुपालन, डेयरी, देवस्थान एवं गोपालन विभाग मंत्री जोराराम कुमावत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को पत्रिका देकर मेले में भाग लेने का निमंत्रण दिया था। डा. भाटी ने बताया कि मेले में पहले दिन 5 अप्रैल की रात को भजन संध्या आयोजित होगी। जिसमें गायक कलाकार शंकर टांक, ललिता पंवार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही नृत्य कलाकार ममता भारती व पुजा राठौड़ अपनी कलाकारी का प्रदर्शन करेंगी। अजय सुदामा एण्ड पार्टी दिल्ली देवी-देवताओं की झांकियां प्रस्तुत करेंगी। दूसरे दिन 6 अप्रैल को मेला भरेगा। मेले का शुभारंभ मंदिर परिसर से शोभायात्रा के साथ होगा। जिसमें आकर्षक रथ में चारभुजानाथ, गोमारामजी महाराज, भद्रानंदजी महाराज, समारामजी भक्त, पुरणदासजी महाराज सहित अन्य संतो की तस्वीर को विराजित कर शोभायात्रा गांव के विभिन्न मुख्य मार्गों से होकर निकलेगी। तत्पश्चात सम्मान समारोह आयोजित होगा जिसमें मेले में सहयोग देने वाले भामाशाहों, अतिथियों व समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों का बहुमान किया जाएगा। इस दौरान अगले वर्ष मेले में व्यवस्थाओं की बोलियां लगाई जाएगी। महाप्रसादी के साथ मेले का समापन होगा।



बृहन्मुंबई महानगरपालिका

वृक्ष प्राधिकरण

सार्वजनिक सूचना

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं संवर्द्धन अधिनियम 1975 (जनवरी 2018 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (सी) अंतर्गत प्रावधानों सहित इसके परिपालन में अंतर्गत वृक्षों के उन्मुलन हेतु **जोन-VII** में आर/दक्षिण **वॉर्ड में 01 प्रस्ताव, अर्थात** कुल 01 प्रस्ताव महापालिका आयुक्त, अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण (बीएमसी) के पास वृक्ष निर्मूलन हेतु स्वीकृती के लिए प्राप्त हुए है।

कटाई/स्थानांतरण हेतु उक्त अंकित प्रस्तावों की जानकारी एमसीजीएम की वेबसाइट http://mcgm.gov.in, --> About us --> wards/ Departments --> Department manuals --> Gardens & Tree Authority - Tree Authority Advt. 7 days. W.S. Z-VII-67 पर उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों हेतु नागरिकों से यदि कोई हो, कार्यालय अधिक्षक उद्यान एवं वृक्ष प्राधिकारी में इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिन के अंदर आपत्तियां/सुझाव निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित है।

आप अपने आपत्तियां/सुझाव निर्धारित प्रारूप में ई-मेल आईडी bdysg.ta@mcgm.gov.in पर भेज सकते है। निर्धारित समय में प्राप्त आपकी आपत्तियां/सुझावों को नोट किया जाएगा। उक्त दिनांक पश्चात ई-मेल या लिखित रूप में प्राप्त आपत्तियां/सुझावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्राप्त आपत्तियां/सुझावों की सुनवाई 09.04.2025 को शाम 04.30 से 05.00 बजे कार्यालय उद्यान अधिक्षक एवं वृक्ष प्राधिकारी में की जाएंगी।जो कोई भी इस सुनवाई में उपस्थित रहना चाहता है, अपनी आपत्तियां/सुझावों की निर्धारित प्रारूप में प्रतिलिपी के साथ उपस्थित रह सकते है।

**उद्यान अधिक्षक एवं वृक्ष प्राधिकारी,**
**कार्यालय उद्यान अधिक्षक एवं वृक्ष प्राधिकारी,**
**2 रा तल, हंबोल्ट पेंगुइन बिल्डींग, वी.जे.बी. उद्यान एवं प्राणी संग्रहालय,**
**संत सावता माळी मार्ग, भायखळा (पूर्व), मुंबई 400027**
**फोन नं. 022-23742162, ई-मेलः** dysg.ta@mcgm.gov.in

हस्ता./-
PRO/07/ADV/2025-26 उद्यान अधिक्षक एवं वृक्ष प्राधिकारी

छतों को साफ रखें, अटाला/पुराना/सामान का निपटारा करें।

# हैट्रिक को बेताब आरसीबी

बेंगलुरू। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू यानी आरसीबी जीत की हैट्रिक लगाने के लिए बेताब होगी, जब वह बेंगलुरू में गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी। आरसीबी ने दो मैचों में दमदार खेल दिखाया है। ये आरसीबी का पहला होम गेम है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू अपने घरेलू मैदान पर आईपीएल के इस सत्र का पहला मैच खेलने बुधवार 2 अप्रैल को खेलने उतरेगी। आरसीबी के सामने गुजरात टाइटन्स होगी। इस मैच में बेंगलुरू की टीम का लक्ष्य अपने गेंदबाजों के शानदार फॉर्म के दम पर जीत की हैट्रिक लगाने का होगा। आरसीबी ने कोलकाता को ईडन गार्डंस पर और चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर हराकर आईपीएल के 18वें सीजन की शानदार शुरुआत की है। चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों की मददगार है और यहां तीन बार 260 से अधिक का स्कोर बन चुका है। छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड ने गेंदबाजों को हमेशा परेशान किया है, लेकिन बेंगलुरू को भरोसा होगा कि उसके दो गेंदबाज जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार यहां बल्लेबाजों पर अंकुश लगा सकते हैं। हेजलवुड ने छह से कम की इकॉनॉमी रेट से रन दिए हैं, जबकि चेन्नई के खिलाफ मैच में भुवनेश्वर ने प्रति ओवर सिर्फ 6.16 की औसत से रन दिए थे।

## बेंगलुरू में गुजरात टाइटंस से होगी भिड़ंत

### पांड्या लय में

गुजरात टाइटंस के पास काफी सक्षम बल्लेबाज हैं। कप्तान शुभमन गिल और बी साइ सुदर्शन अच्छी सलामी जोड़ी बना चुके हैं। आरसीबी की कोशिश होगी कि उन्हें अच्छी शुरुआत नहीं करने दे। नई गेंद को स्विंग कराने के कौशल से भुवनेश्वर और सटीक गेंदबाजी के फन में माहिर हेजलवुड मिलकर उनकी परेशानी का सबब बन सकते हैं। बाए हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल भी टीम के लिए उपयोगी साबित हुए हैं। स्पिन विभाग में कृणाल पांड्या थोड़ी लय में हैं, लेकिन सुयश शर्मा कमजोर लग रहे हैं, जबकि गुजरात के पास राशिद खान और आर साइ किशोर जैसे खतरनाक स्पिनर हैं। ऐसे में विराट कोहली, फिल साल्ट, कप्तान रजत पाटीदार और देवदत्त पड्डिकल की असल परीक्षा स्पिनरों के सामने होगी। गुजरात के पास कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज जैसे तेज गेंदबाज हैं। आरसीबी के लिए खेलने वाले सिराज को नीलामी में गुजरात ने खरीदा था।

रबाडा अब तक 14 पारियों में से चार बार कोहली को आउट कर चुके हैं। उम्मीद होगी कि पिछले 18 साल का इंतजार खत्म करने के लिए उनकी टीम जीत की लय कायम रखे। ये मुकाबला शाम को साढ़े 7 बजे से शुरू होगा।



**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू:** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, यश दयाल, जोश हेजलवुड, फिल सॉल्ट, जितेश शर्मा, लियाम लिविंगस्टोन, रसिख सलाम, सुयश शर्मा, कृणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वस्तिक चिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह और मोहित राठी।
**गुजरात टाइटंस:** जोस बटलर, शुभमन गिल, साई सुदर्शन, ग्लेन फिलिप्स, शाहरुख खान, वॉशिंगटन सुंदर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, रविश्रीनिवासन साई किशोर, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, इशांत शर्मा, जयंत यादव, महिपाल लोमरोर, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया, अनुज रावत, गेराल्ड कोएट्जी, शेरफेन रदरफोर्ड, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, अरशद खान, गुरनूर बरार, निशांत सिंधु

# मुंबई इंडियंस ने तोड़ा आईपीएल का महारिकॉर्ड

## वानखेड़े स्टेडियम में दर्ज की सबसे ज्यादा जीत

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 के 12वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को हरा दिया। मुंबई ने वानखेड़े स्टेडियम में 8 विकेट से जीत दर्ज की। उसने इस जीत के साथ आईपीएल का महा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। मुंबई इंडियंस आईपीएल में किसी एक मैदान पर सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम बन गई है। उसने इस मामले में कोलकाता और सनराइजर्स हैदराबाद समेत सभी टीमों को पीछे छोड़ दिया है। दरअसल मुंबई ने सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में आईपीएल की 53वीं जीत दर्ज की। वह आईपीएल में किसी एक मैदान पर सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम बन गई है। इस मामले में कोलकाता दूसरे नंबर पर है। केकेआर ने ईडन गार्डन्स में अभी तक 52 मैच जीते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स लिस्ट में तीसरे पायदान पर है। सीएसके ने एमए चिदंबरम स्टेडियम पर 51 मैच जीते हैं। सीएसके ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में अधिकतर मैच जीते हैं।



### शानदार वापसी

मुंबई की आईपीएल 2025 में खराब शुरुआत हुई। उसने अपना सीजन का पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेला। सीएसके ने इस मैच में मुंबई को 4 विकेट से हरा दिया। सीजन का दूसरा मुकाबला मुंबई ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेला। यह मैच गुजरात ने 36 रनों से जीता। मुंबई ने लगातार दो मैचों में हार के बाद वापसी की और केकेआर को एकतरफा मैच में हराया। मुंबई के लिए कोलकाता के खिलाफ खेले गए मैच में अश्विनी कुमार ने 4 विकेट झटके। वहीं रेयान रिकल्टन ने नाबाद अर्धशतक लगाया।

### जीते सर्वाधिक मैच

53 – मुंबई इंडियंस (वानखेड़े)
52 – कोलकाता नाइट राइडर्स (ईडन गार्डन्स स्टेडियम)
51 – चेन्नई सुपर किंग्स (एम ए चिदंबरम स्टेडियम)
44 – रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (एम चिन्नास्वामी स्टेडियम)
37 – राजस्थान रॉयल्स (सवाई मानसिंह स्टेडियम)
37 – सनराइजर्स हैदराबाद (राजीव गांधी स्टेडियम)

# संन्यास से पहले ये काम करेंगे विराट कोहली



नई दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद विराट कोहली के भविष्य और 2027 वर्ल्ड कप तक उनके खेलने को लेकर तमाम बातें हो रही थी। लेकिन, अब उसे लेकर कोहली ने अपने इरादे साफ कर दिए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रहे 15 सेकंड से भी कम समय के वीडियो में साफ-साफ कहा है कि वो 2027 का वर्ल्ड कप खेलना ही नहीं बल्कि जीतना चाहते हैं। विराट कोहली से सवाल हुआ कि मौजूदा वक्त में क्या वो कोई संकेत दे सकते हैं कि उनका बड़ा स्टेप क्या होने वाला है? इस पर विराट कोहली ने कहा कि मुझे नहीं पता अगला बड़ा कदम मेरा क्या होगा? पर शायद वो ये हो सकता है कि मैं 2027 का वनडे वर्ल्ड कप जीतने की कोशिश कर सकता हूं। वीडियो से साफ है कि विराट कोहली फिलहाल तो रिटायर होने की दूर-दूर तक नहीं सोच रहे। अभी वो कुछ अगर सोच रहे हैं तो 2027 का वर्ल्ड कप खेलने और उसे जीतने की।

2027 का वर्ल्ड कप जीतने का दम भरने वाले विराट कोहली फिलहाल आईपीएल 2025 में खेल रहे हैं। हमेशा की तरह वो आरसीबी का हिस्सा है, जिसने लीग में अबतक खेले अपने दोनों मैच जीते हैं। विराट कोहली ने उन दो मैचों में एक अर्धशतक के साथ 90 रन बनाए हैं।

# न्यूजीलैंड को दूसरे वनडे से पहले झटका

लाहौर। न्यूजीलैंड दौरे पर गई पाकिस्तान की टीम टी20 सीरीज तो 1-4 से पहले ही हार चुकी है। अब 3 मैचों की वनडे सीरीज में भी वो 0-1 से पीछे हैं। लेकिन, वनडे में उसे कमबैक करने का उसके पास सुनहरा मौका है। ऐसा इसलिए क्योंकि न्यूजीलैंड की वनडे टीम से अब 9वां खिलाड़ी बाहर हो चुका है। और जब न्यूजीलैंड टीम के 9 बड़े नाम उसके साथ नहीं होंगे तो पाकिस्तान के लिए तो मौका होगा ही। बाहर होने वाले 9वें खिलाड़ी का नाम मार्क चैपमैन है, जो हैमिल्टन में खेले जाने वाले दूसरे वनडे में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। पाकिस्तान के खिलाफ पहले वनडे में मार्क चैंपमैन न्यूजीलैंड की जीत के हीरो रहे थे। उन्होंने अपने वनडे करियर की सबसे बड़ी पारी खेलते हुए पहले वनडे में 132 रन जड़े थे। मगर हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते उन्हें दूसरे वनडे से बाहर होना पड़ा है। चैपमैन को दाईं हैमस्ट्रिंग में इंजरी है, जो कि उन्हें नेपियर में पहले वनडे में फील्डिंग के दौरान हुई थी। एमआरआई स्कैन में पता चला कि चैपमैन को ग्रेड वन टीयर इंजरी है। मार्क चैपमैन 9वें बड़े चेहरे होंगे जो दूसरे वनडे में न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा नहीं होंगे। उनसे अलावा केन विलियमसन, रचिन रवींद्र, ट्रेंट बोल्ट, मिचेल सैंटनर, डेवन कॉनवे, ग्लेन फिलिप्स, लॉकी फर्ग्युसन और मैट हेनरी तो वनडे सीरीज का ही हिस्सा नहीं है।



### आज पाकिस्तान-न्यूजीलैंड दूसरा वनडे

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मैच 2 अप्रैल को हैमिल्टन में खेला जाना है। इससे पहले पहला मुकाबला नेपियर में खेला गया था, जिसे न्यूजीलैंड ने 73 रन के बड़े अंतर से जीता था। पाकिस्तान के लिए हैमिल्टन में जीत, सीरीज जीतने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए भी जरूरी है।

# ए+ ग्रेड में ही रहेंगे रोहित शर्मा और विराट कोहली

नई दिल्ली। भारतीय टीम को अपनी कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी जिताने वाले रोहित शर्मा बीसीसीआई की 2024-25 कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में A+ ग्रेड में ही रहेंगे। बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि विराट भी अपना अनुबंध बरक़रार रखेंगे, वह भी ए+ ग्रेड में ही रहेंगे। श्रेयस अय्यर लिस्ट में वापस आएंगे। रोहित शर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतने के बाद इस फॉर्मेट से सन्यास ले लिया था। विराट ने भी टी20 से इसी फाइनल मैच के बाद सन्यास लिया था। बीसीसीआई सूत्रों के मुताबिक टी20 से रिटायरमेंट लेने के बाद भी दोनों को ए प्लस ग्रेड में रखने पर विचार किया जा रहा है। बोर्ड मानता है कि दोनों दिग्गज क्रिकेटर्स ने टीम की सफलता में महत्वपूर्ण रोल निभाया है और उन्हें सम्मान मिलना चाहिए, जिसके हकदार हैं।



# म नो रं ज न



# वाणी संग फवाद का रोमांस 'अबीर गुलाल' का टीजर आउट





फैंस का इंतजार खत्म हो गया है क्योंकि फवाद खान करीब 8 साल बाद बॉलीवुड में वापसी करने जा रहे हैं। उन्हें अबीर गुलाल में वाणी कपूर के साथ इश्क फरमाते हुए देखा जाएगा। फिल्म का ऑफिशियल टीजर सामने आ गया है जिसमें पाकिस्तानी एक्टर अपनी जादुई आवाज और आंखों में चमक लिए वाणी के साथ फ्लर्ट कर रहे हैं। टीजर के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है।

अबीर गुलाल का टीजर काफी रोमांटिक और प्यार भरा है। फवाद अपने चार्म के लिए जाने जाते हैं और इसमें कोई शक नहीं कि वे बड़े पर्दे पर फिर से प्यार लाने वाले हैं। टीजर की शुरुआत उनके गाने से होती है जिसके लिरिक्स हैं- कुछ ना कहो।।कुछ भी ना कहो।। बैकग्राउंड म्यूजिक बंद हो जाता है और फिर फवाद वाणी के लिए वो गाना गाते हैं। फवाद की सुरीली आवाज और आंखों के चार्म में वाणी को डूबते हुए देखा गया। दोनों कार के अंदर बैठे हुए हैं और बाहर बारिश हो रही है। इतना तो तय है कि फवाद फिर से अपने रोमांटिक अंदाज से फैंस का दिल जीतने के लिए तैयार है।

### लंदन में सेट की गई लव स्टोरी

अबीर गुलाल लंदन में सेट की गई एक लव स्टोरी है। फिल्म का निर्देशन आरती एस बागड़ी ने किया है। निर्देशक ने कहानी के बारे में कहा, 'फिल्म दो ऐसे लोगों की कहानी है जो एक दूसरे को हील करने में मदद करते हैं और इसी बीच दोनों में प्यार हो जाता है। फवाद खान और वाणी कपूर के साथ, कलाकारों में लिसा हेडन, रिद्धि डोगरा, फरीदा जलाल, सोनी राजदान, परमीत सेठी, राहुल वोरा, अमृत संधू, सुजॉय डे और देव अग्रवाल शामिल हैं। टीजर के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है। अबीर गुलाल सिनेमाघरों में 9 मई को दस्तक देगी। वाणी कपूर ने टीजर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया है और कैप्शन लिखा, 'इंतजार खत्म हुआ! ....

# 'लापता लेडीज' पर फिर लगा आइडिया चोरी का आरोप

साल 2024 में किरण राव निर्देशित फिल्म 'लापता लेडीज' को दर्शकों और समीक्षकों ने खूब सराहा। यह फिल्म भारत की तरफ से ऑस्कर में ऑफिशियल एंट्री के तौर पर भी शामिल हुई। लगभग एक साल बाद इस फिल्म की कहानी को चोरी का बताया जा रहा है। कुछ रेडिट पोस्ट में एक विदेशी फिल्म 'बुर्का सिटी' की कहानी, सीन्स का जिक्र किया गया है, जो लगभग 'लापता लेडीज' से मिलते-जुलते हैं।

**▶▶ शॉर्ट फिल्म 'बुर्का सिटी' की कहानी**

साल 2019 में एक विदेशी शॉर्ट फिल्म 'बुर्का सिटी' रिलीज हुई, यह फिल्म 19 मिनट की है। कहानी में मिडिल ईस्ट को दिखाया गया है, जहां एक व्यक्ति की नई दुल्हन किसी दूसरी महिला से बदल जाती है क्योंकि दोनों महिलाओं ने बुर्का पहना होता है। यह शॉर्ट फिल्म एक सटायर कॉमेडी थी। बिल्कुल इसी कहानी पर ही फिल्म 'लापता लेडीज' भी बनी है। किरण राव निर्देशित फिल्म में भी दो दुल्हनें इसलिए बदल जाती हैं क्योंकि उन्होंने घुंघट डाला हुआ था। इसके अलावा फिल्म में महिलाओं से जुड़े कई मुद्दों को भी दिखाया गया है।

**▶▶ पहले भी लगा है चोरी का आरोप**

जब 'लापता लेडीज' रिलीज हो रही थी तब भी निर्देशक अनंत महादेवन ने इस फिल्म पर कहानी चोरी करने का आरोप लगाया था। अनंत का कहना था कि साल 1999 में उन्होंने एक फिल्म 'घूंघट के पट खोल' बनाई, इसकी कहानी भी दो दुल्हनों के बदल जाने और खुद के अस्तित्व को तलाशने की थी। उस समय भी किरण राव और आमिर खान ने इस मुद्दे पर चुप्पी साध कर रखी थी।





**▶▶ गुस्से में सोशल मीडिया यूजर**

अब एक बार फिर 'बुर्का सिटी' नाम की विदेश फिल्म की कहानी चोरी करने का आरोप 'लापता लेडीज' के मेकर्स पर लग रहा है तो सोशल मीडिया यूजर काफी नाराज हैं। कई यूजर्स का कहना है कि किसी से प्रेरित होना बुरी बात नहीं लेकिन कम से कम जिनका असल आइडिया है उनको क्रेडिट तो देना ही चाहिए था। कई यूजर्स इस तरह कहानी और सीन्स को चोरी करने की बात को बहुत ही निराशाजनक बताते हैं।





# 'गदर 2' के बाद बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएगी सकती

बॉलीवुड के एक्शन किंग सनी देओल आने वाले समय में फिल्म जाट से धूम मचाते हुए नजर आएंगे। उनकी इस अपकमिंग एक्शन पैकेड मूवी को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज भी देखने को मिल रहा है। माना जा रहा है कि गदर 2 के बाद जाट भी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा सकती है। लेकिन सनी पाजी की जाट की में सेंध लगाने के लिए उनकी ही एक पुरानी फिल्म सिनेमाघरों में दोबारा से रिलीज होने वाली है।

री-रिलीज के जरिए वह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जाट के साथ क्लैश करेगी। आइए जानते हैं कि सनी देओल की वह मूवी कौन सी है। गदर 2 के बाद सनी देओल ने हिंदी सिनेमा में जोरदार कमबैक किया है। जाट उनकी अगली फिल्म है, जिसके ट्रेलर को देखने के बाद ऐसा माना जा रहा है कि बॉक्स ऑफिस पर सनी का पावर फिर से दिखेगा।

लेकिन उनकी पुरानी फिल्म भैयाजी सुपरहिट की री-रिलीज अनाउंसमेंट ने कहीं न कहीं जाट के मेकर्स की चिंता को बढ़ा दिया है। दरअसल फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी है कि साल 2018 में आई सनी देओल की भैयाजी सुपरहिट फिल्म थिएटर्स में 10 अप्रैल को फिर से रिलीज होगी। हैरानी वाली बात ये है कि जाट भी इसी दिन बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। सनी की दो फिल्में आपस में भिड़ेंगीं, जिसकी वजह से कहीं न कहीं इनके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर काफी असर पड़ेगा, खासतौर पर जाट इससे प्रभावित हो सकती है।

मालूम हो कि भैयाजी सुपरहिट उस वक्त बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी। इसमें सनी के अलावा प्रीति जिंटा, अमीषा पटेल और अरशद वारसी जैसे कलाकार अहम किरदारों में नजर आए थे। अब री-रिलीज में ये सभी सेलेब्स भैयाजी सुपरहिट के जरिए वापसी करते दिखेंगे।

जाट का ट्रेलर काफी प्रोमिशिंग लग रहा है, जिससे ये कयास लगाए जा रहे हैं कि जाट सनी देओल की अगली हिट फिल्म बन सकती है। इससे पहले गदर 2 के जरिए 2023 में सनी पाजी बॉक्स ऑफिस पर 525 करोड़ की ऐतिहासिक कमाई कर चुके हैं। ऐसे में ये देखना बड़ा दिलचस्प रहेगा कि क्या जाट कमाई के मामले में गदर 2 को टक्कर दे पाएगी या नहीं। जाट में आपको सनी देओल के साथ-साथ रणदीप हुड्डा, सैयामी खेर और विनीत कुमार सिंह जैसे फिल्मी सितारे अहम किरदारों में नजर आएंगे।

# इंडियाज गॉट लैटेंट विवाद के बाद रणवीर इलाहाबादिया का कमबैक, रिलीज किया पहला पॉडकास्ट

'इंडियाज गॉट लैटेंट' शो विवाद के एक महीने से ज्यादा समय के बाद फेमस यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने अपने चैनल टीआरएस पर एक नया पॉडकास्ट जारी किया है। बौद्ध भिक्षु पाल्गा रिनपोछे के साथ अपनी बातचीत में रणवीर ने जीवन की चुनौतीपूर्ण वास्तविकताओं के बारे में बात की। भिक्षु के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए रणवीर ने उनके साथ मुलाकात को याद किया। पॉडकास्टर ने खुलासा किया कि भिक्षु ने उन्हें ज्ञान और करुणा के मिलन का वास्तविक अर्थ सिखाया।



रणवीर ने कहा कि हम पहले भी दो बार मिल चुके हैं, सर, और आप हमेशा ऐसे समय में आए हैं, जब मैं कठिनाइयों का सामना कर रहा था। जब मेरी वास्तविकता एक कठिन परिस्थिति का सामना कर रही होती है। आज, मैं एक बड़ी चुनौती का सामना कर रहा हूं।

# अनन्या पांडे ने जीता फैंस का दिल

सोमवार शाम को कोलकाता नाइट राइडर्स और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल मैच शुरू होने से ठीक पहले मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अनन्या पांडे ने बॉलीवुड का ग्लैमर बिखेरा। एक्ट्रेस को मुंबई में आईपीएल मेगा सेलिब्रेशन में परफॉर्म करने के लिए चुना गया था। अपने डांस से उन्होंने दर्शकों खासकर बॉलीवुड फैंस का दिल जीत लिया। उन्होंने कई गानों पर डांस किया। जब वह परफॉर्म करने आईं तो यहा उनका जोरदार स्वागत हुआ। अनन्या के पिता और अभिनेता चंकी पांडे भी स्टेडियम में मौजूद थे, अनन्या के परफॉर्मेंस का एक वीडियो शेयर किया और कैप्शन में लिखा कि बिल्कुल शानदार माहौल। मैच की बात करें तो एमआई ने टॉस जीतकर केकेआर के खिलाफ गेंदबाजी करने का फैसला किया। हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी चुना था।



www.jagruktimes.co.in
epaper.jagruktimes.co.in
@jagruktimes @jagruktv

# भारत की आर्थिक स्थिरता का आधार स्तंभ रिजर्व बैंक : मुर्मू

**मुंबई।** भारत 2047 तक 'विकसित भारत' बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसे में आर्थिक क्षेत्र की नई चुनौतियों का सामना करने के लिए एक नवीन और समावेशी वित्तीय प्रणाली आवश्यक है। रिज़र्व बैंक भारत की आर्थिक स्थिरता का आधारस्तंभ बना रहेगा। भारत को डिजिटल लेन-देन में वैश्विक नेतृत्व दिलाने में भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) का बड़ा योगदान है। मजबूत बैंकिंग प्रणाली, वित्तीय नवाचार और उपभोक्ताओं के विश्वास को बनाए रखने की दिशा में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। यह विचार आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने व्यक्त किए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुंबई के नरिमन पॉइंट स्थित एनसीपीए में आयोजित भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के 90वें स्थापना दिवस समारोह में बोल रही थीं। इस अवसर पर महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा उपस्थित थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी आरबीआई के योगदान को रेखांकित किया और वैश्विक स्तर पर हो रहे तीव्र परिवर्तनों के बावजूद आरबीआई द्वारा आर्थिक स्थिरता बनाए रखने की सराहना की। समारोह के दौरान आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने स्वागत भाषण दिया। इस मौके पर विशेष डाक टिकट का भी अनावरण किया गया।



> डिजिटल लेन-देन में देश को वैश्विक नेतृत्व दिलाने में आरबीआई की महत्वपूर्ण भूमिका : राष्ट्रपति

### वित्तीय समावेशन में भूमिका

- 'लीड बैंक योजना' जैसे प्रयासों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं पहुंची हैं। आर्थिक समावेशन की दिशा में, आरबीआई ने प्रधानमंत्री जन धन योजना के लिए अनुकूल नीतिगत वातावरण बनाया। खासकर महिलाओं की बड़ी संख्या में इस योजना में भागीदारी एक सकारात्मक परिवर्तन है, जो आर्थिक सशक्तिकरण को दर्शाता है।

### एकीकृत लोकपाल योजना

- आरबीआई ने जमाकर्ताओं के लिए बीमा सुरक्षा और शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत किया है। 'एकीकृत लोकपाल योजना' के माध्यम से उपभोक्ताओं को त्वरित और पारदर्शी शिकायत निवारण सुविधा प्रदान की जा रही है।

### वित्तीय साक्षरता और साइबर सुरक्षा

- वित्तीय साक्षरता उपभोक्ता संरक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। आरबीआई की विभिन्न पहलें वित्तीय लेन-देन में जोखिम समझने, धोखाधड़ी से बचने और समझदारी से आर्थिक निर्णय लेने में सहायता करते हैं।

### एक हस्ताक्षर के मायने

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, "केवल एक हस्ताक्षर से आरबीआई गवर्नर का हस्ताक्षर एक साधारण कागज के टुकड़े को मुद्रा बना देता है। यह ताकत किसी अन्य हस्ताक्षर में नहीं है। आम नागरिकों का आरबीआई से सीधा संपर्क नहीं होता, लेकिन दैनिक आर्थिक लेन-देन में आरबीआई का प्रभाव रहता है।"

### आर्थिक विकास की धुरी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारतीय रिज़र्व बैंक के 90वें स्थापना दिवस का यह उत्सव एक महत्वपूर्ण अवसर है। आरबीआई भारत की सबसे महत्वपूर्ण संस्थाओं में से एक है। एक केंद्रीय बैंक के रूप में, आरबीआई देश की अनोखी विकास यात्रा के केंद्र में रहा है। स्वतंत्रता-पूर्व के कठिन समय से लेकर आज वैश्विक महाशक्ति बनने तक के सफर में आरबीआई एक मजबूत स्तंभ बना हुआ है। 1935 में स्थापित इस संस्था ने हमेशा देश के आर्थिक विकास की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाई है।

# राजनीति मेरे लिए फुलटाइम जॉब नहीं : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी और अपनी राजनीतिक महात्वाकांक्षाओं पर जवाब दिया है। उनका ये जवाब तब आया है जब पिछले दो दिनों से पीएम मोदी की रिटायरमेंट की चर्चाएं चल रही थीं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वह वह राजनीति को अपना पूर्णकालिक काम नहीं मानते हैं। इस बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया एक सवाल काफी दिलचस्प है। एक सवाल के जबाव में योगी आदित्यनाथ ने कहा, "देखिए मैं उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं, उत्तर प्रदेश की जनता के लिए पार्टी ने मुझे यहां लगाया है, और राजनीति मेरे लिए एक फुलटाइम जॉब नहीं है। ठीक है इस समय हम यहां काम कर रहे हैं, लेकिन मैं वास्तव में हूं तो एक योगी। हमलोग जिस समय तक हैं, काम कर रहे हैं। इसकी भी एक समय सीमा होगी।" यूपी के सीएम ने कहा कि आरएसएस के लिए कोई पसंद और नापसंद नहीं है। जो भारत के प्रति निष्ठावान होगा आरएसएस उसको पसंद करेगा। जो भारत के लिए निष्ठावान नहीं होगा, संघ उसे रास्ते पर लाने के लिए, सन्मार्ग पर लाने के लिए प्रेरणा ही दे सकता है।"

# लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का राजतिलक आज



**उदयपुर।** मेवाड़ एक बार फिर महाराणा प्रताप के वंशजों की ऐतिहासिक परंपरा का गवाह बनने जा रहा है क्योंकि बुधवार को मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का गद्दी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वीवीआईपी के शामिल होने की उम्मीद है। सिटी पैलेस में यह उत्सव पूरे शाही अंदाज में मनाया जाएगा। इस महोत्सव कार्यक्रम में बुधवार सुबह से सिटी पैलेस में विभिन्न कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे जो रात तक जारी रहेंगे। इस महोत्सव में मेवाड़ की हर परंपरा देखने को मिलेगी। आयोजन में शहर सहित देशभर से प्रतिष्ठित लोगों को आमंत्रित किया गया है। इस में शामिल होने वाले पुरुषों के लिए सफेद कुर्ता-पायजामा और महिलाओं के लिए सफेद सूट या पारंपरिक सफेद पोशाक निर्धारित की गई है।

# भायंदर में धूमधाम से मनाया गणगौर महोत्सव



**सजी-धजीं महिलाओं ने सागर किनारे उतारा राजस्थान**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मीरा-भायंदर।** राजस्थानी जन-जागरण सेवा संस्था एवं सप्तेश्वर सालासर हनुमान मंदिर के संयुक्त तत्वाधान में भव्य गणगौर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भव्य गणगौर शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में सजी-धजीं सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम त्रिलोक सिरसलेवाल ने दिया। कार्यक्रम के दौरान भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर विधायक नरेंद्र मेहता ने सभी को गणगौर की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान मीरा-भायंदर विधायक नरेंद्र मेहता, राजस्थानी जन-जागरण सेवा संस्था अध्यक्ष गजेंद्र भंडारी, पूर्व महापौर श्रीमती डिंपल मेहता, श्रीमती सुमन नरेंद्र मेहता, ध्रुव किशोर पाटिल, सुरेश खंडेलवाल, अमित पंसारी शानू गोहिल, ओम प्रकाश कावड़िया, रमेश शर्मा, संदीप चिरानिया, सुभाष चूड़ीवाल, दिलीप जैन, शिखा भटेवडा, गायत्री पचलंगिया, शशिकला वैष्णव, शीतल बैद आदि के साथ ही सिने कलाकार कनिका महेश्वरी की खास उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान बेस्ट गणगौर-ईशर सजावट एवं बेस्ट सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसी के साथ 21 लक्की ड्रा विजताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में शहर की अनेक राजनीतिक एवं सामाजिक हस्तियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई।

### गणगौर पूजन को लगी लंबी कतार

- 4 बजे से महिलाओं की लंबी कतार गौरी पूजन के लिए लगनी शुरू हो गई थी जिसका सिलसिला रात 10 बजे तक जारी रहा। संस्था के सभी अध्यक्ष नंदू पोद्दार, विमल अग्रवाल, जोरावर सिंह गोहिल, छेदीलाल पुरोहित, एडवोकेट तरुण शर्मा, श्वेता बोहरा, अंकिता बाफना आदि ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। मंच संचालन देवेंद्र पोरवाल ने किया।

# जोधपुर जेल में आसाराम का सरेंडर

**गुजरात हाईकोर्ट से राहत का नहीं मिला लाभ**

**जोधपुर।** नाबालिग से रेप करने वाले आसाराम बापू ने जोधपुर जेल में सरेंडर कर दिया है। वह पैर में प्लास्टर बांधकर वापस जेल पहुंचे। उनकी अंतरिम जमानत 31 मार्च को समाप्त हो गई है। हालांकि गुजरात हाईकोर्ट ने 30 जून तक के लिए जमानत दे दी थी, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। आसाराम अपने समर्थकों के साथ वापस जोधपुर सेंट्रल जेल पहुंचे। उनके पैर में प्लास्टर बंधा था। इसके चलते आसाराम ठीक से चल भी नहीं पा रहे थे। उन्हें व्हीलचेयर के जरिए अपनी बैरक तक ले जाया गया। इससे पहले पुलिस कर्मियों ने उनकी चेन और अंगूठी उतरवा ली थी।



### राजस्थान कोर्ट में सुनवाई आज

- आसाराम के वकील ने जमानत का समय बढ़ाने के लिए याचिका दाखिल की हुई है जिसकी सुनवाई 2 अप्रैल को होनी है। अगर राजस्थान हाईकोर्ट ने उनकी जमानत अवधि नहीं बढ़ाई तो आसाराम को जेल में ही रहना होगा।

### दो अपराधों में उम्रकैद की सजा

- आसाराम को जोधपुर और गांधीनगर दो अलग-अलग कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई हुई है। दोनों जगह उसके खिलाफ रेप का मामला चल रहा है। राजस्थान के जोधपुर कोर्ट ने नाबालिग से रेप के आरोप में 25 अप्रैल 2018 को आजीवन कैद की सजा सुनाई थी। वहीं गुजरात के गांधीनगर कोर्ट ने 31 जनवरी 2023 को एक महिला से रेप करने का दोषी पाए जाने पर आजीवन कैद की सजा सुनाई थी।

# कोचिंग छात्र ने की आत्महत्या

**कोटा।** कोचिंग नगरी कोटा में कोचिंग छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। रविवार देर रात को जवाहर नगर थाना क्षेत्र के राजीव गांधी नगर इलाके में रहने वाले एक मशहूर कोचिंग संस्थान के छात्र ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। जीआरपी ने सोमवार को परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया।



छात्र की पहचान उज्जवल मिश्रा निवासी कानपुर के रूप में हुई है। कोचिंग छात्र दो साल से कोटा के राजीव गांधी नगर के. सी. होम हॉस्टल में रह कर एलन कोचिंग से जेईई की तैयारी कर रहा था। कोचिंग छात्र ने रविवार रात स्टेशन पर रेल यार्ड के यहां ट्रेन के आगे कूद कर सुसाइड कर लिया था। जीआरपी पुलिस ने स्टूडेंट के शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवा दिया था।

### फोन आया तो हुई पहचान

हेड कांस्टेबल राजेश ने बताया कि रविवार रात करीब 12:30 बजे हॉस्टल संचालक का फोन आया जिससे उसकी पहचान उज्जवल कुमार मिश्रा निवासी कानपुर उत्तर प्रदेश एलन कोचिंग छात्र के रूप में हुई थी। इसके कुछ देर बाद छात्र के पिता का फोन भी आया था जिस पर उन्होंने बताया कि उनका पुत्र 2 अप्रैल को आईआईटी की परीक्षा देने लखनऊ जाने की तैयारी में था इसके लिए उसका रोडवेज बस से रिजर्वेशन भी करवा दिया गया था।

# ब्यावर की अवैध केमिकल फैक्ट्री में गैस लीक

**मालिक समेत तीन की मौत, 50 से ज्यादा बीमार**





**ब्यावर।** राजस्थान के ब्यावर जिले में एक केमिकल फैक्ट्री में खड़े टैंकर से जहरीली गैस लीक होने से तीन लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग बीमार हो गए। मृतकों में फैक्ट्री मालिक भी शामिल है। जिला कलेक्टर महेंद्र खड़गावत ने बताया कि बाडिया इलाके में एक रिहायशी इलाके में अवैध रूप से संचालित फैक्ट्री में नाइट्रिक एसिड लीक होने से सोमवार देर रात 53 लोग बीमार हो गए। पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह के अनुसार, गैस की चपेट में आने से आसपास के कई लोग बीमार हो गए और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। फैक्ट्री मालिक सुनील सिंघल (47) की सोमवार रात मौत हो गई, जबकि दयाराम (52) और नरेंद्र सोलंकी ने मंगलवार को दम तोड़ दिया। सांस लेने में तकलीफ, सीने में भारीपन और उल्टी की शिकायत के बाद इलाके के लोगों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### स्थानीय लोगों में आक्रोश

गंभीर हालत में दो लोगों का अजमेर के जेएलएन अस्पताल में इलाज चल रहा है। फैक्ट्री के आसपास के लोगों को वहां से हटा दिया गया है। कलेक्टर खड़गावत ने जिले में बिना परमिट के चल रही फैक्ट्रियों का सर्वेक्षण करने के लिए नगर परिषद, राजस्व विभाग और पुलिस के अधिकारियों की एक समिति गठित करने के आदेश दिए हैं। इस घटना के बाद से आसपास के लोग दहशत में आ गए हैं। साथ ही लोग जिम्मेदार अधिकारियों को भी घेर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर अधिकारियों ने पहले ध्यान दिया होता तो इस तरह की घटना नहीं होती।

# 2030 तक वस्त्र-परिधान निर्यात का लक्ष्य 100 अरब डॉलर : केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह

**मुंबई।** भारत का वस्त्र-परिधान निर्यात 2030 तक बढ़कर 100 अरब डॉलर तक पहुंचने का लक्ष्य है। इसमें मेन मेड फाइबर वस्त्र (एमएमएफ) और तकनीकी वस्त्रों का निर्यात 21 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। दी मेन मेड एंड टेक्निकल टेक्सटाइल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल - मेटेक्सिल (पूर्व में एसआरटीईपीसी) के वार्षिक निर्यात पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने बताया कि विश्व में प्राकृतिक रेशे के वस्त्रों की बजाय मानव निर्मित रेशा (एमएमएफ) के वस्त्रों का ट्रेंड बढ़ रहा है, क्योंकि यह सस्ता है। अब एमएमएफ वस्त्रों के ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग के उपयोग के लिए शोध और विकास कार्य होना चाहिए। अब सततता और सर्कुलैरिटी की मांग बढ़ती जा रही है। इसलिए वैश्विक ब्रांड्स और रिटेलर्स ने सतत और पुनःचक्रणीय वस्त्रों पर ध्यान केंद्रित किया है। इसलिए उद्योग पर्यावरण मित्र और पुनःचक्रणीय एमएमएफ वस्त्रों की ओर बढ़ रहा है। तकनीकी वस्त्रों में नॉन-वोवन फैब्रिक्स का निर्माण बढ़ रहा है। यह थर्मल या रासायनिक प्रक्रिया हैं जिनके विशिष्ट लाभ हैं। इसलिए एशिया पैसिफिक और यूरोप में इनकी महत्ता बहुत अधिक है। मेटेक्सिल के चेयरमैन भद्रेश डोढ़िया ने बताया कि भारतीय एमएमएफ वस्त्र उद्योग को जो मुख्य समस्या हो रही है, वह प्रोसेसिंग और फिनिशिंग में तकनीकी कौशल



की कमी है। इसलिए एमएमएफ क्षेत्र के अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय प्लेयर्स के साथ सहयोग करना आवश्यक है, अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रौद्योगिकी को अपग्रेड करने और ऑटोमेशन बढ़ाने की आवश्यकता है। 2023-24 में उत्कृष्ट निर्यात कार्य प्रदर्शन करने वाली कंपनियों को विभिन्न श्रेणियों में 50 पुरस्कार दिए गए थे। इन विजेताओं में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, डी'डेकोर एक्सपोर्ट्स प्रा. लि., संगम इंडिया लिमिटेड, वर्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड, आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड, बनस्वारा सिंटेक्स लिमिटेड आदि शामिल थे। मेन मेड फाइबर वस्त्र क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवा प्रदान करने के लिए श्री धीरज शाह को एक्जम्प्लेरी कोंट्रिब्यूशन अवार्ड दिया गया था।

# दुष्कर्म मामले में जेल पहुंचा पादरी बजिंदर सिंह

**चंडीगढ़।** मोहाली की अदालत द्वारा रेप केस में उम्रकैद की सजा पाने वाला पादरी बजिंदर सिंह हरियाणा का है। उसका जन्म यमुनानगर में एक जाट परिवार में हुआ था। 2000 के दशक की शुरुआत में उसे हत्या के आरोप में जेल भेजा गया था। उसके ताल्लुकात कई राजनीतिक लोगों व अधिकारियों के साथ बने और उसकी सभा में आने वालों की संख्या बढ़ती ही चली गई। जेल में ही बजिंदर ने ईसाई धर्म अपनाया था। रिहा होने के बाद बजिंदर सिंह ने साल 2012 में प्रार्थना सभाएं करना शुरू कर दिया था। बजिंदर सिंह ने जालंधर के ताजपुर गांव में चर्च ऑफ ग्लोरी एंड विजडम की स्थापना साल 2016 में की थी। उसके चर्च की देशभर में 260 शाखाएं हैं। सबसे बड़ी चर्च मोहाली के न्यू चंडीगढ़ में है। वह चमत्कारिक उपचारों का दावा करता है, उसकी सभाओं में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ती है। बजिंदर सिंह की शाखाएं विदेश में भी हैं, इसमें अमेरिका, इजरायल, मॉरिशस, मलयेशिया, ऑस्ट्रेलिया तक का नाम है। उसके अनुयायी उसे 'पापा जी' कहकर बुलाते थे। खुद को प्रोफेट बताने वाला बजिंदर लोगों को एचआईवी, गूंगेपन और बहुत कुछ से ठीक करने का दावा करता है। उसे मेरे यशू-यशू से खासी लोकप्रियता मिली थी। जालंधर में द चर्च ऑफ ग्लोरी एंड विजडम'' का संस्थापक पास्टर बजिंदर विवादों में रहा है। दर्ज एफआईआर में महिला ने कहा है कि वह साल 2017 में बजिंदर सिंह के चर्च की टीम में शामिल हुई थीं। एफआईआर में यह आरोप लगाया गया है कि साल 2022 में अभियुक्त ने पीड़िता से छेड़छाड़ शुरू कर दी और कई बार गलत मैसेज भी भेजे। महिला ने बताया उन्होंने दिसंबर 2017 में जालंधर जिले के ताजपुर गांव स्थित ग्लोरी ऑफ विजडम चर्च नामक सत्संग में जाना शुरू किया था, 2020 में वह इस चर्च की टीम में शामिल हो गईं।



**अनुयायी कहते पापाजी, पीड़िता ने बताया साइको**



# नार्वेकर से मिले भारत जैन महामंडल के प्रतिनिधि

**मुंबई।** भारत जैन महामंडल का प्रतिनिधि मंडल 1 अप्रैल 2025 को मुंबई में विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट राहुल नार्वेकर से मिला। इस मुलाकात में भारत जैन महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सी.सी. डांगी ने मंडल के कार्यों और उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने 125 वर्ष पुराने इस मंडल के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला, जिसमें जैन एकता, संवत्सरी एकीकरण और व्यसन मुक्ति अभियान शामिल हैं। डांगी ने इस दौरान आगामी श्रमण भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याण महोत्सव हेतु विधानसभा अध्यक्ष को आमंत्रित भी किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में डॉ. रमणीक बक्शी, उत्तम शाह, कुमार जैन उपस्थित थे। यह मुलाकात जैन समाज की विभिन्न सामाजिक और धार्मिक पहलुओं को लेकर एक सशक्त संवाद का हिस्सा थी।

# "ऑपरेशन भौकाल" की बड़ी कामयाबी

**टॉप अपराधी दुर्जन सिंह का निकाला पैदल मार्च**



> ऑपरेशन भौकाल के जरिए हम अपराधियों को साफ संदेश दे रहे हैं कि या तो सुधर जाओ, वरना कानून अपना काम करेगा। इस घटना से लोगों में उम्मीद जगी है कि बाड़मेर में शांति और सुरक्षा का माहौल और मजबूत होगा। यह कदम हर नागरिक को प्रेरित करता है कि वे कानून का सम्मान करें और समाज को बेहतर बनाने में योगदान दे।
>
> **- नरेंद्र सिंह मीणा (पुलिस अधीक्षक)**

**बाड़मेर।** पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा के नेतृत्व में चलाए जा रहे "ऑपरेशन भौकाल" ने एक बार फिर अपराधियों के मन में खौफ पैदा कर दिया है। इस अभियान के तहत सख्त कार्रवाई का असर देखने को मिला, जब जिले के टॉप 10 अपराधियों में शामिल 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश दुर्जन सिंह ने कल पुलिस अधीक्षक के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद आज पुलिस ने शहर के मुख्य मार्गों पर दुर्जन सिंह का पैदल मार्च निकाला, ताकि लोगों में कानून का डर और भरोसा दोनों बढ़े। दुर्जन सिंह दिनदहाड़े ब्रिज पर मारपीट सहित कुल 8 आपराधिक मामलों में वांछित था। उसकी गिरफ्तारी से शहर में अपराध पर लगाम लगाने की दिशा में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। यह कार्रवाई न सिर्फ आम लोगों के लिए राहत की खबर है, बल्कि यह भी संदेश देती है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है।

# शाही लवाजमे के साथ निकली गणगौर की सवारी



**जोधपुर।** राजस्थान में सोमवार को गणगौर महोत्सव की धूम देखने मिली। राज्य की शाही परंपरा, लोक संस्कृति और आस्था का प्रतीक गणगौर महोत्सव 2025 इस बार और भी भव्यता के साथ मनाया गया। त्रिपोलिया गेट से शाही लवाजमे के साथ निकली गणगौर माता की सवारी ने पूरे शहर को उत्सवमय बना दिया। देशी-विदेशी पर्यटकों की भारी भीड़ इस ऐतिहासिक सवारी को देखने के लिए उमड़ी और राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नजदीक से अनुभव किया। जयपुर, जोधपुर, उदयपुर समेत पूरे प्रदेश में गणगौर की सवारी निकली। जयपुर में हाथी, ऊंट और घोड़ों के साथ गणगौर की शाही सवारी निकाली गई, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।

- **साढ़े तीन किलो सोने के गहनों से किया श्रंगार**

### पहली बार लाइव प्रसारण

- इस साल पहली बार सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा प्रदेशभर में लगी 200 एलईडी स्क्रीन्स के माध्यम से गणगौर महोत्सव का सीधा प्रसारण किया गया, जिससे वे श्रद्धालु भी इस दिव्य आयोजन का हिस्सा बन सके जो सवारी में शामिल नहीं हो पाए।

### पूर्व राजपरिवार ने निभाई परंपरा

- जयपुर के पूर्व राजपरिवार की महिला सदस्यों ने जनानी ड्योढ़ी में विधि-विधान से गणगौर माता की पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात गणगौर माता की सवारी निकली। पूर्व राजपरिवार के प्रमुख सवाई पद्मनाभ सिंह ने त्रिपोलिया गेट पर विधिवत पूजा-अर्चना के बाद नगर परिक्रमा के लिए रवाना किया।

### शोभायात्रा के विशेष आकर्षण

- 3 अतिरिक्त हाथी, 12 घोड़े, 6 सजे-धजे ऊंट और 2 विक्टोरिया बग्गी शामिल की गई। परंपरागत अनुयायियों के साथ पंखी, अडानी एवं चढ़ी धारक समेत कुल 24 व्यक्तियों का दल उपस्थित रहा। अरवाड़ा संप्रदाय के अनुयायियों ने विशेष पारंपरिक प्रस्तुति दी। गणगौर माता के स्वागत को 3 भव्य मंच तैयार किए गए। दो मंचों पर लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां हुईं, जबकि तीसरे मंच पर व्यापार मंडल के सदस्य और महिलाएं माता की पूजा और पुष्पवर्षा करती दिखीं।